✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख लाभुकों के खाते में राशि अंतरित करते सीएम नीतीश कुमार

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 131 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com

# बिहार में चुनावी समर का महाआगाज

## दो चरणों में होंगे चुनाव | 6 एवं 11 नवंबर को होगा मतदान | मतगणना 14 नवंबर को | 7.43 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** बिहार की 243 सीटों के लिए चुनावी समर का महाआगाज हो गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को नामांकन, वोटिंग और रिजल्ट की तारीखों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव दो फ़ेज में संपन्न होंगे। चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही बिहार में आचार संहिता लागू हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बिहार विधानसभा का चुनाव को लेकर मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा। रिजल्ट 14 नवम्बर को आएगा। पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों के लिए गजट अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर, जांच 18 अक्टूबर और नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर तय की गई है। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर 2025 को होगा। दूसरे चरण में 122 विधानसभा क्षेत्रों के लिए गजट अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, जांच 21 अक्टूबर और नाम वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित की गई है। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। दोनों चरणों की मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। पूरा चुनावी प्रक्रिया 16 नवंबर 2025 तक संपन्न हो जाएगी। श्री कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के 30 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार बिहार में कुल 7.43 करोड़ मतदाता हैं। इस मतदाता सूची में 3.92 करोड़ पुरुष और 3.50 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। 1725 ट्रांसजेंडर भी मतदान कर सकेंगे। बिहार में 20-29 वर्ष के 1.63 करोड़ युवा मतदाता हैं। इनमें से 14.01 लाख नागरिक ऐसे हैं जो पहली बार वोट देंगे। लोकतंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता और 4.04 लाख वरिष्ठ नागरिक भी सूची में शामिल हैं। इनके लिए वोटिंग सेंटर पर सुविधा दी जाएगी।

### 1350 मॉडल वोटिंग सेंटर बनाये जायेंगे

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि बिहार में कुल 90712 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। हर केंद्र पर औसतन 818 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 76801 केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में और 13911 केंद्र शहरी इलाकों में है। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि मतदान प्रक्रिया पर पूरी निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा, मतदाताओं को बेहतर अनुभव देने के लिए 1350 मॉडल मतदान केंद्र भी बनाए जायेंगे।

### निष्पक्ष चुनाव कराने की तैयारी



चुनाव आयोग ने बिहार में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयारी की है। मतदाताओं की सुविधा के लिए एक केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 कर दी गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी कर मतदाता सूची को सटीक बनाया गया है। पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

### 14 लाख नये वोटर्स करेंगे वोट

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में 14 लाख नये वोटर्स वोट डालेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में टोटल 7.43 करोड़ वोटर्स वोट डालेंगे। इनमें 3.92 करोड़ पुरुष वोटर और 3.50 करोड़ महिला वोटर्स होंगे। इसके साथ ही 4.04 लाख ऐसे वोटर होंगे जो 85 वर्ष से ऊपर के हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 1725, दिव्यांग वोटर 7.2 लाख और फर्स्ट टाइम वोटर 14.1 लाख हैं।

### सिर्फ 15 दिन में मिलेंगे नये वोटर कार्ड

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यह भी कहा कि जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में नए जुड़े हैं, उन्हें नए वोटर कार्ड मिलेंगे। दरअसल, पहले वोटर कार्ड मिलने में महीनों लग जाते थे। लेकिन अब सिर्फ 14 दिन के अंदर ही मिलेगा। इसके साथ ही पोलिंग बूथों पर भी खास व्यवस्थाएं वोटर्स के लिए होंगी।

### मोबाइल फोन ले जाने की होगी अनुमति

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुताबिक चुनाव के दौरान हिंसा पर जीरो टॉलरेंस की नीति चुनाव आयोग अपनायेगा। किसी भी तरह की अफवाह पर तुरंत एक्शन लिया जायेगा। इसके साथ ही पोलिंग बूथ पर मतदाताओं को मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत होगी लेकिन मतदान के दौरान वोटर्स को मोबाइल जमा करना पड़ेगा। दरअसल, मतदान कक्ष में जाने से पहले मोबाइल बाहर रखना होगा और वोट देने के बाद वे अपना फोन ले सकेंगे। किसी भी पोलिंग बूथ पर नहीं होंगे 1200 से अधिक वोटर चुनाव आयोग ने भीड़भाड़ वाले मतदान केंद्रों पर लगाम लगाने के लिए अहम कदम उठाया है। अब किसी भी पोलिंग बूथ पर 1200 से अधिक वोटर नहीं होंगे। साथ ही सभी बूथों पर 100% वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है ताकि मतदान प्रक्रिया पर लगातार नज़र रखी जा सके।

### ईवीएम पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें

पिछले चुनावों में ईवीएम पर ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों को लेकर शिकायतें आई थीं। कई मतदाताओं को उम्मीदवारों की पहचान करने में कठिनाई होती थी। इस बार निर्वाचन आयोग ने यह कमी दूर करते हुए ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें लगाने का निर्णय लिया है। साथ ही क्रम संख्या का फॉन्ट भी बड़ा किया जाएगा ताकि पहचान में कोई भ्रम न हो। यह कदम मतदान की पारदर्शिता और मतदाताओं के अनुभव–दोनों को बेहतर बनाएगा।

### डाक मतपत्रों की गिनती पहले

राजनीतिक दलों की मांग को ध्यान में रखते हुए आयोग ने यह भी तय किया है कि मतगणना में ईवीएम के अंतिम दो दौर से पहले डाक मतपत्रों (पोस्टल बैलट) की गिनती की जाएगी। अब तक इस प्रक्रिया को अंत में रखा जाता था, जिससे कभी-कभी विवाद की स्थिति बनती थी। इस बदलाव से नतीजों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता में बड़ा सुधार होगा।

### हर सीट पर पर्यवेक्षक, तकनीक से जुड़ेंगे बीएलओ

हर विधानसभा सीट पर एक वरिष्ठ अधिकारी को पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया जाएगा। ये अधिकारी अलग-अलग राज्यों से आएंगे और पूरी चुनावी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। इनके संपर्क नंबर इसीनेट और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। साथ ही बीएलओ यानी बूथ लेवल अधिकारियों से भी इसीनेट के ज़रिए सीधा संपर्क किया जा सकेगा।

### डिजिटल इंडिया की दिखेगी झलक

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि आयोग के पास इस समय 40 डिजिटल ऐप हैं, जो इसीनेट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। इन ऐप्स के जरिए मतदाता, अधिकारी और राजनीतिक दल विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में सीधे जुड़ सकेंगे। साथ ही 1950 हेल्पलाइन नंबर को भी और सुलभ बनाया गया है। अब मतदाता +91 और अपने क्षेत्र का एसटीडी कोड डालने के बाद 1950 डायल कर आयोग से सीधे संपर्क कर सकते हैं। राज्य में 243 क्टग (इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर) और पटना में सीइओ कार्यालय से भी मतदाता जुड़ सकते हैं।

### वोटर्स की सुविधा का रखा जा रहा ख्याल

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार बिहार में कुल 90,712 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां औसतन प्रति केंद्र 818 मतदाता रजिस्टर्ड हैं। इनमें से 76,801 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में हैं, जबकि 13,911 शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था (100%) की गई है। साथ ही, 1,350 मॉडल मतदान केंद्र भी स्थापित किए गए हैं ताकि मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### सात राज्यों में विस सीटों पर होगा उप चुनाव

चुनाव आयोग ने 7 राज्यों में विधानसभा सीटों पर उप चुनाव का ऐलान भी किया। जम्मू-कश्मीर में बडगाम और नागरोटा, राजस्थान में अंता, झारखंड में घाटसिला (एसटी), तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डम्पा और ओडिशा की नुआपाडा विधानसभा सीट शामिल है। यहां 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

### 6 नवंबर : प्रथम चरण

आलमनगर, बिहारीगंज, सिंघेश्वर (एससी), मधेपुरा, सोनबरसा (एससी), सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, कुशेश्वर स्थान (एससी), गौरा बौरम, बेनीपुर, अलिनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा, हायाघाट, बहादुरपुर, केवटी, जाले, गायघाट, औराई, मीनापुर, बोचहां (एससी), सकरा (एससी), कुढ़नी, मुजफ्फरपुर, कांटी, बरूराज, पारू, साहेबगंज, बैकुंठपुर, बरौली, गोपालगंज, कुचायकोट, भोर (एससी), हथुआ, सीवान, जीरादेई, दरौली (एससी), रघुनाथपुर, दरौंदा, बड़हरिया, गोरियाकोठी, महाराजगंज, एकमा, मांझी, बनियापुर, तरैया, मढ़ौरा, छपरा, गरखा (एससी), अमनौर, परसा, सोनपुर, हाजीपुर, लालगंज, वैशाली, महुआ, राजा पाकर (एससी), राघोपुर, महनार, पातेपुर (एससी), कल्याणपुर (एससी), वारिसनगर, समस्तीपुर, उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीननगर, बिभूतिपुर, रोसड़ा (एससी), हसनपुर, चेरिया-बरियारपुर, बछवाड़ा, तेघरा, मटिहानी, साहेबपुर कमाल, बेगूसराय, बखरी (एससी) अलाउली (एससी), खगड़िया, बेलदौर, परबत्ता, तारापुर, मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, शेखपुरा, बरबीघा, अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर (एससी), इस्लामपुर, हिलसा, नालंदा, हरनौत, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब, फतुहा, दानापुर, मनेर, फुलवारी (एससी), मसौढी (एससी), पालीगंज, बिक्रम, सन्देश, बरहरा, आरा, अगिआंव (एससी), तरारी, जगदीशपुर, शाहपुर, ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमरांव, एवं राजपुर (एससी)

### 11 नवंबर : दूसरा चरण

वाल्मीकि नगर, रामनगर (एससी), नरकटियागंज, बगहा, लौरिया, नौतन, चनपटिया, बेतिया, सिकटा, रक्सौल, सुगौली, नरकटिया, हरसिद्धि (एससी), गोविंदगंज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा, मधुबन, मोतिहारी, चिरइया, ढाका, शिवहर, रीगा, बथनाहा (एससी), परिहार, सुरसंड, बाजपट्टी, सीतामढ़ी, रून्नीसैदपुर, बेलसंड, हरलाखी, बेनीपट्टी, खजौली, बाबूबरही, बिस्फी, मधुबनी, राजनगर (एससी), झंझारपुर, फुलपरास, लौकहा, निर्मली, पिपरा, सुपौल, त्रिवेणीगंज (एससी), छातापुर, नरपतगंज, रानीगंज (एससी), फारबिसगंज, अररिया, जोकीहाट, सिकटी, बहादुरगंज, ठाकुरगंज, किशनगंज, कोचाधामन, अमौर बौंसी, कसबा, बनमनखी (एससी), रुपौली, धमदाहा, पूर्णिया, कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी (एससी), बरारी, कोढ़ा (एससी), बिहपुर, गोपालपुर, पीरपैंती (एससी), कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, नाथनगर, अमरपुर, धोरैया (एससी), बांका, कटोरिया (एससी), बेलहर, रामगढ़, मोहनिया (एससी), भभुआ, चैनपुर, चेनारी (एससी), सासाराम, करगहर, दिनारा, नोखा, डेहरी, काराकाट, अरवल, कुर्था, जहानाबाद, घोसी, मखदुमपुर (एससी), गोह, ओबरा, नबीनगर, कुटुम्बा (एससी), औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज (एससी), बाराचट्टी (एससी), बोधगया (एससी), गया टाउन, टिकारी, बेलागंज, अतरी, वजीरगंज, रजौली (एससी), हिसुआ, नवादा, गोबिंदपुर, वारसलीगंज, सिकंदरा (एससी), जमुई, झाझा एवं चकाई

## संक्षिप्त समाचार

### इंदिरा गांधी को गिरफ्तार करने वाले पूर्व सीबीआई अधिकारी का निधन

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को गिरफ्तार करने वाले सीबीआई के चर्चित अधिकारी एनके सिंह का रविवार रात दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 97 साल के थे। बिहार के मधेपुरा जिले के कुमारखंड निवासी एनके सिंह ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई। सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने परिवार के साथ दिल्ली में रह रहे थे, हालांकि वे साल में एक बार अपने पैतृक गांव जरूर आते थे।

### लापता किशोर का शव आहर में मिला

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** तीन दिनों से लापता किशोर का शव आहार में मिला है। अक्टूबर को दोपहर घर से निकला था, लेकिन शाम तक नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। मृतक शिवराज कुमार मंगरामा पंचायत के अमेठा गांव का रहने वाला था। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही शिवराज के पिता शंकर यादव, चाचा राजाराम यादव और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। पानी से शव निकाला गया। कपड़े और बेल्ट से उसकी पहचान हुई।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के चकबंदी रोड इलाके में 22 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका मिला है। मृतक की पहचान अधौरा थाना क्षेत्र के टोड़ी गांव निवासी बबलू यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार को बबलू की मां गीता देवी अपनी बहन के यहां गई हुई थीं। घर पर बबलू अकेला था। एक रिश्तेदार से सूचना मिलने पर जब मां घर लौटीं तो उन्होंने अपने बेटे को फंदे पर लटका पाया। उसके दोनों पैर बंधे हुए थे।

# 2025 में मौका दीजिए, एक करोड़ रोजगार देंगे : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को जिले के सकरा पहुंचे जहां उन्होंने 1333 करोड़ रुपए की लागत से 22 विकास की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में अगर जनता मौका देगी तो बिहार में एक करोड़ लोगों को रोजगार दिया जाएगा। नीतीश कुमार ने जनसभा के दौरान लालू यादव और उनके परिवार पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 2005 के पहले बिहार की हालत बेहद खराब थी लेकिन जब उनकी सरकार बनी तो हर क्षेत्र में सुधार किया गया। उन्होंने कहा कि जब हम आए थे तो कुछ भी ठीक नहीं था। हमने सड़कों को बनाया, बिजली हर गांव तक पहुंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में बुनियादी बदलाव किए। नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार से लगातार सहयोग मिल रहा है



और आने वाले दिनों में बिहार में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन किया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अगर 2025 में हमें फिर मौका दीजिएगा तो बिहार में एक करोड़ रोजगार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में राज्य में किए गए विकास कार्यों को गिनाया। कहा कि राज्य में सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने जनता के हित में लगातार काम किया है और आगे भी यही प्राथमिकता रहेगी। नीतीश कुमार ने अपने संबोधन के दौरान लालू परिवार पर सीधा निशाना बोला। उन्होंने कहा कि लालू यादव के परिवार ने सिर्फ अपने घर-परिवार के लिए काम किया। उन्होंने पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन बिहार के लिए कुछ नहीं किया। नीतीश कुमार के इस बयान पर सभा स्थल पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने जनता से कहा कि विकास और स्थिरता के लिए सरकार को दोबारा मौका दें।

# चार माह में सभी 243 विस क्षेत्रों में डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में अगले चार माह में डिजिटल लाइब्रेरी बन जाएगी। यहां युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी। सोमवार को वे अपने कार्यालय कक्ष से ऑनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना का उद्घाटन कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि हर जिले में एक जिला स्तरीय मॉडल डिजिटल लाइब्रेरी और पटना में एक राज्य स्तरीय मॉडल केंद्र बनेगा। पंचायत सरकार भवन, विकास भवन आदि में इसका संचालन हो सकता है। भवन की उपलब्धता नहीं रहने पर फैब्रिकेटेड भवन बनाए जाएंगे। इन केंद्रों से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से अध्ययन की सुविधा मिलेगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में सुधार आएगा। योजना के लिए 94.50 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 36.45 करोड़ पूंजीगत व्यय और 58.05 करोड़ संचालन व्यय होंगे। मंत्री ने कहा कि हर डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र में 10 कंप्यूटर टर्मिनल, हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी और ऑनलाइन अध्ययन सामग्री होगी। छात्र ई-कंटेंट, उच्च शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम सामग्री और इंजीनियरिंग, मेडिकल और क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन का उपयोग कर सकेंगे।

# वन विभाग में 2739 पदों पर नियुक्ति चुनाव बाद : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा है कि विभाग में 2739 पदों पर नियुक्ति विधानसभा चुनाव के बाद होगी। इस नियुक्ति के पदों का सृजन भी कर लिया गया है, जिसपर तीन अक्टूबर को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। मंत्री सोमवार को जैविक उद्यान के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी बताया का राज्य में आरा मिल मालिकों को लाइसेंस देने की सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। चुनाव के तुरंत बाद इन्हें लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। प्लाईवुड फैक्ट्रियों को भी अब राज्य में लाइसेंस मिलेगा जिससे 45 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मंत्री ने बताया कि बिहार को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने पर कई पहल किये गये हैं। बेतिया के उदयपुर झील आश्रयणी के आसपास विकसित ईको-पर्यटन सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। 4.94 करोड़ से बने इस परियोजना के तहत झील क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, आगंतुकों के लिए पैदल मार्ग, विश्राम स्थल, लाइटिंग तथा पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं का विकास किया गया है। मधुबनी के कुम्मर पोखर जैव विविधता पार्क का शिलान्यास किया गया, जिस पर 10.28 करोड़ खर्च होंगे। विक्रमशिला गांगेय डॉलफिन आश्रयणी (भागलपुर) के फ़ेज-1 परियोजना का भी शिलान्यास किया गया। आठ करोड़ से लुप्तप्राय गांगेय डॉलफिन के संरक्षण एवं आवास सुधार पर कार्य होगा।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख लाभुकों को मिले 10-10 हजार रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित संकल्प से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत आर्थिक सहायता के रूप में 10000 रूपये की प्रारंभिक राशि दी जाएगी। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरूकरने के बाद आकलन कर 2 लाख रूपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस योजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ महिलाओं की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी बल्कि राज्य के अंदर ही रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ. एस. सिद्धार्थ, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पटरी पर दौड़ी पटना मेट्रो, सीएम नीतीश ने दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहरवासियों को मेट्रो का इंतजार अब खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज (सोमवार) पटना मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दिन भूतनाथ से न्यू आईएसबीटी तक पहले फेज की मेट्रो के परिचालन का उद्घाटन किया गया। वर्तमान में यह मेट्रो सेवा 4.3 किलोमीटर रूट पर चलेगी, जो तीन स्टेशनों आईएसबीटी, जीरो माइल और भूतनाथ रोड के बीच संचालित होगी। पटना मेट्रो रेल कार्पोरेशन (पीएमआरएल) की तरफ से परिचालन की पूरी तैयारी कर ली गई थी। इस दिन उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और 9।35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखी। मेट्रो के कोच को मधुबनी पेंटिंग से खास तौर पर सजाया गया है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। कोचों में गेट, खिड़कियों और अंदरुनी हिस्सों पर गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप और नालंदा के खंडहर जैसे बिहार के विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के आकर्षक स्टिकर लगे हैं। आइएसबीटी से जीरो माइल का किराया 15 रुपये, वहीं न्यू आइएसबीटी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन का किराया 30 रूपये तय किया गया है। यानी पटना मेट्रो का फिलहाल न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये रहेगा। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए हर मेट्रो कोच में 360-डिग्री सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आपात स्थिति के लिए दो इमरजेंसी बटन और माइक्रोफोन की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इमरजेंसी में बटन दबाने पर यात्री सीधे मेट्रो रेल के ड्राइवर से बात कर सकेंगे और सीसीटीवी फुटेज भी कंट्रोल रूम में भेजी जाएगी। प्रत्येक कोच में कुल 138 सीटें हैं और उसमें 945 यात्रियों के खड़े होकर यात्रा करने की व्यवस्था है। पहले चरण में तो यह मेट्रो आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन से भूतनाथ रोड तक चलेगी। अभी इसका परिचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। हर 20 मिनट के अंतराल पर प्रत्येक स्टेशन पर मेट्रो मिलेगी। रोजाना मेट्रो 40 से 42 फेरे लगाएगी।

C M Y K

# मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में में केंद्रीय बलों की सात कंपनियां की होंगी तैनाती

## चुनाव में सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम, भारी संख्या में रहेगा पुलिस बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए मसौढी विधानसभा में तकरीबन सात कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस तैनात होंगी। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मसौढी विधानसभा में दो कंपनियां फिलहाल पहुंच गई है। जिसमें मसौढी प्रखंड के लिए एक कंपनी और धनरूआ प्रखंड के लिए एक कंपनी की तैनाती की गई है, जहां मसौढी प्रखंड के पीएलएस कॉलेज में और धनरूआ के बृजलाल प्रसाद महाविद्यालय में पुलिस फोर्स की ठहरने की जगह की व्यवस्था की गई है। जानकारी के अनुसार, एक सीएपीएफ कंपनी में लगभग 90-100 जवान होते हैं। इस हिसाब से मसौढी विधानसभा में सात कंपनियों की तैनाती की जानी है। जो चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी ड्यूटी निभाएंगे. अधिकारियों ने कहा कि इन बलों में वे इकाइयां भी शामिल होंगी, केंद्रीय बलों को न केवल मतदान वाले दिन बल्कि उससे पहले चुनाव प्रचार, नामांकन और मतगणना की प्रक्रिया के दौरान भी जिम्मेदारी दी जाएगी। उनका मुख्य काम मतदान केंद्रों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और किसी भी आपात स्थिति से निपटना होगा।

## मसौढ़ी धनरूआ में हटाए गए बैनर पोस्टर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान होते ही आचार संहिता का अनुपालन करते हुए मसौढी एवं धनरूआ में पदाधिकारी एक्टिव मोड में आ गए हैं और सभी बैनर पोस्टर हटाने की प्रक्रिया सोमवार की शाम से शुरू कर दी गई है। सार्वजिनक स्थानों पर लगें राजनीतिक दलों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर-बैनर को हटवाये गये है। पदाधिकारियों की टीम ने शहर का भ्रमण करते हुए आदर्श आचार संहिता को सख्ती से प्रभावी करने का निर्देश दिया।



एसडीएम ने संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों को वह सभी निर्णय लेने का निर्देश दिया जो आचार संहिता में लागू हैं। इसके अलावा बिना आदेश धरना प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बताया गया कि कोई भी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल अथवा संगठन किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि या किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रकाशन नहीं करेंगे, जिससे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। कोई भी व्यक्ति, राजनीतिक दल, संगठन किसी धार्मिक स्थल का उपयोग राजनीतिक प्रचार आदि के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे। कोई भी व्यक्ति, राजनीतिक दल, संगठन मतदाताओं को डराने, धमकाने एवं किसी भी प्रलोभन में लाने का कार्य नहीं करेंगे। बहरहाल प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार एवं धनरूआ में बीडीओ सीमा कुमारी की टीम सभी जगहो पर घूम-घूम कर बैनर पोस्टर हटाने की प्रक्रिया जुट गए हैं।

## बैंकों में उमड़ रही जीविका दीदियों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका दीदीयों के खाते में 10 हजार की राशी अंतरित कर दी है, उस दिन के बाद से सभी बैंकों में इस कदर जीविका दीदीयों की भीड़ उमड़ रही है कि प्रतिदिन बैंकों में हो हंगामे की स्थिति बन रही है। अफरा तफरी का माहौल बन रहा है। यह तस्वीर धनरूआ प्रखंड की है। जहां पर बैंक के गेट के पास लगी हुई भीड़ इस कदर है कि लोगों के बीच आपा धापी मचा हुआ है। धनरूआ के कई पंचायत से आए हुए जीविका दीदीयों की माने तो बैंकों में कोई माकूल व्यवस्था नहीं है जिसमें से हम सबों को पैसा निकासी करना तो



छोड़िए पहले हमें यह नहीं पता चल रहा है कि हमारे खाते में पैसा आया है या नहीं आया है। यह पता करने के लिए भी हम लोग बैंक आ रहे हैं, इसके अलावा कई गांव में कई लोगों ने अफवाह भी फैला दी है कि जिस जीविका दीदी के खाते में पैसा आया है जल्दी से निकासी कर ले नहीं तो वापस हो जाएगा। इस अफवाह को लेकर भी महिलाओं में पैसा निकासी करने की होड़ मची हुई है। प्रतिदिन विभिन्न बैंकों में ऐसे ही भीड़ उमड़ रही है जिसको लेकर कई जिविका दीदीयों का पैसा निकासी करने से वंचित हो जा रही है, तो कई महिला रोज आकर बैंक से वापस हो जा रही है, धनरूआ प्रखंड के नदपुरा गांव के राजमणि देवी, डुमरा गांव से कौशल्या देवी , छाती पंचायत से सुमित्रा देवी, शाहरू बाजार से राजकुमारी देवी, राढा गांव से सविता देवी, धमौल गांव समेत कई गांव से रोजाना जीविका दीदी बैंक पहुंच रही है लेकिन बैंक में उमड़ रही भीड़ के कारण महिलाओं को कई तरह की परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। वही बैंक कर्मचारी भी उमड़त हुए भीड़ से परेशान हैं। हालांकि कई जगहों पर बैंक में सर्वर फ़ेल हो जाने की वजह से भी काम नहीं हो पा रहा है।

## नल-जल बनाने गए पीएचइडी कर्मी को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के बारीबिघा पंचायत के हसनपुरा गांव स्थित वार्ड नंबर 5 में खराब मोटर की मरम्मती करने और नल जल को चालू करने गये पीएचईडी कर्मी को आक्रोशित ग्रामीणों ने पकड़कर घंटों बंधक बना कर रखा। हालांकि मारपीट भी करने का आरोप लगाया गया है। दरअसल बताया जाता है कि वार्ड नंबर 5 में पिछले कई दिनों से मोटर खराब हो जाने की वजह से नल जल बाधित हो गई थी। ग्रामीणों को नल जल का पानी नहीं मिल पा रहा था। जिससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर लगातार गांव के लोग पीएचईडी विभाग से संपर्क कर रहे थे नतीजन गांव के लोग काफी गुस्से में थे। ऐसे में सोमवार को पीएचईडी कर्मी खराब नल जल को बनाने के लिए पहुंचे थे जहां पीएचईडी कर्मी को देखकर गुस्साए सभी ग्रामीणों ने पकडकर उसे बंधक बना दिया जिसकी सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी सूचना दी और तुरंत इस पर पहल करते हुए उसे मुक्त कराया गया और चेतावनी दी की कर्मियों से बदसलूकी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, फिलहाल खराब मोटर की मरमती की जा रही है।

## 7.4 करोड़ लोग चुनेंगे नई सरकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में चुनावों की तारीखों का एलान हो चुका है। यहां दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को चुनाव होंगे और 14 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 7 करोड़ 41 लाख मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। यह आंकड़े आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी किए गए थे। एसआईआर के बाद राज्य में मतदाताओं की संख्या में करीब 41 लाख की कमी आई है। वहीं, 2020 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार पांच लाख से ज्यादा नए मतदाता वोट डालेंगे।

**एसआईआर के बाद कितनी बदली मतदाता सूची**

आगमी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार में चुनाव आयोग के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर करवाया गया। इसमें नए सिरे से बिहार में मतदाताओं की गणना की गई। यह प्रक्रिया जून से शुरू हुई थी जिसकी अंतिम सूची 30 सितंबर को आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई। 30 सितंबर 2025 को आई इस सूची के अनुसार बिहार में कुल 7,41,92,357 मतदाता पंजीकृत है। 2020 में यह आकड़ा 7,36,47,660 था। यानी, 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव में 5,44,697 मतदाताओं का इजाफा हुआ है। हालांकि, एसआईआर के बाद राज्य में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में 47,77,487 कमी आई है। 2025 के विधानसभा चुनाव में 3,92,07,804 पुरुष मतदाता वोट डालने के लिए पात्र हैं। 2020 में यह आंकड़ा 3,87,89,388 था। पिछले चुनाव के मुकाबले पुरुष मतदाताओं की संख्या में 4,18,416 का इजाफा हुआ है। महिला मातदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में कुल 3,49,82,828 महिला मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। 2020 में इनकी संख्या 3,48,55,815 थी। पांच साल में महिला मतदाताओं की संख्या में 1,27,013 का इजाफा हुआ है। इसके अलावा इस चुनाव में 1,725 अन्य मतदाता भी वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। 2020 में इनकी संख्या 2,457 थी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार में 18-19 आयु वर्ग के 14,01,150 युवा मतदाता हैं। 20-29 आयु वर्ग के 1.63 करोड़ मतदाता हैं। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 7,20,709 है। एसआईआर से पहले बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या 7,89,69,844 थी। एसआईआर के बाद 47,77,487 मतदाताओं को हटाया गया। आयोग ने बताया कि 22,34,136 मतदाताओं का मौत हो चुकी है। 6,85,000 मतदाता एक से ज्यादा बार दर्ज थे। 36,44,939 मतदाता स्थाई रूप से बिहार से बाहर चले गए। एसआईआर में दावे आपत्ति के बाद 3,66,742 मतदाता घटे हैं।

## मुजफ्फरपुर में ही पूरा होगा डॉक्टर बनने का सपना : डॉ. विपिन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** कैरियर सिटी कोटा के प्रमुख एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने बिहार की राजधानी पटना में अपनी स्थापना के सफलतम एक वर्ष पूरा करने के साथ ही राज्य के एक और प्रमुख शहर एवं मिथलांचल के मुजफ्फरपुर में सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। यह घोषणा सोमवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में की गई। देश में मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ साइंस ओलंपियाड की तैयारियों के लिए ख्याति प्राप्त कोटा के एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की मुजफ्फरपुर



में शुरुआत से स्थानीय अभिभावकों व विद्यार्थियों में उत्साह है। एलन मुजफ्फरपुर में वर्ष 2026-27 से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन-एडवांस्ड एवं कक्षा 6 से 10 (जूनियर डिवीजन) नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड कोर्सेज के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षाएं जनवरी माह से शुरू होंगी। मुजफ्फरपुर के नया टोला स्थित कलमबाग वार्ड संख्या 26 के मकान नंबर 316 में एडमिशन ऑफिस होगा, जबकि गन्नीपुर में पंजाबी कॉलोनी स्थित शिवमित्र टॉवर में स्टडी कैम्पस होगा। मुजफ्फरपुर के होटल द लैंडमार्क में आयोजित उद्घाटन समारोह में जोनल हैड एवं वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही जेईई डिवीजन के जोनल हैड कपिल बिरथरे, नीट डिवीजन के जोनल हैड हेमंत योगी, जूनियर डिवीजन के जोनल हैड विशाल केजरीवाल, एलन पटना के सेंटर हैड चेतन शर्मा एवं एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत दिवस-सह-सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में ग्राम प्लेक्स भवन में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान (17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक) सोमवार को स्वच्छ भारत दिवस-सह- सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर किया गया समापन। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई। जिसमें स्वच्छता लक्षित इकाई का परिवर्तन, प्रखंड एवं पंचायतो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, स्वच्छ एवं हरित पूजा पंडाल का निर्माण, सभी पूजा पंडालों की साफ -सफाई स्वच्छता रंगोली, डोर टू डोर जागरूकता अभियान,



स्वच्छता रैली, स्पोर्ट्स लीग, नो सिंगल यूज प्लास्टिक ड्राइव, जीविका दीदी के साथ स्वच्छता संवाद, एक दीया स्वच्छता के नाम, तथा एक पेड़ मां के नाम इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 स्वच्छता कर्मियों, 7 स्वच्छता पर्यवेक्षकों, पांच मुखिया, दो प्रखंड विकास पदाधिकारी को एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, नमामि गंगे को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्देशक डीआरडीए डॉ. रोहित कुमार मिश्र, निर्देशक राष्ट्रीय रोजगार कार्यक्रम सुदर्शन कुमार, जिला स्तरीय एलबीएसए टीम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक संबंधित पंचायत पर्यवेक्षक, संबंधित मुखिया मुखिया गण तथा संबंधित स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### नए कार्यपालक पदाधिकारी ने लिया पदभार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद मसौढ़ी को नये कार्यपालक पदाधिकारी मिल गया है। ऐसे में नए कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने सोमवार को विधवत तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया है, राजू रंजन भोजपुर के आरा पिरों से मसौढ़ी नगर परिषद में अपना योगदान दिया है। वही निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार का तबादला रहुई हो गया है। सोमवार को विधिवत तौर पर आगमन एवं विदाई समारोह का आयोजन नगर परिषद कार्यालय में सभी कार्यालय के कर्मचारियों ने की है। नगर परिषद के सभी कर्मचारियों ने आए हुए नए कार्यपालक पदाधिकारी का स्वागत बुके और शाल देकर किया है, वही निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार को विदाई की है। नवीन कुमार बीते 1 साल दो महीने से यहां कार्यरत थे, चुनाव के पहले इनका तबादला रहुई नगर पंचायत हो गया है। स्थाई सशक्त कमेटी सदस्य शंभु सिंह नपकर्मीयों में नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद, प्रधान लिपिक शिव प्रकाश, अमीन रामाधार कुमार यादव, मिशन प्रबंधक निकिता सिंह, राम अवतार शास्त्री, रवि रंजन कुमार, अंजनी कुमार गौतम कुमार,सौरव कुमार, आदि नप कर्मचारियों उपस्थित रहे।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ पुलिस ने बिते रविवार की देर शाम को विशेष अभियान चलाकर न्यायालय से प्राप्त अधिपत्र जिसमें गउड और इश्तेहार का निष्पादन किया गया, जिसमें 18 गउड और 03 इश्तेहार नाम अधिपत्र का निष्पादन किया गया है। जिसमें तीन वारंटी विनय कुमार पिता राजबल्लभ सिंह सुधीर यादव पिता अरविंद यादव, ओमप्रकाश गोप पिता रामशीष गोप को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा बहरामपुर ओपी के द्वारा शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### मारपीट मामले में चार पर केस दर्ज

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मालवाचक गांव की है जहां पर सर्वे के नाम पर दो गुटों में जमकर मारपीट और जानलेवा हमला करने की घटना हुआ है, इस पूरे मामले में पीड़िता मंजुला देवी पति मुकेश कुमार ने चार लोगों पर जानलेवा हमला करना, का केस दर्ज किया गया है। दरअसल दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर लिखा गया है की सर्वे के बहाने हमारे ससुर के पाटीदार दीना प्रसाद ने घर बुलाया उसके बाद अचानक लाठी डंडे से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया इसके साथ ही अनेश्वर प्रसाद, बबलू कुमार, अंशु कुमार लोहे का रॉड से मारपीट करने लगा, इसके साथ ही अंशु कुमार ने हमारे कपड़े फाड़ कर दिया, इस बीच हमारे ससुर पारस प्रसाद बचाने आए उन्हें भी लोहे के रॉड से मार कर जख्मी कर दिया, हमारी गोतनी पिक्कू देवी को भी गंभीर रूप से चोटिल कर दिया है जहां गंभीर अवस्था में हमारे ससुर को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है बहरहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

### सड़क हादसे में जख्मी महिला की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी पालीगंज मार्ग में मसौढी थाना क्षेत्र के पूरनचक के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप में जख्मी महिला का ईलाज के दौरान पीएमसीएच में उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान संगीता कुमारी पति रमेश कुमार खरौना गांव का निवासी बताया जाता है, मृतक संगीता देवी के पति रमेश कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल बताया जाता है कि बीते 16.9.2025 को अपने घर खरौना गांव से मसौढ़ी बाजार जा रही थी, उसी दौरान पुरनचक के पास तेज और लापरवाही से चलते हुए मोटरसाइकिल से ठोकर मार दी थी जिसके कारण गंभीर रूप में जख्मी हो गई थी, जिसे पीएमसीएच भेजा गया था, जहां इलाज चल रहा था और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस जांच मे जुटी है।

### हटवाया गए बैनर पोस्टर

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में विधान सभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रशासन के साथ नगर पंचायत के कर्मी हरकत में आ गए। बिक्रम नगर बाजार में सोमवार को शहीद चौक के आसपास बाजार में लगाए गए सभी पोस्टर बैनर एवं राजनीतिक पार्टी का झंडों को हटवाया गया। वही एसडीपीओ 2 पंकज कुमार एवं बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन जाँच अभियान चलाया गया।

### प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को दी गई विदाई

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड कार्यालय सभागार और प्रखंड प्रमुख कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अभिषेक कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। जिनका तबादला गया जिले के कोच प्रखंड में हुआ है। प्रखंड कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख किरानती देवी ने किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य नवलेश शर्मा, अखिलेश शर्मा, समाजसेवी सुबोध कुमार आदि उपस्थित थे। जबकि सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया अवधेश शर्मा ने किया। इस मौके पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार, सीओ रंजीत कुमार उपाध्याय, आरओ अलफिया, बीईओ नरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे। इस अवसर वक्ताओ ने कहा कि ईमानदार अधिकारी हमेशा याद किए जाते हैं। अभिषेक कुमार अपने कार्यकाल में जनता की सेवा पूरी ईमानदारी के साथ किए, जिसके लिए यहां की जनता उन्हें हमेशा याद रखेगी।

### अधिकारियों ने हटवायी होर्डिंग

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा प्रखंड मुख्यालय, मेनरोड, पचरूखिया बाजार, सिहाड़ी बाजार सहित विभिन्न जगहों पर लगाए गये राजनीति होर्डिंग को आचार संहिता लगते अधिकारियों ने घुम-घुम कर हटा दिया। बताया जाता है कि सोमवार को भारत निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लगा दिया गया है। जिसे लेकर बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, सीओ कौशल्या कुमारी ने सभी जगहों से राजनीति होल्डिंग को देर रात तक हटाया है। ब्लॉक परिसर, बसस्टैंड, नरसंन रोड सहित कई जगहों पर राजनीतिक होल्डिंग लगाया हुआ था जिसे अधिकारियों ने हटा दिया।

## शौचालय विहीन है उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी का एक ऐसा स्कूल है जहां न केवल छात्र-छात्रा बल्कि स्कूल के सभी महिला शिक्षक अपने-अपने घर से कम खाना खाकर और कम पानी पीकर स्कूल जाते हैं, यह मामला है, नूरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवां का, जहां पर स्कूल की बिल्डिंग तो बनी लेकिन शौचालय नहीं बना, जिस वजह से शौचालय नहीं रहने से कई तरह के परेशानियों का सामना सबों को करना पड़ता है। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत एक तरफ गांव में हर घर में हर घर शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मसौढी के इस विद्यालय में शौचालय के अभाव में न केवल छात्र-छात्र परेशान हो रहे



**परेशानी**

**स्कूल की बिल्डिग तो बनी लेकिन नहीं बना शौचालय। जब यह विद्यालय उत्क्रमित हुआ तो वह टोला पर दो मंजिला भवन वर्ष 2019 में बनी, उस वक्त इस विद्यालय में शौचालय नहीं बनवाया गया।**

**क्या कहते हैं अधिकारी**

**प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि विद्यालय में शौचालय नहीं है इसकी सूचना हमें मिली है लेकिन इस दिशा में पहल की जा रही है।**

हैं बल्कि उस विद्यालय के महिला शिक्षिका को भी को भी कई तरह के फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। नतीजन कई बार इस विद्यालय के महिला शिक्षिकाओं को गांव के अगल-बगल के घरों में जाना पड़ता है। जिससे कई बार उन्हें शर्मनाक स्थिति से भी जूझना पड़ रहा है। इस विद्यालय की कई महिला शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में शौचालय नहीं रहने के कारण कई बार हमें स्कूल से छुट्टी लेनी पड़ जाती है। वहीं इस स्कूल के बच्चे को घर जाना पड़ता है। इस विद्यालय में तकरीबन सात महिला शिक्षिका हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक समय यह विद्यालय गांव के अंदर में था, लेकिन जब यह विद्यालय उत्क्रमित हुआ तो वह टोला पर दो मंजिला भवन वर्ष 2019 में बनी, उस वक्त इस विद्यालय में शौचालय नहीं बनवाया जिस वजह से कई तरह की कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि विद्यालय में शौचालय नहीं है इसकी सूचना हमें मिली है लेकिन इस दिशा में पहल की जा रही है।

## एमबीबीएस में एडमिशन के लिए जमा किया था फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र, छह अभ्यर्थियों को पकड़ा गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से एमबीबीएस में एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान गलत दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा करने वाले छह अभ्यर्थियों को पकड़ा गया है। एफआइआर की प्रक्रिया जारी है। अब भी गलत दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों की जांच की जा रही है। जैसे ही विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से जांच पड़ताल के बाद दिव्यांगता प्रमाणपत्र की जानकारी प्राप्त हो रही है, वैसे ही उन आवेदनों को निरस्त कर दिया जा रहा है। बीसीइसीइ के ओएसडी अनिल कुमार ने बताया कि अब तक छह फर्जी प्रमाणपत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों को पकड़ा गया है। गलत प्रमाणपत्र जमा करने वाले छात्रों पर कार्रवाई की जायेगी। गलत तरीके से नामांकन लेने वाले पर प्राथमिकी भी दर्ज करायी जायेगी। इधर एमबीबीएस के सीट अलॉटमेंट में अभ्यर्थियों ने अनियमितता की शिकायत की थी। अभ्यर्थियों ने परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखकर दिव्यांग कोटि में बिना प्रमाणपत्र जांच किये अलॉटमेंट किये जाने की बात कही थी, जिसके चलते पहली और दूसरी काउंसेलिंग में वैसे अभ्यर्थियों को भी सीट अलॉटमेंट हो गया, जिन्होंने गलती से दिव्यांग कोटि में आवेदन कर दिया है। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी उसमें शामिल हैं, जो सामान्य कोटि के हैं, लेकिन बोर्ड द्वारा जांच नहीं किये जाने की स्थिति में फर्जी दिव्यांगता का प्रमाणपत्र देकर मेडिकल कॉलेजों में नामांकन कराने में सफल हो गये हैं। ऐसे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए बीते 24 सितंबर को नेशनल मेडिकल कमीशन ने सभी राज्यों के काउंसेलिंग बोर्ड को पत्र जारी कर दिव्यांगता जांच के लिए ऑल इंडिया के निर्धारित केंद्रों से निर्गत प्रमाणपत्रों के आधार पर दिव्यांग अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार करने के बाद काउंसेलिंग कराने का निर्देश दिया है।

## चुनाव आयोग की बिहार विधानसभा चुनाव की घोषित तिथियों का भाजपा ने किया स्वागत

# एनडीए गठबंधन चुनाव के लिए पूरी तरह एकजुट : डॉ. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चुनाव आयोग ने आज बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए तिथियों की घोषणा कर दी। इस घोषणा को लेकर बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ चुनाव आयोग द्वारा घोषित तिथियों का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि बिहार की जागरूक जनता हमेशा



लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ भाग लेती रही है। चुनाव आयोग ने दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। पहला चरण 6 नवम्बर को और दूसरा चरण 11 नवम्बर को होगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि 14 नवम्बर को फिर से बिहार की जनता एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने का निर्णय देगी। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने विश्वास जताते हुए कहा इस बार भी जनता लोकतंत्र को मजबूत करने और एनडीए के विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए भारी संख्या में मतदान करेगी। एनडीए गठबंधन इस चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार और एकजुट है। उन्होंने कहा कि जनता ने बार-बार एनडीए पर विश्वास जताया है और इस बार यह विश्वास और भी प्रचंड रूप से सामने आने वाला है। उन्होंने कहा कि एनडीए ने बिहार को जंगलराज के अंधकार से निकालकर विकास की नई रोशनी में लाया है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग सहित हर क्षेत्र में हमने नए मानक स्थापित किए हैं। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत से 14 नवम्बर को यह चुनाव जीतने जा रही है। बिहार के युवा, महिलाएं, किसान, गरीब, मजदूर, दलित, वंचित, पिछड़े और अति पिछड़े - सभी वर्ग इस बार एनडीए के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। एनडीए की जीत को लेकर विश्वास जताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि इस बार की जीत केवल जीत नहीं, बल्कि अब तक की सबसे ऐतिहासिक जीत होगी, जो आने वाले वर्षों में बिहार के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी बनेगी। 14 नवम्बर को सिर्फ परिणाम घोषित नहीं होंगे, बल्कि बिहार की जनता फिर से एनडीए की सरकार बनाने का ऐतिहासिक निर्णय देने जा रही है। उन्होंने कहा बिहार की जनता का फैसला विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में एक मजबूत कदम होगा।

## होल्डिंग टैक्स में वृद्धि के प्रोत्साहन हेतु वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि बिहार सरकार, नगर विकास एवं आवास विभाग का अधिसूचना ज्ञापांक 3056 04.10.25 के आलोक में बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 127(12), धारा 419 की उप धारा (1) एवं बिहार नगरपालिका संपति कर ( निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली, 2013 में निहित प्रावधान के आलोक में होल्डिंग टैक्स में वृद्धि के प्रोत्साहन हेतु वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू किया गया है। यह सुविधा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध होगी। यह योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। इस योजना के तहत अगर कोई व्यक्ति एक मुश्त में अपने बकाए होल्डिंग की राशि को जमा करना चाहता है तो उन्हें इंटरेस्ट एवं पेनल्टी से छूट मिलेगी। यह योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। उपरोक्त योजना का लाभ लोगों तक पहुंच सके, इसलिए प्रत्येक वार्डो में स्पेशल टीम में माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा और आवश्यकता अनुसार कैंप भी लगाया जाएगा। बताया गया कि यह योजना लोगों के लिए लाभकारी होगी क्योंकि ओटीएस ऑप्ट करने से आपको हर तरह की पेनल्टी से माफी मिल जाएगी।

# भाजपा-जदयू राज के अंत की शुरूआत : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज जैसे ही चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा की, वैसे ही यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा-जेडीयू के कुशासन का अंत शुरू हो चुका है।

पिछले 20 वर्षों से बिहार ने जिस अंधकार, भय और भ्रष्टाचार का बोझ झेला – अब उसके खिलाफ जनता की मुहर लगने वाली है। अब शुरूआत होगी जवाबदेही की, और अंत होगा भ्रष्टाचार और घोटालों का जिसने बिहार की रीढ़ तोड़ दी। कैग रिपोर्ट 2024 ने उजागर किया कि 70,877 करोड़ की राशि का कोई हिसाब नहीं –49,649 योजनाएं बिना उपयोग प्रमाणपत्र के पड़ी रहीं। पिछले पांच वर्षों में भाजपा-जेडीयू सरकार ने 3.59



लाख करोड़ बजट खर्च ही नहीं किया। बच्चों की शिक्षा, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण, कृषि, शहरी विकास – सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े। बिहार को लूट का एटीएम बना दिया गया जहां गरीबों के हक का पैसा अफसरों और माफियाओं के खातों में गया।

**सामाजिक न्याय की लड़ाई कांग्रेस लड़ेगी**

कांग्रेस ने 2011 में जातिगत जनगणना कराई, लेकिन मोदी सरकार ने उसकी रिपोर्ट दबाई। बिहार की जातिगत सर्वे रिपोर्ट ने बताया –अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों की आर्थिक स्थिति बदतर है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का संकल्प है –'गिनती भी होगी, गिनती में हिस्सेदारी भी होगी।'

सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और शिक्षा-स्वास्थ्य पर अधिकार कांग्रेस सुनिश्चित करेगी।

आज चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही बिहार में जवाबदेही की सुबह शुरू हो गई है। 20 वर्षों से भाजपा-जेडीयू ने बिहार की जनता को अपराध, गरीबी और पलायन का दंश दिया।

# जो गठबंधन कुर्मी समाज को चुनाव लड़ाएगी पटेल परिवार उसका समर्थन करेगा : अरुण कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कुर्मी विकास परिषद, बिहार एवं पटेल परिवार द्वारा कंकरबाग स्थित वेल फूड रेस्टोरेंट में 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर एक प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता को छत्रपति शिवाजी फाउंडेशन, बिहार के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय धानुक महासंघ, बिहार के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, अखिल भारतीय कुर्मी महासभा, बिहार के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह, कुर्मी विकास परिषद, बिहार के महासचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कुर्मी फाउंडेशन, बिहार के महासचिव राजीव पटेल, पटेल सेवा संघ, बिहार के पूर्व महासचिव ई. सुनील कुमार सिन्हा एवं सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र पटेल ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता को




संबोधित करते हुए छत्रपति शिवाजी फाउंडेशन, बिहार के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारी आबादी भारत के कुल आबादी का 24 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद कुर्मी समाज राजनितिक उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की जाति आधारित जनगणना के अनुसार कुर्मी समाज की आबादी 40 लाख से अधिक है फिर भी हमें हमारा राजनितिक हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव में जो भी गठबंधन कुर्मी समाज को चुनाव लड़ाएगी पटेल परिवार एवं उसके अंतर्गत जितने भी कुर्मी संघ है सभी उसका समर्थन करेगा। वहीं अपने संबोधन में अखिल भारतीय धानुक महासंघ, बिहार के अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने कहा कि पटेल परिवार का पटना जिला में 8-10 लाख आबादी होने के बावजूद भी कोई भी गठबंधन एक भी सीट पर चुनाव नहीं लड़ाता है। पटना जिला में कुल 14 विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें 8 विधानसभा क्षेत्र में कुर्मी समाज के निर्णायक वोटर हैं। इसीलिए राजनितिक दलों से हमारी मांग है कि इन आठ विधानसभा और खासकर कुम्हरार विधानसभा में कुर्मी समाज के प्रत्याशी को टिकट देने का काम करे। कुर्मी विकास परिषद, बिहार के महासचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर राजनीतिक दलों ने कुर्मी समाज के लोगों को इस विधानसभा चुनाव में पटना जिला से प्रत्याशी नहीं बनाया तो हमलोग एकजुट होकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। कुर्मी फाउंडेशन, बिहार के महासचिव राजीव पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. लोहिया कहा करते थे कि भारत में कुर्मी समाज जिस दिन एकजुट हो जाएगा और अपनी ताकत पहचान जाएगा तो सदियों तक भारत की सत्ता कुर्मियों - पटेलों के पास ही रहेगी। पटेल सेवा संघ, बिहार के पूर्व महासचिव ई. सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि कुछ समय पहले बिहार में पटेल पटेल से 38 - 40 विधायक हुआ करते थे जो कालांतर में मात्र 8 विधायक पर ही पूरा समाज सिमट गया है। सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र पटेल ने सभी कुर्मी समाज से एकजुट होकर अपनी शक्ति प्रदर्शन करने का आवाहन किया।

# रेलवे आपदा प्रतिक्रिया और 'गोल्डन आवर' तत्परता को सशक्त करने हेतु समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** नई दिल्ली स्थित रेल भवन के रेलवे बोर्ड के पंचवटी कॉन्फ्रेंस कक्ष में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और भारतीय रेलवे आपदा प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता आरपीएफ की ओर से बी. वी. राव, महानिरीक्षक (प्रशिक्षण); एनडीआरएफ की ओर से नरेंद्र सिंह बुंदेला, महानिरीक्षक तथा आइआरआइडीएम की ओर से निदेशक श्री श्रीनिवास द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक) आर. राजगोपाल, महानिदेशक (मानव संसाधन) अरुणा नायर, महानिदेशक पीयूष आनंद, महानिदेशक सोनाली मिश्रा और एनडीआरएफ यू आरपीएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



यह साझेदारी रेलवे दुर्घटनाओं के दौरान एकीकृत राहत अभियानों और क्षमता निर्माण के लिए स्पष्ट संस्थागत ढांचा स्थापित करती है जिसमें 'गोल्डन आवर' यानी दुर्घटना के बाद का महत्वपूर्ण पहला घंटा जब जीवन बचाने के अवसर सर्वाधिक होते हैं पर विशेष बल दिया गया है। आरपीएफ की महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने कहा कि सभी हितधारकों के बीच प्रभावी सहयोग और समन्वय आवश्यक है तथा इस संदर्भ में मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार की जानी चाहिए। अपने संबोधन में रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक) आर. राजगोपाल ने कहा कि मानवजनित आपदाओं के साथ-साथ चक्रवात, भारी वर्षा और हीटवेव जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जेआर आरपीएफ अकादमी और आइआरआइडीएम की क्षमता निर्माण से जुड़ी पहलों की सराहना की, विशेषकर 'गोल्डन आवर' पर केंद्रित बचाव व राहत कार्यों के लिए। एनडीआरएफ के महानिदेशक पीयूष आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि आपदा प्रबंधन में शामिल सभी एजेंसियों को एक टीम के रूप में कार्य करना चाहिए। रेलवे की अन्य एजेंसियों को भी क्षमता निर्माण के प्रयासों में शामिल किया जाना चाहिए।

## दो चरण में चुनाव कराने का आयोग का निर्णय स्वागतयोग्य : मंगल पाण्डेय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने चुनाव आयोग द्वारा दो चरणों में बिहार विधान सभा चुनाव कराने के निर्णय का स्वागत किया है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि यह सुशासन और कानून के राज वाला बिहार है। इसलिए चुनाव आयोग ने दो चरणों में मतदान कराने का निर्णय लिया है। चुनाव आयोग के इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया है कि यह 2005 के पहले वाला नहीं बल्कि बदला हुआ बिहार है।

# कौमुदी महोत्सव में नीतू नवगीत ने की अपील- जरूर करें मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कौमुदी महोत्सव में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में जरूर से जरूर भाग लेने की अपील करते हुए अनेक लोकगीत प्रस्तुत किये। मतदाता जागरूकता अभियान के गीत, मिली जुली करा मतदनवां हो रामा वोटवा के दिनवा, करे मतदान चला बूढ़ा जवान भटके न नजरिया जैसे गीतों के माध्यम से उन्होंने श्रोताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान कर-के लोकतंत्र को सफल बनाएं । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की



मजबूती मतदान से ही है। सजग मतदाता राष्ट्र और प्रदेश का भाग्य विधाता होता है। कार्यक्रम में उन्होंने कई पारंपरिक लोकगीत भी गए जिनमें पटना से बैदा बुलायी द, नजरा गाईनीं गुइयां प्रमुख रहा। लीजेंडरी लोक गायिका शारदा सिन्हा को स्वरांजलि देते हुए नीतू नवगीत ने कहे तोसे सजना ये तोहरी सजनिया, पग पग लिए जाऊं तोहरी बलाइयां गीत गाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजेश केसरी ने मतदाता जागरूकता गीत के समय नीतू नवगीत के साथ संगत किया। संजय मिश्रा कैशियो पर, अभिषेक कुमार पैड पर और अमरनाथ जी ने ढोलक पर संगत किए ।

# सोनालीका ने कुल 20,786 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ देश भर के किसानों का एक बार फिर त्योहारों में उत्साह बढ़ाया है और कंपनी ने सितंबर 2025 में 20,786 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। यह उल्लेखनीय प्रदर्शन मजबूत घरेलू मांग और सोनालीका की प्रतिबद्धता से प्रेरित है जो भारतीय किसानों के लिए उत्पादकता बढ़ाने हेतु अनुकूलित ट्रैक्टर निर्माण करता है। त्योहारों की शुरूआत के साथ सोनालीका ने अगस्त 2025 से ही अपने सबसे बड़े वार्षिक ऑफर 'हैवी ड्यूटी धमाका' पेश कर दिया है जिससे किसानों को सर्वोत्तम तकनीक और उत्तम मूल्य पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराने में मदद मिली है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में ट्रैक्टरों पर जीएसटी में 12 प्रतिशत से कटौती करके 5 प्रतिशत कर दिया है जिसने किसानों के आत्मविश्वास को और मजबूत किया है और देशभर में हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों को और भी किफायती और सुलभ बनाया है। दुनिया के नंबर 1 एकीकृत ट्रैक्टर प्लांट द्वारा समर्थित, सोनालीका पूरे देश में बेहतर गुणवत्ता वाले ट्रैक्टरों और समय पर डिलीवरी की गारंटी देता है। अपने खास बाजार दृष्टिकोण और मजबूत ट्रैक्टर श्रृंखला द्वारा किसानों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सोनालीका पूरे देश में विकास, समृद्धि और त्योहारी खुशियों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

# एसीटीआरईसी, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने किया बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर के लिए भूमि पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने अपनी सीएसआर पहल के तहत टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के साथ मिलकर नवी मुंबई में एक ऐतिहासिक जी+11 मंजिला कैंसर हॉस्पिटल प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसमें एक मल्टीस्पेशियलिटी ब्लॉक और 60 बिस्तरों वाला बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) सेंटर बनाया जाएगा जो देश का सबसे बड़ा और दक्षिण एशिया के सबसे बड़े सेंटर में से एक होगा। यह हॉस्पिटल हर साल लगभग 1.3 लाख ओपीडी मरीजों को सेवा देगा और एक वर्ष में 600 से अधिक जीवनरक्षक बोन मैरो ट्रांसप्लांट सर्जरी करने की क्षमता रखेगा। लगभग 2.4 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में बनने वाला यह प्रोजेक्ट करीब 380 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा और इसके जुलाई 2027 तक शुरू होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट का निर्माण लार्सन एंड टुब्रो द्वारा ईपीसी मोड में किया जाएगा। देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने अपनी सीएसआर पहल के तहत, जिसे एनएसई फाउंडेशन के माध्यम से लागू किया जाएगा। नवी मुंबई स्थित एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर के साथ साझेदारी की है। एसीटीआरईसी की स्थापना टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) द्वारा की गई है जो भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुदान-सहायता प्राप्त संस्था है। इस साझेदारी के तहत नवी मुंबई स्थित एसीटीआरईसी कैंपस में जी+11 मंजिला मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ब्लॉक और बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर बनाया जाएगा। यह भवन पूरे एसीटीआरईसी कैंपस के लिए एक आउट-पेशेंट डिपार्टमेंट यूनिट के रूप में भी काम करेगा जहां एनएसई ब्लॉक के अलावा कैंसर उपचार के लिए 3 और इमारतों के निर्माण की योजना है। इस सुविधा के लिए भूमि पूजन समारोह रविवार को एनएसई और टीएमसी के गणमान्य व्यक्तियों और हितधारकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

## वर्किंग कमेटी की मीटिंग आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर जोन का वर्किंग कमेटी की मीटिंग 7 अक्टूबर यानी मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से रेलवे सामुदायिक भवन, पानी टंकी के पास खरखुरा कॉलोनी में होने जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा जी गया आ रहे हैं। इस मीटिंग में हाजीपुर जोन के पांचो डिविजन से प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस मीटिंग की आयोजन की सारी जिम्मेदारियां इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा को दी गई है जिसकी तैयारी के लिए मिथिलेश कुमार केंद्रीय कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में गया शाखा के सभी कामरेड लगे हुए हैं। उक्त जानकारी उत्तम कुमार मीडिया प्रभारी, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा गया ने दी।

# श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के द्वारा एकादशी द्वादशी को देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 1500 से 2000 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि इस भंडारे में आनंद डालमिया, संजय भालोठिया, मुकेश हिस्सरिया, जितेंद्र कुमार जीतू, राजेन्द्र मित्तल, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडिया, गोपी तुलस्यान, पवन शर्मा, अनुज गुप्ता, मोनू, विनोद थिरानी, सज्जन चौधरी, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, गोपी मित्तल, अजय शर्मा, सतीश खेमानी, केशव अग्रवाल, रिशव अग्रवाल, राजेश बजाज, सुभाष अग्रवाल सहित श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सभी सदस्यों की भागीदारी रही।

# मखाना महोत्सव-2025 का समापन

## कृषकों की भागीदारी, शोध, नवाचार और संस्कृति का अनुपम संगम रहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय मखाना महोत्सव का भव्य एवं ऐतिहासिक समापन के अवसर पर प्रधान कृषि सचिव पंकज कुमार ने बताया कि मखाना महोत्सव-2025 में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति से मखाना उत्सव केवल एक उत्सव ही नही, बल्कि बिहारवासियों को मखाना बोर्ड एवं मखाना के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस को तोहफा देकर मखाना उत्पादन और निर्यात हेतु समग्र विकास के साथ वैश्विक स्तर पर स्थापित करने, किसानों की समृद्धि, युवाओं को रोजगार एवं प्रदेश के विकास के लिए एक सुअवसर प्रदान किये हैं। उन्होंने कहा कि मखाना उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों - किसान, शोधकर्ता, उद्यमी, नीति-निमार्ता, निर्यातक और आमजन ने हजारो की संख्या में भाग लेकर मखाना महोत्सव को एक स्मरणीय और सफल उत्सव बना दिया। यह ओयाजन अपने उद्देश्य - 'गुणवत्तापूर्ण वैश्विक स्तर का मखाना' को अपने मूल रूप देने में सफल रहा और साबित कर दिया कि बिहार न केवल मखाना का मूल घर है, बल्कि वैश्विक मखाना क्रांति को राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित हुआ। मुझे अपार खुशी है कि बड़ी संख्या में दर्शकों ने महोत्सव का आनन्द लिया। आयोजन स्थल पर लगे स्टॉलों पर मखाना से बने विविध उत्पादों जैसे स्वाद में स्नैक्स, मिठाईयां, पाउडर आदि पैकेज्ड सामग्रियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हुये। इस आयोजन में लगभग 25 लाख रुपए का मखाना एवं मखाना आधारित उत्पादों की खरीदारी आगंतुकों ने की। साथ ही मखाना से बने व्यंजनों का स्वाद भी पटनावासियों ने काफी पसन्द किया। लगभग 50 हजार लोगों ने दो दिवसीय मखाना महोत्सव का लुत्फ उठाया।

# वोटिंग बूथ की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, बूथ नहीं तो वोट नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के परसावां पंचायत अंतर्गत रूपसपुर (सत्यवाहिनी) वार्ड संख्या 5 में वोटिंग बूथ नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए गांव में बूथ बहाली की मांग की। ग्रामीण शालिग्राम यादव, भूषण यादव, अवधेश यादव, धर्मेंद्र कुमार (वार्ड सदस्य), बिनोद कुमार यादवेंदु, वीरेंद्र यादव, रीता देवी, पिंकी कुमारी, रंजू कुमारी, विजय यादव (पूर्व वार्ड सदस्य) सहित




अन्य लोगों ने बताया कि गांव में लगभग 150 घर और 600 से अधिक मतदाता हैं। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव यहीं के सामुदायिक भवन में होते आए हैं, परंतु अब उसी भवन को जर्जर बताकर बूथ को दो किलोमीटर दूर जगदीशपुर में स्थानांतरित कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला पार्षद शरीफा कुमारी के सौजन्य से सामुदायिक भवन की मरम्मत हो चुकी है, फिर भी बूथ अन्य गांव में रखा गया है जहां विवाद की संभावना रहती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बूथ रूपसपुर (सत्यवाहिनी) में नहीं बनाया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में वोट बहिष्कार किया जाएगा। वहीं इस संबंध में जब बीडीओ बिपुल भारद्वाज से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अब चुनाव नजदीक है, अब बूथ का बदलाव संभव नहीं है।

# बज गयी चुनाव की रणभेरी

## 11 नवंबर को नवादा में होगा मतदान, 14 को होगी रिजल्ट की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/ डॉ पंकज कुमार सिन्हा

**नवादा**। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव 2025 का मतदान दूसरे चरण में 11 नवंबर को कराया जाएगा। चुनाव आयोग द्वारा किए गए इस घोषणा के बाद राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा संभावित प्रत्याशियों में उत्साह तेज हो गई है। चुनाव रूपी इस पर्व को मनाने के लिए ऐसे तो कार्यकर्ता और प्रत्याशी पहले से ही कमर कर चुके हैं लेकिन, जैसे ही चुनाव की रणभेरी बजी कार्यकर्ता और प्रत्याशी उत्साहित होकर इसे अंजाम देने में जुट गए हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से एक प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया कर्मियों को इसकी सूचना दी गई। द्वितीय चरण में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से भी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। नामांकन, स्क्रुटनी, नाम वापसी, मतदान और मतगणना तक किए जाने वाले प्रशासनिक व्यवस्था की तैयारी के लिए प्रशासन की ओर से हर स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभिन्न कोषांग का भी गठन किया जा रहा है। ऐसे तो नवादा जिले में पांच विधानसभा हैं और सभी पर चुनाव रोमांचक




होना है। विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अभी प्रत्याशियों की घोषणा किया जाना बाकी है। जैसे ही प्रत्याशियों की घोषणा होगी, चुनाव का रंग और भी रंगीन हो जाएगा। संभावित प्रत्याशियों द्वारा अपनी अपनी तैयारी जोरो से की जा रही है। गौरतलव है कि निर्वाचन आयोग द्वारा 6 अक्टूबर की शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मतदान से संबंधित जानकारी देते हुए रणभेरी फूंकी गई है। इससे पहले वर्तमान विधायकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में तीव्र गति से विकास कार्यों के शिलान्यास करने की झड़ी लगा दी गई है। अब देखना यह है कि यह कार्य पूरा होने तक वह फिर से विधायक बन पाते हैं या किसी दूसरे को ही इस उद्घाटन करने का मौका मिल पाता है। नवादा जिले के रजौली विधानसभा क्षेत्र सुरक्षित है। शेष चार नवादा, हिसुआ, गोविंदपुर और वारसलीगंज सामान्य सीट है। यहां से कोई भी अपनी दावेदारी करने हेतु नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

## शरद पूर्णिमा पर श्रद्धाभाव से मनाया गया गुरुपर्व धनियावां पहाड़ी मनोकामना धाम में उमड़े श्रद्धालु


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज (नवादा)**। ऐतिहासिक द्वापरकालीन धनियावां पहाड़ी मनोकामना धाम स्थित उदासीन संगत आश्रम में सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर गुरुपर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। आश्रम परिसर में भक्तों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना, हवन और आरती कर सुख-समृद्धि, शांति व आरोग्यता की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना और पूजन से हुई। इस अवसर पर महंथ सागर मुनि महाराज, सेवादास, पुरोहित अच्युतानंद पांडेय, जर्नादन पांडेय, संजय पांडेय, मतलु मिश्र, बबलू मिश्र, सुखदेव पांडेय, निरंजन पांडेय, महेश मुनि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच कड़ा प्रसाद और रोट का वितरण किया गया। आश्रम की यह परंपरा सौ वर्षों से अधिक पुरानी मानी जाती है। इसके संस्थापक ठाकुर दास जी थे, जो तेजस्वी और तपस्वी संत के रूप में प्रसिद्ध रहे। आश्रम में तीन दिनों तक भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें शुद्ध घी से बने प्रसाद का वितरण होगा। महंथ सागर मुनि महाराज ने बताया कि सात अक्टूबर (मंगलवार) को आश्रम परिसर में भव्य मेला आयोजित होगा। इस अवसर पर आसपास के गांवों के अलावा नवादा, बिहारशरीफ, शेखपुरा सहित कई जिलों से साधु-संतों और श्रद्धालुओं का आगमन हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्ति और उल्लास के माहौल में डूब गया।

# पावापुरी में 19 अक्टूबर से शुरू होगा भगवान महावीर महोत्सव का निर्वाण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव इस वर्ष 19 अक्टूबर से पावापुरी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भव्य रूप से आयोजित होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस पावन आयोजन का समापन 21 अक्टूबर को भगवान को निर्वाण लड्डू चढ़ाने के साथ किया जाएगा। दिगंबर मंदिर प्रबंधन समिति के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाओं का प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं में इस पवित्र अवसर को लेकर अपार उत्साह और भक्ति का वातावरण है। मंदिर के प्रबंधक अरुण कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 19 अक्टूबर को पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन प्रवचन, अभिषेक, आरती



और भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन होगा। देशभर से दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु पावापुरी पहुंचने लगे हैं और आने वाले दिनों में इनकी संख्या में बड़ी वृद्धि होने की संभावना है। मंदिर समिति के सदस्य चंदन जैन ने बताया कि 21 अक्टूबर को निर्वाण दिवस के अवसर पर भगवान महावीर स्वामी को पारंपरिक निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाएगा। इस दिन रथ यात्रा, प्रभात फेरी, भजन संध्या और सामूहिक आरती का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहेगा। समिति के अनुसार, इस बार का आयोजन पहले से अधिक भव्य और सुव्यवस्थित होगा। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, चिकित्सा और सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है ताकि हर आगंतुक को सुविधा और शांति का अनुभव हो सके। पावापुरी नालंदा जिले का एक प्रमुख जैन तीर्थस्थल है, जहां भगवान महावीर स्वामी ने 527 ईसा पूर्व में निर्वाण प्राप्त किया था। यह स्थान जैन धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। प्रतिवर्ष कार्तिक माह में यहां लाखों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा के संदेश आज भी समाज में प्रासंगिक है। निर्वाण महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालु न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं, बल्कि उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करने का प्रयास भी करते हैं।

# शोषितों, वंचितों, पिछड़ों के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित कर्पूरी छात्रावास में आज बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, छात्र एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। मंत्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक नेता नहीं, बल्कि समाज के शोषितों, वंचितों, पिछड़ों और अतिपिछड़ों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने समाज के हर तबके को समान अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मंत्री ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने गरीब विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, आरक्षण नीति, निशुल्क शिक्षा और बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जैसी कई योजनाओं की शुरुआत की। उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी बिहार के विकास के मार्गदर्शक हैं।

श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री




नीतीश कुमार भी कर्पूरी ठाकुर के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। "सबका साथ, सबका विकास" की भावना से प्रेरित होकर राज्य सरकार सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर उन्होंने कई विकास योजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार,विधान पार्षद रीना यादव, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव,जिला कल्याण पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह, छात्रावास अधीक्षक प्रो आनंद वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जद यू प्रवक्ता डॉ धनंजय देव, त्रिनयन कुमार, प्रदीप मुखिया, सकलदीप प्र इंदू चौहान, दिनेश साव, मनोज यादव, चौहान यादव, धनंजय मुखिया, महेंद्र कुशवाहा, संजीत यादव, टुन्नी कुशवाहा, सन्नी कुशवाहा, अमरेश कुमा,र मुन्ना मांझी, मुन्ना पासवान, भोला प्रसाद, आनंद देव, आर्यन सिंटू, कुशवाहा मन्नु पासवान, अशोक कुमार, सुधीर साव, जयन्त शर्मा, विश्वास सिंह, उपेन्द्र दिलवाला, आकाश कु, काजल दिवाकर कुमार, मंटू कुशवाहा, रामजन्म रविदास, संजीत पटेल, संजय प्र कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सफाइकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**कौआकोल**। प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में सफाईकर्मी के रूप में कार्य कर रहे सफाइकर्मियों ने सोमवार को प्रखण्ड कार्यालय का घेराव किया। इस दरम्यान सफाइकर्मियों ने बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिस पर बीडीओ ने सारी समस्याओं को लिखित रूप में देने की बात कही। ताकि उनलोगों की समस्याओं को वरीय पदाधिकारी के समक्ष पहुंचाया जा सके। सफाईकर्मियों का आरोप है कि उनलोगों का वेतन संस्था के माध्यम से मिलता है,जिससे संस्था के सम्बन्धित लोग उनलोगों का आर्थिक शोषण करते हैं। कर्मियों ने सरकार से सीधा बैंक खाता में मानदेय देने की मांग की है।

## आरटीपीएस कर्मियों की हड़ताल के कारण कामकाज रहा बाधित

**कौआकोल**। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सूबे के सभी आरटीपीएस कार्यालय में कार्यरत कर्मी शुक्रवार से ही हड़ताल पर हैं। जिससे कामकाज काफी प्रभावित हो रहा है। सभी कर्मियों के एक साथ हड़ताल पर चले जाने से आरटीपीएस कार्यालय में ताला लटका पड़ा रहा। जिससे प्रमाण पत्र बनवाने आये लोगों को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

# कई संपर्क पथों का नवादा विधायक ने किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा विधायक विभा देवी ने रविवार और सोमवार को नवादा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों लंबित विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर विकास की लंबी लकीरें खींच दी है। आचार संहिता लगने से पूर्व उन्होंने न केवल अपने विधायक फंड की समस्त राशि को विकास योजनाओं में झोंक दिया है बल्कि जरूरत के अनुसार अपनी निजी कमाई का हिस्सा भी लगाने में कोई संकोच नहीं किया है।

जैसे नारदीगंज प्रखंड के बभनौली सीताबिगहा गड़ही पथ के लिए विधायक विभा देवी ने रयती जमीन खरीदकर दान कर दिया और पथ निर्माण हेतु विधायक फंड से राशि भी निर्गत कर दी। इसके अलावे प्रथम चरण में कई अनुशंसित विभागीय योजनाओं का उद्घाटन भी विधायक द्वारा किया जा चुका है। नवादा नगर परिषद स्थित चमड़ा गोदाम दशरथ मांझी पथ से एन एच 31 तक संपर्क पथ का विधिवत उद्घाटन किया गया जिसमें विधायक के अलावे जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी



समेतविभागीय पदाधिकारी एवं स्थानीय नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। आंती से पकरीबरावां संपर्क पथ का शिलान्यास भी इसी कड़ी में किया गया। इसी प्रकार नारदीगंज प्रखंड के बभनौली से सीता बिगहा, बभनौली से गरही, एनएच 82 से फतेहपुर, ओडो से बेगुली, जगदीशपुर पथ , एनएच 82 से मियां बिगहा, एनएच 82 से दरियापुर, एनएच 82 से अब्दलपुर , एल 070 नारदीगंज से लोदीपुर जफरा, एल 074 से पड़रिया और झुमाडीह सिकंदरपुर पथ इत्यादि का कार्यारंभ हेतु विधिवत उद्घाटन कर विधायक विभा देवी ने शिलापट से पर्दा उठाया और 24 घंटे के अंदर ऐसे दर्जनों कार्य योजनाओं के निर्माण हेतु सारे रास्ते खोल दिए। इन संपर्क पथों के अलावे कोशला बभनौली में पीसीसी ढलाई, नाली ढक्कन, नारदीगंज मुस्लिम टोला से कब्रिस्तान तक ईंट सोलिंग पीसीसी ढलाई, नारदीगंज डीह स्थित तालाब में छठ घाट का उद्घाटन भी विधायक विभा देवी ने किया। इसी बीच विधायक ने केना पंचायत के खुटका सराय में भूमिपूजन कर छठ घाट निर्माण के लिए आवश्यक औपचारिकता पूरी कर दी। उद्घाटन के दूसरे चरण में भी गराही, खुशहाल बिगहा, फाजिलपुर, परमा, पन छक्का, खेदू बिगहा, तरौनी, चनना चातर इत्यादि गांवों में विभागीय योजना से संपर्क पथ का उद्घाटन एवं शिलान्यास विधायक विभा देवी एवं अन्य लोगों द्वारा किया गया।

# स्वीप आइकॉन डॉ. मानव ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान जोरों पर है। सोमवार को ज़िला स्वीप आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने हिलसा स्थित एस.यू. कॉलेज में छात्रों और युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मानव ने कहा कि "लोकतंत्र में हर वोट की क़ीमत होती है। सभी युवा मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में बंपर वोटिंग ज़रूर करें। उन्होंने कहा कि युवा ही लोकतंत्र के सारथी हैं, इसलिए उन्हें समाज में मतदान के महत्व को समझाना और दूसरों को जागरूक करना चाहिए। डॉ. मानव ने छात्रों से अपील की कि वे अपने गांव और मोहल्ले में




जाकर लोगों को मतदान की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होना लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि इससे व्यवस्था कमजोर होती है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए "पहले मतदान, फिर जलपान" "चाहे जो भी हो मजबूरी, वोट देना है बहुत जरूरी" डॉ. मानव ने बताया कि स्वीप के तहत जिले में लगातार इस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

# मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं को लेकर हुई अहम बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज़ हो गई हैं। अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोमवार को इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए डीसीएलआर रश्मि कुमारी एवं हिलसा विधानसभा क्षेत्र के लिए एसडीओ अमित कुमार पटेल की संयुक्त अध्यक्षता में सहायक निर्वाची पदाधिकारियों एवं विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से महिला एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बिजली, पानी, शौचालय, सुगम रास्ता एवं रैंप जैसी सुविधाओं से



संबंधित अद्यतन रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विभागों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिवेदन भेजा जाएगा। इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 390 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिसके कोषांग पदाधिकारी के रूप में एकंगरसराय सीओ विवेक कुमार को नियुक्त किया गया है। वहीं, हिलसा विधानसभा क्षेत्र में कुल 389 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, और हिलसा लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मधु कांत कुमार को कोषांग पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सामग्रि कोषांग, वाहन कोषांग, वीवीपैट कोषांग, बज्रगृह कोषांग, नामांकन कोषांग, अर्धसैनिक बल कोषांग, एसएसटी-एफएसटी टीम, सिंगल विंडो कोषांग समेत विभिन्न कोषांगों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर निर्वाचन पदाधिकारी उज्वल कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बृजेश कुमार मौर्य, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी चन्दलोक, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार, बीडीओ अमर कुमार, नंदकिशोर, सीडीपीओ रश्मि कुमारी, बीपीआरओ शौम्या, सीओ चेतना कुमारी, बीपीएम जीविका अर्चना कुमारी, बीइओ पुष्पा कुमारी, सीओ मोहित कुमार, मोहम्मद इकबाल अनवर, बीपीआरओ पंकज कुमार सिन्हा, बीडीओ संजय कुमार, सीओ किशोरी चौधरी, सीओ विवेक कुमार, आरो आयुष चंदा, बीसीओ अमित कुमार, सिन्टू, राजीव रंजन कुमार, अमरेश कुमार, रजनीकांत समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवादा : लिंक फेल रहने से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवा में त्रुटि आने के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । पारनवादा बुंदेलखंड स्थित डाकघर में पिछले चार अक्टूबर से लिंक फेल रहने की समस्या के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस संबंध में डाकघर के उप डाकपाल मनोज कुमार ने दूरसंचार विभाग को पत्र भेज कर लिंक सेवा शीघ्र बहाल करने की अपील की है। भेजे गए पत्र में कहा है कि लिंक नहीं रहने के कारण रुपयों की जमा निकासी नहीं हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं में असंतोष व्याप्त हो गया है। प्रतिदिन उपभोक्ता डाकघर का चक्कर लगाकर लौट रहे हैं। ऐसे में डाकघर में उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारे लग रही है। उपभोक्ता परेशान होकर हंगामा करने को मजबूर हो रहे हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा इस संबंध में कोई भी कार्रवाई यथाशीघ्र नहीं किए जाने के फलस्वरुप यह समस्या उत्पन्न हुई है।

# नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 के लोग जलजमाव से परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। नगर पंचायत के वार्ड संख्या-3 में एनएच-20 के किनारे अवस्थित तरवन्ना मोहल्ले में जलजमाव से दर्जनों घरों के लोग परेशान हैं। जलजमाव का मुख्य कारण मोहल्ले में नालियों का निर्माण नहीं होना बताया जा रहा है। मोहल्लावासी विजय चौधरी,सत्येंद्र कुमार,जितेंद्र कुमार,छोटन कुमार एवं ललिता देवी समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि नगर पंचायत को बने हुए चार वर्ष से भी अधिक समय चुका है। वहीं मुख्य पार्षद,उपमुख्यपार्षद एवं 14 वार्डों के पार्षदों का निर्वाचन हुए भी लगभग 3 वर्ष हो चुका है।इसके बावजूद नगर पंचायत पदाधिकारी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा हमलोगों की समस्या के निवारण हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने कहा कि बारिश के मौसम में परती पड़ी भूमि में घरों के नालियों के पानी का जमाव का स्तर बढ़ जाता है,वहीं बारिश के अलावे अन्य मौसमों में भी उन्हें जलजमाव की समस्या से जुझना पड़ रहा है।जलजमाव के कारण पानी से जन्म लेने वाली बीमारियां टाइफाइड बुखार, कॉलेरा,जॉन्डिस या पीलिया, लेप्टोस्पायरोसिस और हेपेटाइटिस ए से लोग पीड़ित हो रहे हैं। वहीं जलजमाव के कारण मच्छरों और कीड़े-मकौड़ों की संख्या भी काफी बढ़ गई है एवं मच्छरों व कीड़े-मकोड़ों से होने वाली बीमारियों मलेरिया, डेंगू,चिकनगुनिया व येलो फीवर समेत कई अन्य रोगों से लोग ग्रसित हो रहे हैं।नगर पंचायत प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर वार्ड संख्या-3 में नालियों का निर्माण नहीं करवाकर डालबंगला चौराहा जैसे कम आबादी वाले क्षेत्र में नालियों का निर्माण किया जा रहा है। पीड़ित मोहल्ले वासियों का कहना है कि जलजमाव से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के अलावे उनके आवागमन के रास्ते बंद पड़ा हुआ है और खेत में उपजने वाले फसल की उपज बाधित है। लोगों ने कहा कि दर्जनों बार नगर पंचायत प्रशासन को लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई है,किंतु आज तक सिर्फ उन्हें आश्वासन ही मिला है। मोहल्लेवासियों ने जलजमाव की समस्या को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड संख्या-3 के वासियों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। साथ ही कहा कि लोगों को जलजमाव से मुक्ति के दिशा में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# सर्पदंश से घायल अधेड़ पहुंचा अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के जमुनदाहा गांव में सोमवार को खेत में काम करने के दौरान एक अधेड़ को सांप ने काट लिया।परिजनों ने सर्पदंश से पीड़ित अधेड़ को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. राघवेंद्र भारती ने बताया कि जमुनदाहा गांव निवासी सुखदेव सिंह के 45 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र सिंह ने बताया कि वे सर्पदंश से घायल हैं। घायल व्यक्ति के स्वास्थ्य की जांच कर जरूरी दवाइयां देकर प्राथमिक इलाज किया गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायल व्यक्ति को अस्पताल परिसर में रखकर उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की गई। कुछ घंटे अस्पताल में रहने के बाद जब व्यक्ति पूर्णतः स्वस्थ हुआ,तब उन्हें वापस घर भेज दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार हमारे क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सांप की प्रजातियां पाई जाती है,जिनमें कुछ ही प्रजातियों के सांप में विष पाया जाता है। साथ ही बताया कि कई बार जहरीले सांप के काटने से घायल व्यक्ति झाड़-फूंक में अपना समय बर्बाद कर देते हैं और जब स्थिति ज्यादा खराब होती है, तो वे सर्पदंश से पीड़ित लोगों को अस्पताल ले जाते हैं।

# माडर्न करियर लान्चर में क्रैश कोर्स का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के माडर्न करियर लान्चर में सोमवार को क्रैश कोर्स का उदघाटन कार्यक्रम हुआ। निदेशक नीरज कुमार शिक्षक शैलेन्द्र कुमार, शिक्षक आयुष्मान, शिक्षक राकेश कुमार, कन्हैया कुमार, सचिन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान इसी शिक्षण संस्थान के पुराने छात्र कन्हैया कुमार (वायु सेना) सचिन कुमार (आर्मी जवान) ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए कहा मेहनत से ही सफलता कि ऊंचाई छुई जा सकती है। बेहतर करने व जीवन को सफल बनाने के लिए कठिन परिश्रम जरुरी है। इस दौरान



बच्चों को पढ़ाई करने के लिए कई टिप्स दिये गये। किसी भी कार्य को शुरू करने के लिए कार्य योजना होना जरुरी है। तभी सफलता मिलती है। जीवन को हमेशा अनुशासन में हीं जीना चाहिए। अनुशासन में रहकर ही लोग महान बन सकते हैं। सेना में अनुशासन का ज्यादा महत्व है । हम सभी को अनुशासन का पालन करना चाहिए। अगर आप अच्छे अंक लाना चाहते है तो अनुशासन के साथ स्मार्ट तरीके से पढ़ाई करें टेक्निक और ट्रिक का सहयोग ले सुन्दर लिखावट हो। मौक़े पर मनीष कुमार, सिंटू कुमार, अंकित कुमार शिवानी कुमारी, रौशनी कुमारी, प्रिया कुमारी, मोनी कुमारी अन्य उपस्थित हुए।

# मगध सम्राट जरासंध की प्रतिमा खंडित करने पर चंद्रवंशियों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। गयाजी जिले में मगध सम्राट जरासंध की प्रतिमा खंडित करने पर नवादा जिला चंद्रवंशी समाज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस मुद्दे पर राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह ने गया जी प्रशासन से बात कर उचित कार्रवाई करने और दोषियों को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। नवादा जिला अध्यक्ष चंद्रवंशी चेतना मंच के चंदन सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि यह किसी असामाजिक तत्वों की करवाई है, ऐसे लोगों को




चिन्हित करते हुए स्थानीय प्रशासन कार्रवाई करें। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति नहीं हो। चंदन सिंह चंद्रवंशी ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर नवादा जिला चंद्रवंशी परिवार आंदोलन चलाएगा।

# एसडीओ ने विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र अनुमंडल पदाधिकारी, बिहार शरीफ के नेतृत्व में सोमवार को 172 बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने मतदान केंद्रों पर एएमएफ की उपलब्धता की जांच की। इसमें पेयजल, शौचालय, बिजली, रैम्प, प्रतीक्षालय आदि मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ ने जिला परिषद



कार्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैंसासुर, उर्दू प्राथमिक विद्यालय बारादरी, मदरसा असरिया इमादपुर, तथा सामुदायिक भवन शिवपुरी में बनाए गए मतदान केंद्रों का जायजा लिया। अधिकारियों ने सभी मतदान केंद्रों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और दिव्यांगजन सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी बिहारशरीफ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बिहारशरीफ उपस्थित थे।

# गया जिले की 10 विधानसभा सीटों पर 11 नवंबर को होंगे मतदान

## सभी बूथों पर होंगे सुरक्षा के कड़े प्रबंध, डीएम-एसएसपी ने दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। इस दौरान चुनाव को लेकर कई अहम जानकारियां उपलब्ध कराई गई।

इस संबंध में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि गया जिले के 10 विधानसभा सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होंगे जबकि 14 नवंबर को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर से नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू होगी 21 अक्टूबर को स्क्रूटनी होगी जबकि 23 अक्टूबर को नाम वापसी होगी। उन्होंने बताया गया जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 29 लाख 69 हजार 435 है जिसमें पुरुष मतदाता 15 लाख 63 हजार 126 है जबकि महिला मतदाता 14 लाख 6273 है। वहीं अन्य मतदाता की संख्या 36 है। उन्होंने कहा कि इस बार 50969 नए मतदाता जुड़े हैं जो मतदान करेंगे। जिले में कुल मतदान केंद्र की संख्या 3866 है। इसके अलावा एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी बूथों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध होंगे। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

## कोंच थाने के थानाध्यक्ष का तबादला, सुदेह कुमार ने संभाली कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए गया जिले में पुलिस पदाधिकारियों के बीच व्यापक स्तर पर तबादला किया गया है। इसी क्रम में कोंच थाने के थानाध्यक्ष शैलेश कुमार का तबादला जहानाबाद जिले के घोसी थाना में कर दिया गया है। उनके स्थान पर सुदेह कुमार को कोंच का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे उन्होंने औपचारिक रूप से योगदान दिया। योगदान के बाद नए थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की और अपराध नियंत्रण को लेकर कड़े कदम उठाने की बात कही। वहीं, आउटगोइंग थानाध्यक्ष शैलेश कुमार के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण मामलों का निष्पादन किया गया था।

# सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता मंत्री प्रेम कुमार ने दोहराई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** गया जी में आयोजित सहकारिता सम्मेलन, मगध प्रमंडल कार्यक्रम में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का आयोजन सहकारी भूमि विकास बैंक समिति, बुद्ध मार्ग, पटना एवं बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (हाउसकोफेड), पटना की ओर से किया गया। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने अपने अभिभाषण में कहा कि सहकारिता न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का आधार है, बल्कि सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम भी है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के हर पंचायत और शहरी निकाय स्तर पर सहकारिता की पहुंच को मजबूत किया जाए ताकि ग्रामीण एवं शहरी गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं को डिजिटल रूप में सशक्त किया जा रहा है ताकि पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा मिले। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी कहा कि सहकारी बैंकों, दुग्ध संघों, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों तथा हाउसिंग कोऑपरेटिव्स को नई ऊर्जा देने हेतु कई नवाचार योजनाएं लागू की जा रही हैं। सहकारिता का उद्देश्य केवल व्यवसायिक लाभ नहीं बल्कि सामाजिक विकास और जनकल्याण है।

# मगध विश्वविद्यालय में मेंटल हेल्थ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर विभाग, मनोविज्ञान एवं काउंसलिंग सेल द्वारा आईक्यूएसी के अंतर्गत माइंड मैटर्सः नेविगेटिंग द मेंटल हेल्थ मेज ऑफ मॉडर्न यूथ विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी मेंटल हेल्थ अवेयरनेस वीक (6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025) के शुभारंभ अवसर पर आयोजित की गई, जो मनोविज्ञान विभाग और परामर्श प्रकोष्ठ की ओर से सप्ताहभर चलने वाली जन-जागरूकता पहल है। इस वर्ष का वैश्विक विषय है – एक्सेस टू सर्विसेज-मेंटल हेल्थ इन कैटस्ट्रॉफीज एंड इमरजेंसीज। इस पहल के अंतर्गत स्लोगन लेखन, पोस्टर एवं कोलाज निर्माण, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों और समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और संवाद स्थापित करना है। सप्ताह का समापन 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर किया जाएगा। इस वर्ष का संदेश है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक समान और सुलभ पहुंच सभी को होनी चाहिए, विशेष रूप से संकट या आपदा की स्थिति में। संगोष्ठी का संचालन हिमालय तिवारी और प्रगति चतुर्वेदी ने किया। आयोजन सचिव प्रभात रंजन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय कुलगीत से हुई और स्वागत भाषण सुनीति सुमन ने दिया। विषय परिचय मीनाक्षी ने प्रस्तुत किया जबकि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार बी. के. मंगळम ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर देशभर से कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर गगन जैन ने माइन्डफुलनेस पर व्याख्यान दिया। एसएमबीटी समूह संस्थान, नासिक की प्रमुख-क्लिनिकल मनोविज्ञान, कविता शंकर गडाडे ने सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार साझा किए। वहीं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुपति की काउंसलिंग मनोवैज्ञानिक नीरजा पदीगपाटी ने योग और मानसिक स्वास्थ्य के संबंधों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति एस. पी. शाही ने की और अपने संबोधन में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विश्वविद्यालयों की भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सुप्रीति सुमन के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन में रविंद्र सिंह की सक्रिय भूमिका रही। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी ने शिक्षाविदों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और विद्यार्थियों को एक साझा मंच पर लाकर आधुनिक युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर विचार-विमर्श और ज्ञान साझा करने का सशक्त अवसर प्रदान किया।

# मंत्री प्रेम कुमार ने किया 30 करोड़ की लागत से विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत गया नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर डॉ० प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गया नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। शहर के प्रत्येक वार्ड में नाली, सड़क, पार्क, घाट, चबूतरा एवं सामुदायिक भवन जैसे बुनियादी सुविधाओं के विकास से आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह सभी परियोजनाएं शहर की संरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगी तथा नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगी। मंत्री डॉ प्रेम कुमार के अनुशंसा पर पथ निर्माण विभाग द्वारा चार सड़कों का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पथ निर्माण विभाग द्वारा टेकारी रोड कारू टी शॉप से बारी रोड भाया भदानी कोल्ड स्टोरेज तक पथ मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास 88 लाख के लागत से किया। स्वराजपुरी मोड़ से हनुमान मंदिर भाया टेकारी रोड तक पथ मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास 2 करोड़ 47 लाख के लागत से किया। डॉ मेहरा से जीबी रोड भाया बारी पथ छाता मस्जिद तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास एक करोड़ 40 लाख के लागत से किया। गेवाल बीघा दुर्गा स्थान से एनएच-83 भाया पुलिस लाइन लिंक पथ से एनएच-83 तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास 10 करोड़ 79 लाख के लागत से किया।

वहीं जिला खनिज फाउंडेशन द्वारा वार्ड संख्या 10 जनता कॉलोनी में चापाकल जलापूर्ति 96 लाख 800 के लागत से शिलान्यास किया। वार्ड संख्या 15 मुरारपुर गुरुद्वारा मोड़ के पास चापाकल 96 हजार 800 के लागत से किया। वार्ड संख्या 20 दवा मंडी बैंक ऑफ बड़ौदा के पास चापाकल 96,800 के लागत से शिलान्यास किया। वार्ड संख्या 14 लहेरिया टोला शिव मंदिर के पास चापाकल 96,800 के लागत से किया। वार्ड संख्या 44 पेयजल आपूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास 23 लाख 9 हजार के लागत से किया। वार्ड संख्या 16 महादली टोला में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 6 लाख के लागत से किया। वार्ड संख्या 44 कपिलधारा में कौशल विकास केंद्र का निर्माण का शिलान्यास 6 लाख के लागत से किया। वार्ड संख्या 44 में सामुदायिक कौशल विकास केंद्र का निर्माण 17 लाख 70 हजार के लागत से किया। वार्ड संख्या 29 में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 45 लाख 7 हजार के लागत से किया। वार्ड संख्या 29 में कौशल विकास केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास 17 लाख 27 हजार के लागत से किया। वार्ड संख्या 10 में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 16 लाख 9 हजार के लागत से किया। वार्ड संख्या 27 धनिया बगीचा में नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास 5 लाख 5 हजार के लागत से किया।

# दिवंगत शिक्षक कन्हाई प्रजापत के परिवार को शिक्षक संघ ने दिया आर्थिक सहयोग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ इकाई कोंच की ओर से दिवंगत शिक्षक कन्हाई प्रजापत की पत्नी को सोमवार दोपहर 3 बजे 47 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। संघ के नेता रंजीत कुमार ने बताया कि लगभग 23 दिन पूर्व प्राथमिक विद्यालय मुसहरी बिगहा में कार्यरत शिक्षक कन्हाई प्रजापत (42 वर्ष) का कैंसर से निधन हो गया था। वे कोंच थाना क्षेत्र के कुरमावां गांव निवासी थे और इलाज के दौरान पटना में उनकी मृत्यु हुई थी। शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से मृतक के आश्रित परिवार को यह राशि दी गई। इस अवसर पर दिग्विजय कुमार सिंह, माधवेंद्र कुमार, राम कुमार सिंह, मीणा कुमारी, आरती कुमारी, जावेद अख्तर सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। बताया गया कि दिवंगत शिक्षक अपने पीछे तीन पुत्री और एक पुत्र छोड़ गए हैं।

## मगध विश्वविद्यालय में विधि केंद्र (एल.एल.एम.) का शुभारंभ

# विधि शिक्षा अब न्यायालयों तक सीमित नहीं : एस पी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में सोमवार को विधि केंद्र (एल.एल.एम.) और एस.एन. ब्लॉक का शुभारंभ बड़े ही गरिमापूर्ण माहौल में किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अजय कुमार (डीन, लॉ, सी.एन.एल.यू., पटना), प्रो. पवन कुमार मिश्रा (डी.एस.डब्ल्यू. एवं डीन, सी.यू.एस.बी., गया), प्रो. बी. आर. के. सिन्हा (प्रो-वीसी, मगध विश्वविद्यालय), प्रो. ब्रजेश कुमार (अध्यक्ष, छात्र कल्याण) और प्रो. बी. के. मंगलम (कुलसचिव) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार पांडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने कहा कि आज विधि शिक्षा न्यायालयों की सीमाओं से बहुत आगे निकल चुकी है। अब यह समाज के हर क्षेत्र में आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा एक समय था जब विधि की पढ़ाई वकालत तक सीमित मानी जाती थी, पर आज यह सामाजिक सरोकार, अधिकारों की सुरक्षा और न्याय की समझ के लिए अपरिहार्य है। मुख्य अतिथि प्रो. अजय कुमार ने कहा कि विधि की उच्च शिक्षा युवाओं में संवैधानिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि एल.एल.एम. पाठ्यक्रम से विश्वविद्यालय में शोध और विधिक विमर्श का नया अध्याय शुरू होगा। विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश नलिन कुमार पांडे ने कहा कि ह्पूरे बिहार में यह तीसरा विश्वविद्यालय है जहां एल.एल.एम. की पढ़ाई शुरू की जा रही है। यह न केवल विश्वविद्यालय बल्कि गया जिले के लिए भी गौरव की बात है। विधि केंद्र के डीन डॉ. डी. एन. मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विधि केंद्र की स्थापना लंबे समय से लंबित थी जिसे कुलपति के दूरदर्शी नेतृत्व में साकार रूप मिल सका है। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव प्रो. बी. के. मंगलम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि विधि शिक्षा की शुरूआत विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह भविष्य में उच्च गुणवत्ता वाली विधिक शिक्षा का केंद्र बनेगा। मंच संचालन डॉ. मीनाक्षी ने किया जबकि कुलगीत एवं राष्ट्रगान का संचालन डॉ. ममता मेहरा और डॉ. कविता कुमारी ने किया। यह समारोह विधि शिक्षा के क्षेत्र में मगध विश्वविद्यालय के एक नए अध्याय की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।

# श्री चित्रगुप्त पूजा 23 अक्टूबर को, बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई गया की एक बैठक स्थानीय श्री चित्रगुप्त मंदिर गोदावरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा एवं संचालन महामंत्री बिपिन कुमार सिन्हा ने की। विदित हो कि 23 अक्टूबर को श्री चित्रगुप्त पूजा है। इसी की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से 2 बजकर 30 मिनट तक विशेष पूजा- हवन, तत्पश्चात शाम 6 बजकर 30 मिनट तक प्रसाद वितरण एवं 6 बजे संध्या महाआरती का आयोजन किया जाएगा। पंडित प्रमोद पाण्डेय विधिवत सभी पूजा कार्यक्रम संपन्न कराएंगे। पूजनोत्सव की तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। बैठक में धर्मेंद्र प्रसाद, दीपक वर्मा, अमरेंद्र कुमार सिन्हा, राधे कृष्ण प्रसाद, बिष्णु सिन्हा, अमित श्रीवास्तव, राहुल सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, राजू सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में डीएम ने आवेदकों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन सोमवार को किया गया जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है, इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है। जनता दरबार में आवेदन को द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया जिस पर डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में अवैध कब्जा जमाबंदी इत्यादि से संबंधित आवेदकों के आवेदन का निष्पादन हेतु संबंधित सीओ को निर्देशित किया गया। कई आवदेकों द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया गया। डीएम ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी एवं संबंधित सीओ को मामले की जांच करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार मुआवजे राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। कुछ आवेदक ने आवेदन देते हुए कहा कि वह आवास विहीन है, आवास योजना का लाभ हेतु सभी पात्रता रखता हूं, डीएम ने डीडीसी जो जांच करते हुए आवास योजना का लाभ दिलवाने का निर्देश दिए। जनता दरबार में कुछ भूमिहीन महिला ने डीएम के समक्ष आकर आवेदन दिया है, डीएम ने एडीएम राजस्व को जांच करते हुए उन्हें भूमि उपलब्ध करवाने का निर्देश दिए हैं।अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# तिनेरी पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण विवाद सुलझा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के तिनेरी ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर दो समुदायों पासवान और रविदास जाति के बीच पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद सोमवार को सुलझा लिया गया। सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु और आंती थाना के एसआई दशरथ सिंह की मौजूदगी में दोपहर 3 बजे उक्त स्थल पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपसी सहमति से विवाद का निपटारा किया गया। सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु ने बताया कि रविदास समाज के लोगों का कहना था कि निर्माण स्थल के समीप रैदास जी का मंदिर स्थित है। सभी ग्रामीणों की सहमति से समाधान निकल आया है और अब मंगलवार से भवन निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी जाएगी। बैठक में ग्रामीण सत्येंद्र पासवान, जगजीवन दास, वार्ड सदस्य रंजन पासवान, इंद्रजीत यादव, सर्वेश पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# पेंशनधारियों की समस्या समाधान के लिये कैम्प का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आयुक्त कार्यालय में मगध प्रमंडल के सभी पांच जिलों के वैसे पेंशनधारी जिन्हें पेंशन संबंधित कोई समस्या या त्रुटि है, उनकी समस्या को समाधान के लिये आयुक्त मगध प्रमण्डल सफीना ए एन की अध्यक्षता में महालेखाकार के वरीय पदाधिकारी की मौजूदगी में पेंशनधारियों की समस्या को समाधान के लिये कैम्प का आयोजन किया गया। आयुक्त मगध प्रमण्डल एवं प्रधान लेखाकार जेनरल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कैम्प का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पटना महालेखाकार भी पूरी टीम के साथ एवं मगध प्रमण्डल के सभी जिलों के वरीय कोषागार पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। आयुक्त कार्यालय में पेंशन की समश्या संबंधित निदान के लिये बड़ी संख्या में लोग आये हुए थे। उनकी पेंशन से संबंधित त्रुटियां का समाधान कराना है या जिन पेंशन में मामलों में कोई दिक्कत है, बारी-बारी से सभी पेंशनरों की सुनवाई की जा रही है। मगध प्रमण्डल क्षेत्र के लिये पेंशन संबंधित नोडल पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि डीडीओ पेंशनरों की पेंशन प्रपत्रों को भरवाने में मदद करेंगे जिससे त्रुटि ना रहे। इस अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त सफीना ए एन ने कहा कि आज मगध प्रमण्डल के सभी जिलों के लिये पेंशन निदान के लिये कैम्प का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन में मिलने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए यह कैंप का आयोजन किया गया है।

# अगवा कर अस्पताल संचालक की पिटाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर में मैक्सो हॉस्पिटल के संचालक के साथ मारपीट हुई। रविवार देर रात अगवा कर गांधी मैदान खेल परिसर में जमकर पिटाई की गई। सिविल लाइन पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना स्वराजपुरी रोड की है। पीड़ित संचालक गुड्डू कुमार ने बताया कि बिरयानी कॉर्नर के बाहर से देर स्कॉर्पियो सवार सवार एक दर्जन अपराधियों ने जबरन गाड़ी में बिठा लिया। गांधी मैदान खेल परिसर ले गए। वहां लाठी-डंडों और बेल्ट से जमकर पीटा। इलाज के लिए पहले जयप्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मैक्सो हॉस्पिटल का संचालन करता हूं। कुछ दिन पहले मोहित कुमार और आदित्य कुमार नाम के युवकों से उनके स्टाफ का विवाद हुआ था। उस समय उठा लेने और जान से मारने की धमकी मिली थी। आदित्य और मोहित काले रंग की स्कॉर्पियो से 10 अज्ञात अपराधियों के साथ पहुंचे थे। इस संबंध में सिविल लाइन थानाध्यक्ष समी अहमद ने बताया कि मैक्सो हॉस्पिटल के संचालक गुड्डू कुमार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की ओर से लिखित आवेदन भी दिया गया है। बिरियानी कॉर्नर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज का जांच की जा रही है। पहचान होने के बाद आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** सोमवार को टिकारी राज इंटर कॉलेज में स्थापित महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह के प्रतिमा का अनावरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने क्षेत्रीय विधायक डा. अनिल कुमार के साथ विद्यालय में स्थापित प्रतिमा का अनावरण और योजना के शिलापट का लोकार्पण कर विद्यालय को समर्पित किया। इसके बाद अनावरण समारोह में विधायक और विद्यालय द्वारा केंद्रीय मंत्री मांझी को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मांझी ने महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह और टिकारी राज की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर बोलते हुए कहा कि राज्य में पहले 700 मेगावाट का बिजली उत्पादन क्षमता था जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बढ़ाकर 8 हजार मेगावाट कर दिया। आज पूरे बिहार के लोगों को 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। एनडीए सरकार को विपक्षी द्वारा जंगल राज की संज्ञा देने पर मांझी ने कहा कि 1980 के दशक में चोरी और अपहरण चरम पर था। जिसका फैसला एक अन्ने मार्ग में बैठे लालूजी करते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र सरकार से बिहार को 5 लाख करोड़ रुपए दिए। इतना तो विशेष राज्य का दर्जा मिलने पर भी नही मिलता। मांझी ने आपरेशन सिंदूर की तारीफ करते हुए कहा कि आज दुनिया मे भारत का नाम ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य और क्षेत्र के विकास के लिए एनडीए उम्मीदवार को वोट करें। टिकारी में डा. अनिल कुमार जैसा प्रतिनिधि आपको ढूंढने से भी नही मिलेगा। वंही अपने संबोधन में विधायक डा. कुमार ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को गिनाते हुए एकजुट होकर एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील की। इससे पूर्व कालेज मोड़ के समीप बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा का अनावरण विधायक डॉ अनिल कुमार व पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# लापता किशोर का शव आहर में मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में तीन दिन से लापता किशोर का शव आहार में मिला। अक्टूबर को दोपहर घर से निकला था, लेकिन शाम तक नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। मृतक शिवराज कुमार(15) मंगरामा पंचायत के अमेठा गांव का रहने वाला था। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र की है। खोजबीन के दौरान तीसरे दिन सुबह करीब 5 बजे सरपंच महेश कुमार सुमन ने ग्रामीणों को फोन करके कहा कि सड़क से करीब एक किलो मीटर दूर आहार में एक युवक का शव तैर रहा है। सूचना मिलते ही शिवराज के पिता शंकर यादव, चाचा राजाराम यादव और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। पानी से शव निकाला गया। कपड़े और बेल्ट से पहचान हुई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौत का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों का कहना है कि शिवराज की हत्या कर शव को फेंका गया है, लेकिन किसने और किस विवाद में हत्या की है। इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, वजीरगंज थानाप्रभारी का कहना है कि पीड़ित पक्ष की ओर से अब तक कोई आवेदन नहीं आया है। पुलिस को उनके आवेदन का इंतजार है, ताकि जांच शुरू करते हुए कार्रवाई की जा सके।

संपादकीय

## अमेरिका में शटडाउन की वजह से भारतीयों पर होगा असर?

अमेरिका में शटडाउन शुरू हो चुका है. संसद में बजट पर छिड़ी रार की वजह से कई सरकारी योजनाएं रुक जाएंगी और बहुत से लोग लंबी छुट्टी पर भेज दिए जाएंगे, जिनके वेतन की फंडिंग नहीं हो पा रही. लेकिन क्या इसका असर इमिग्रेंट्स पर भी हो सकता है, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार इस मुद्दे पर आक्रामक रहे? अमेरिकी संसद में सरकार के खर्चों को लेकर सहमति नहीं बन सकी. बहुत से बिल पास नहीं हुए और नतीजा रहा फेडरल शटडाउन. ट्रंप के पहले कार्यकाल में साल 2018 के बाद से ये यूएस का पहला शटडाउन है. इससे बहुत से सरकारी प्रोग्राम अस्थाई तौर पर रुक सकते हैं. लाखों ऐसे कर्मचारी घर बैठ जाएंगे, जिनका काम अनिवार्य नहीं. कुल मिलाकर, बेहद जरूरी सर्विसेज ही चालू रह सकेंगी. अमेरिका में लाखों इमिग्रेंट्स भी हैं, जिन्होंने वहां रहने के लिए अर्जी लगाई हुई है. बजट अटकने का उन पर कितना असर हो सकता है? सरकार चलाने के लिए बजट पास होना जरूरी है. अगर किसी वजह से रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स इसपर सहमत न हो सकें तो फंडिंग नहीं होती. ऐसे में सरकारी एजेंसियां बिना वेतन के बंद हो जाती हैं. लेकिन सभी सरकारी सेवाओं पर इसका असर नहीं होता, बल्कि नॉन-एसेंशियल पर ही असर होता है. यानी ऐसी सर्विस जिसके बिना कुछ समय के लिए काम बंद हो जाए. यही शटडाउन है. हालांकि अगर ये लंबा खिंचे तो जरूरी सेवाएं भी एक-एक करके रुकने लगती हैं. यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज में आवेदन शुल्क से काम होता है. लिहाजा इसके ज्यादातर कर्मचारी काम कर रहे हैं. यही वो विभाग है, जहां ग्रीन कार्ड, वीजा आवेदन जैसी चीजें देखी जाती हैं. यानी इमिग्रेंट्स पर खास असर नहीं होगा. हालांकि, कुछ स्थानों पर सीमित स्टाफ के कारण थोड़ी देरी हो सकती है. इमिग्रेशन के मामले इमिग्रेशन कोर्ट्स में जाते हैं. यही वो जगह है, जहां बड़ा असर दिखेगा. जिन मामलों में लोग हिरासत में नहीं हैं, उन्हें पेंडिंग में डाल दिया जाएगा. यानी लोग जो वीजा, ग्रीन कार्ड या इमिग्रेशन से जुड़ी अपील के लिए कोर्ट जा रहे थे या जाने वाले थे, उन्हें अब पहले से लंबा इंतजार करना पड़ सकता है. वहीं जो लोग डिटेन्ड केस वाले हैं यानी हिरासत में हैं, उनकी सुनवाई जारी रहेगी. कोर्ट सीमित बजट में भी देखेगा कि लोग बिना सुनवाई के लंबे समय तक हिरासत में न रहें. लेबर विभाग ही एक खास तरह का कार्ड भी देता है, जिससे लोग काम के लिए ग्रीन कार्ड ले पाते हैं. चूंकि ये विभाग बुरी तरह से प्रभावित होगा, ऐसे में काफी सारे लोग काम नहीं कर सकेंगे. अक्टूबर 2018 से जनवरी 2019 तक चला शटडाउन, अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन था. इसका इमिग्रेशन सेवाओं पर गहरा असर पड़ा था, खासकर उन लोगों पर जो वर्क वीजा, ग्रीन कार्ड या नागरिकता के लिए आवेदन कर रहे थे. डिपार्टमेंट ऑफ लेबर की सेवाएं पूरी तरह से बंद हो गई थीं, क्योंकि यह विभाग सरकारी फंडिंग पर काम करता है. तब इमिग्रेशन कोर्ट्स पर भी भारी असर पड़ा था. लगभग 86 हजार मामलों की सुनवाई टल गई थी. इसकी कोई समय सीमा नहीं, न ही अनुमान लगाया जा सकता है. जब तक सत्ता और विपक्ष राजी न हों, ये उतना लंबा खिंच सकता है. साल 2018 में डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स के बीच मैक्सिको बॉर्डर वॉल कीफंडिंग को लेकर मामला अटक गया था. ट्रंप दीवार के लिए बजट में साढ़े पांच बिलियन डॉलर से ज्यादा चाहते थे, जबकि विपक्ष ने इसे सख्ती से रोक दिया. नतीजा ये रहा कि कई सरकारी एजेंसियां ठप पड़ गईं, लाखों कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजना पड़ा और कई जरूरी सेवाओं पर असर पड़ा. भारी दबाव और राजनीतिक नुकसान के डर से आखिरकार अस्थाई फंडिंग की गई और शटडाउन खत्म हुआ.

# अब बिना उपकरण के पता चलेगा आपका हर कदम!


**एक समय आएगा जब बिना किसी उपकरण के किसी इंसान के बारे में शरीर में मौजूद कुछ सूक्ष्म जीवों से पता लगाया जा सकेगा। कौन कब और कहां था या अब कहां है, पता लग जाए, तो यह कैसा होगा! आम बोलचाल की भाषा में कहें तो कोई मनुष्य वास्तविक रूप से किस समय कहां है, इसका पता लगाना आसान हो जाए, तो दुनिया एक नए दौर में होगी। विज्ञान हमारे जीवन को बदल चुका है। रोज नए बदलाव सामने आ रहे हैं। तकनीक विज्ञान का हिस्सा है, लेकिन विज्ञान की दुनिया में इसके विकास और विस्तार ने नया संसार खोल दिया है। नई-नई तकनीक हर दिन लोगों को अचरज में डाल देती है। एक तकनीक आई नहीं कि उससे भी एक कदम आगे दूसरी तकनीक उसको बहुत जल्द पुराना कर देती है।**

**ऋतुपर्ण दवे**

तकनीक की क्रांति ने मानव जीवन को सबसे अधिक प्रभावित किया है। ऐसी ही एक तकनीक है जीपीएस यानी 'ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम' जो एक उपग्रह आधारित प्रणाली है। जीपीएस तकनीक अब दुनिया भर में किए जाने वाले तमाम कार्यों का अभिन्न अंग भी बन गई है। यह हमारे मोबाइल, वाहन, घड़ी और अब तो बच्चों के स्कूल बैग में भी उपयोग होने लगी है। एक तरह से यह वह दौर है, जहां जीपीएस के बिना काफी कुछ असंभव-सा लगता है। इसीलिए इसके नाम और काम से आज हर कोई परिचित है।

इस बीच अब वैज्ञानिकों के सामने एक चुनौती यह है कि क्या इंसान की कहीं भी मौजूदगी का पता लगाया जा सकता है? इसको लेकर अब तक अलग-अलग विचार और प्रयोग सामने आए, लेकिन ये अव्यावहारिक ही रहे। पहनने योग्य जीपीएस उपकरण और 'रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन' यानी 'आरएफआइडी' प्रत्यारोपण जैसे विकल्प मौजूद हैं। ऐसे चिप को शरीर में लगाया जा सकता है। मगर वह व्यक्ति कहां है, इसकी जानकारी यह नहीं देती। सिर्फ पहचान बताती है। जीपीएस चिप को काम करने के लिए बाहरी उपग्रहों से संकेत की जरूरत होती है, लेकिन ऐसे संकेत त्वचा के नीचे नहीं पहुंचते हैं। वहीं ऐसी चिप को ऊर्जा के लिए बैटरी की भी जरूरत होगी जो स्वाभाविक रूप से छोटी होगी और सीमित समय तक ही चलेगी। इसे बार-बार बदलना भी कठिन होगा।

अब वैज्ञानिक एक नई खोज की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे शरीर में पाए जाने वाले जीवाणु, जिन्हें हम आंखों से नहीं देख सकते, वे तकनीक का हिस्सा बन जाएंगे। शरीर में लाखों की संख्या में अलग-अलग प्रकार के बैक्टीरिया यानी जीवाणु होते हैं। इनमें से कई शरीर में अंदर और बाहर पाए जाते हैं। ये अपनी प्रकृति अनुसार फायदेमंद और नुकसानदेह, दोनों ही होते हैं। मगर यही




बैक्टीरिया जीपीएस का काम करने लगें, तो क्या होगा! स्वीडन के शोध दल ने एक कृत्रिम मेधा उपकरण विकसित कर 'माइक्रोबायोम जियोग्राफिक पापुलेशन स्ट्रक्चर' यानी 'एमजीपीएस' से यह पता लगाने में सफलता पाई है कि व्यक्ति किन स्थानों पर गया है।

इसमें जीवाणुओं का विश्लेषण कर उन स्थानों के बारे में मालूम किया सकता है। यह कृत्रिम मेधा उपकरण जीवाणुओं को भौगोलिक फिंगरप्रिंट के रूप में उपयोग करते हुए यह पहचान कर सकता है कि कोई व्यक्ति कहां-कहां गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि कई स्थानों पर जीवाणुओं की विशिष्ट आबादी होती है, इसलिए जब कोई, किसी सार्वजनिक स्थान पर किसी सतह को छूता है, तो उस सतह पर मौजूद जीवाणु के संपर्क में आ जाता है। जिनका उपयोग उसे, उस सटीक स्थान तक वापस जोड़ने के लिए किया जा सकता है। मानव डीएनए के विपरीत जीवाणुओं का समूह विभिन्न वातावरण के संपर्क में आने पर लगातार बदलता रहता है।

यह जिज्ञासा भी स्वाभाविक है कि जीवाणुओं के उपयोग से कैसे पता चलेगा कि कोई व्यक्ति कहां-कहां गया था। अपने अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने उन बैक्टीरिया पर ध्यान केंद्रित किया जो सूक्ष्म रूप से अंगुलियों पर निशान की तरह काम करते हैं। शहरी परिवेश, मिट्टी और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्रों से 'माइक्रोबायोम' के नमूनों के व्यापक डेटासेट का विश्लेषण किया और अंगुली के निशान की पहचान करने और उन्हें भौगोलिक निर्देशों से जोड़ने के लिए जब एक एआइ माडल को प्रशिक्षित किया, तो सकारात्मक नतीजे आए।

स्रोत स्थल की सटीकता भी सही निकली। निश्चित रूप से 'माइक्रोबायोम डेटा' ही इसके पीछे था। इस नए शोध की सफलता का पता इससे चलता है कि जब विभिन्न वातावरणों से मिले 'माइक्रोबायोम डेटा' का परीक्षण किया गया तो वे कसौटी पर खरे उतरे। शोध दल ने बानबे फीसद शहरी नमूनों में सही शहर की पहचान करने में सफलता पाई। यकीनन, यह एक बहुत बड़ी तकनीक बन कर सामने आई है जो स्रोत का सटीक पता लगाने में सफल रही है। इससे चिकित्सा, महामारी विज्ञान और फारेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। इतना ही नहीं इस कृत्रिम मेधा उपकरण को चुनौती देते हुए हांगकांग में शोध दल ने 82 फीसद सटीकता के साथ उस भूमिगत स्टेशन का पता भी लगा लिया जहां से नमूने आए थे। जबकि न्यूयार्क में तो एक मीटर से कम दूरी पर भी परीक्षण किया गया, तो भी विश्वसनीयता की कसौटी पर विभिन्न स्थानों के अंतर को इसने बखूबी पहचान लिया। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है। सूक्ष्मजीव स्वयं को जब-तब बदलते रहते हैं। विशेषकर तब, जब हम अलग-अलग स्थानों पर जाते हैं तो उसी वातावरण में ढल जाते हैं। इससे तकनीक यह बताने में मददगार होती है कि सूक्ष्मजीव कुछ समय पहले कहां थे। इससे कई तरह की मदद मिलेगी। पहला किसी बीमारी के फैलाव और संक्रमण के स्रोत का पता चल जाएगा। दूसरा, आपराधिक जांच में भी सहयोग मिल सकेगा और अपराधी की पहचान करना आसान होगा। कोरोना के समय यह तकनीक होती, तो इतनी बड़ी त्रासदी से बचा जा सकता था। संक्रमण के स्रोत का पता लगाना नामुमकिन नहीं होता। 'एमजीपीएस' एआइ उपकरण हाल के स्थानों का पता लगाता है तथा जीवाणुओं को विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति से जोड़ कर फारेंसिक और महामारी विज्ञान में सहायता करता है। अब वैज्ञानिक अपने इस शोध की सफलता के बाद इस एआइ का उपयोग करने के लिए उपकरणों को सक्षम या उन्नत बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। स्मार्ट फोन की स्क्रीन को अब और आधुनिक बनाया जाएगा, जिससे वह उपयोक्ता की अंगुलियों पर मौजूद बैक्टीरिया की पहचान कर ले और पता लगा सके कि वह किस जगह पर है। वैज्ञानिक आश्वस्त हैं कि भविष्य में जब यह तकनीक स्मार्टफोन में होगी, तो इससे हर किसी को फायदा मिल सकेगा। स्मार्टफोन की स्क्रीन में नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी, जैसे जीवाणुओं का पता लगाने के लिए विशेष सेंसर लगेंगे, जिससे स्क्रीन, उपयोक्ता की अंगुलियों पर मौजूद सूक्ष्म जीवों की पहचान कर सकेगा और यह बता पाएगा कि वह कहां है। इस तकनीक से न केवल बीमारी फैलने पर रोक लग सकेगी, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारियां मिलेंगी। विज्ञान और तकनीक की यह उपलब्धि जीवन के विभिन्न पहलुओं को बदलने की क्षमता रखेगी। नई खोज मनुष्यों के जीवन में नया गुल खिलाने वाली है।

अध्यात्म

## मुंह से निकले हुए शब्द कभी भी वापस नहीं आते हैं

एक व्यक्ति ने गुस्से में संत का अपमान कर दिया, अगले दिन वह माफी मांगने पहुंचा, संत ने उससे कहा, 'नगर के बीच में पक्षियों के पंख रख आओ' गुस्से में बोले गए शब्द दूसरों के दुख पहुंचाते हैं। गुस्से की वजह से हमारी सोचने-समझने की शक्ति कमजोर हो जाती है। इसी वजह से काफी लोग गुस्से में ऐसे शब्द बोल देते हैं, जिनके लिए बाद में पछतावा होता है। लेकिन, मुंह से बोले गए शब्द वापस नहीं आते हैं। इसीलिए बोलते समय बहुत सतर्क रहना चाहिए। ये बात हम एक लोक कथा से समझ सकते हैं। कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश देते थे। गांव के अधिकतर लोग संत का बहुत सम्मान करते थे। लेकिन, कुछ ऐसे भी थे, जो संत को पसंद नहीं करते थे। एक दिन संत से जलने वाला व्यक्ति उनके आश्रम में पहुंचा और सभी लोगों के सामने संत का अपमान करने लगा। लेकिन, संत ने उसे पलटकर कुछ भी नहीं कहा। जब वह व्यक्ति बोलते-बोलते थक गया तो चला गया। गांव के लोग ये देखकर बहुत दुखी थी। संत ने अपना प्रवचन फिर से शुरू कर दिया। जब वह व्यक्ति अपने घर पहुंचा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ। वह अगले दिन संत के आश्रम पहुंचा और उनसे माफी मांगने लगा। संत ने उससे कहा कि एक काम करो आश्रम में पक्षियों के कई पंख बिखरे हुए हैं। उन्हें इकट्ठा करके यहां ले आओ। उस व्यक्ति ने तुरंत ये काम शुरू कर दिया। कुछ देर बाद वह पंख लेकर आ गया। संत ने उससे कहा कि अब ये पंख अपने नगर के बीच में रख आओ। वह व्यक्ति संत की आज्ञा मानकर नगर के बीच में पहुंचा और सभी पंख रखकर संत के पास पहुंच गया। संत ने उससे फिर कहा कि अब एक और अंतिम काम कर दो। वे सारे पंख वापस लेकर आ जाओ। जब वह व्यक्ति नगर के बीच में पहुंचा तो वहां रखे सभी पंख उड़कर इधर-उधर फैल गए थे। सभी पंखों को इकट्ठा कर पाना उसके लिए बहुत मुश्किल था। वह खाली हाथ ही संत के पास पहुंचा और पूरी बात बता दी। संत ने उससे कहा कि भाई, ठीक इसी तरह जब हम गुस्से में होते हैं तो जो कुछ भी बोलते हैं, वह दूसरों को दुख देता है। जब हमारा मन शांत होता है, तब हमें गलती का अहसास होता है। लेकिन, तब हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं। जिस तरह सभी पंखों को इकट्ठा कर पाना संभव नहीं है। मुंह से निकले शब्द वापस नहीं लिए जा सकते हैं। इसीलिए गुस्से से बचना चाहिए और कुछ भी बोलते समय बहुत सतर्क रहना चाहिए।

# क्या छोटे दलों के अस्तित्व के लिए खतरा है 'एक देश एक चुनाव'?

**अपने सख्त फैसलों के लिए चर्चित हो चुकी भाजपा सरकार अखिल भारतीय सोच बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है, ये ऋएक देश एक चुनावऋ से साफ दिख रहा है। भाजपा के लोगों को मानना है कि एक देश एक चुनाव, चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा क़दम है। जबकि बहुत लोगों को मानना है कि इससे संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचेगा। चुनाव सुधार और संघीय ढांचे के बीच जो चर्चा से बाहर है वह वही अखिल भारतीय सोच है जिसके पीछे भाजपा और आरएसएस का थिंक टैंक अरसे से काम कर रहा है।**

**अवतांश चित्रांश**

इसको समझने से पहले ये जान लेना जरूरी है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की संभावनाएं तलाशने के लिए बनी उच्च स्तरीय समिति ने 191 दिनों की कवायद के बाद 18,626 पन्नों में जो सिफ़ारिशें दी थी उनमें 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार समिति के साथ साझा किए, जिनमें से 32 दल 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के समर्थन में थे और 15 दलों ने इसे लोकतंत्र और संविधान के संघीय ढांचे के ख़िलाफ़ बताया था।

कई दलों ने आपत्ति जताई कि इससे छोटे दलों के लिए मुश्किलें पैदा होंगी, जो लोकतंत्र की बहुलता को नुकसान पहुंचा सकती है। अब सवाल ये है कि पिछले पचहत्तर वर्षों में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ, एक राष्ट्र के रूप में सामूहिक चेतना विकसित करने की कोशिश कितनी सफल रही है। चाहे वह वामपंथ की विचारधारा रही हो, समाजवाद का प्रयोग रहा हो या फिर कांग्रेस का धर्मनिरपेक्षता पर आधारित मॉडल। इनसे असमानता की खाई गहरी ही हुई है।

1947 के बाद भारत में लोकतंत्र की स्थापना हुई, जिसने देश के लोगों को शाही, कंपनी और रियासती शासन से बाहर निकाला। लेकिन इसके साथ-साथ एक राष्ट्र के रूप में सोचने की जो अपेक्षा थी, वह धीरे-धीरे क्षीण होती चली गई। इसकी सबसे बड़ी वजह थी 1956 में भाषाई आधार पर राज्यों का पुनर्गठन, जिसने क्षेत्रीय अस्मिताओं को बल दिया।

दूसरा कारण था जाति आधारित राजनीति, इसके बाद विकास का असमान वितरण फिर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत हमेशा से विविधताओं का देश रहा है। भाषाई, धार्मिक, जातीय, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विविधता हमारी ताकत भी रही है और कमजोरी भी। लेकिन समय के साथ ताकत और कमजोरी के पैमाने बदलते रहते हैं।

इस्लाम भारत में कब आया? बाबर ने इब्राहीम लोधी को हराया था या राणा सांगा ने उसे बुलाया था? मुगल साम्राज्य को किसने समाप्त किया- क्या मराठों ने उसे छिन्न-भिन्न कर दिया? अंग्रेजों से आज़ादी की लड़ाई किसने लड़ी और अंततः आज़ादी हमें किससे मिली?

ऐसी तमाम बहसों के बीच, भारत आज भी एक अखिल भारतीय सोच के निर्माण के लिए संघर्ष कर रहा है- इस उम्मीद के साथ कि तमिल और हिंदी के बीच का विवाद समाप्त होगा, मराठी और बिहारी के बीच की खाई मिटेगी, पूर्वोत्तर भारत और शेष भारत के लोग एक समान सोच विकसित करेंगे और कश्मीर को यह अनुभव होगा कि दिल्ली में उसकी अपनी सरकार है। लेकिन सवाल यह है कि ऐसी अखिल भारतीय सोच आएगी कैसे?

चलिए हम भी जरा इतिहास से कुछ तथ्य लेते हैं। भारत में पहली बार ÷अखिल भारतीय सोच÷ की जो अवधारणा उभरी, वह मौर्य काल में दिखाई देती है, जब सम्राट अशोक ने एक साझा नैतिक आधार 'धम्म' के माध्यम से विशाल भू-भाग को



जोड़ा। वह शायद भारत में ÷अखिल भारतीय सोच÷ का पहला प्रयोग था। जिसमें शासन, नैतिकता और सांस्कृतिक एकता का समावेश था।

इसके बाद मुगलकाल में अकबर की सुलह-ए-कुल नीति और राजस्व व्यवस्था, क्षेत्रीय विविधताओं को स्वीकार कर एक केंद्रीय शासन प्रणाली विकसित करने का प्रयास था। और मुगलों के पराभव के बाद कंपनी काल में अंग्रेजों की एकीकृत प्रशासनिक व्यवस्था, रेलवे, डाक सेवा और भारत की पहली जनगणना जैसे कदमों ने ÷ब्रिटिश भारत÷ की अवधारणा को भौगोलिक रूप से तो जन्म दिया लेकिन तब भी भारत जमींदारों, राजा-नवाबों और आम जनता के वर्गों में विभाजित था। ऐसे में आज़ादी की लड़ाई के दौरान देश के हर कोने और हर वर्ग से एक ही मांग और एक ही आकांक्षा उत्पन्न हुई। लेकिन समय के साथ ताकत और कमजोरी के मायने बदल जाते हैं।

ऐसे में ÷एक देश एक चुनाव÷ महत्वपूर्ण बिन्दु हो सकता है। लिहाजा छोटे और क्षेत्रीय दलों की आपत्तियों को नकारा जाना उचित नहीं है। इसलिए सवाल बनता है कि क्या एक देश एक चुनाव छोटे और क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व के लिए खतरनाक है। 15 दलों की आपत्तियों को देखा जाए तो यह बहुत मुमकिन है कि इस व्यवस्था में चुनाव लड़ने की ताकत और मुद्दे बड़े दल ही सेट कर सकते हैं। जबकि इस व्यवस्था के बिना हुए चुनावों में भी बड़े दलों की स्वीकार्यता अखिल भारतीय रही है और छोटे दल, बड़े दलों के पिछलग्गू ही बने रहे हैं। चाहे वह कांग्रेस रही हो या भाजपा देश की राजनीति इन दलों के इर्द-गिर्द ही है।

क्षेत्रीय दलों के इनके साथ गठबंधन में आने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था से संसाधनों की बचत, सामाजिक तालमेल बनाए रखने और आर्थिक विकास में तेजी के साथ क्षेत्रीय दलों का दबदबा भी खत्म होगा और जब क्षेत्रीय दलों का दबदबा खत्म होगा तो क्षेत्रवाद और जातिवाद की राजनीति भी खत्म होगी।

छोटे या क्षेत्रीय दलों के 5 -10 सांसद क्षेत्रीय समीकरण के लिए राष्ट्रीय हित के साथ समझौता करने की स्थिति में नहीं होंगे। राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रचार और क्षेत्रीय मसलों पर प्रत्याशियों का युग्म एक बड़ी तस्वीर खींचेगा जो अखिल भारतीय सोच साबित होगी। हमें इतिहास से सबक लेना होगा, अकबर की नीतियां भारत के साझा इतिहास की नींव रख रही थी तो अंग्रेजों की नीति भारत की एकीकृत प्रशासनिक व्यवस्था की। दोनों की ही ऐतिहासिक कोशिशों का परिणाम हमारे सामने है। ठीक वैसे ही भाजपा की एक देश एक चुनाव की व्यवस्था, भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में एक अखिल भारतीय सोच फिट करने की पहल साबित होगी। विविधता में एकता वाले इस देश में कोई भी नतीजे रातों रात नहीं आते हैं लेकिन उदाहरण है कि अशोक, अकबर और अंग्रेजों ने अपनी-अपनी नीतियों से भारत को एकीकृत किया है। आज भारत को फिर एक ऐसी ही अखिल भारतीय सोच की ज़रूरत है। ताकि इतिहास की बहसें अतीत को समझने तक सीमित रहें और वर्तमान के साथ मिलकर भविष्य का निर्माण करें और हमारी विविधताओं को सम्मान देते हुए एक साझा भविष्य की ओर ले जाएं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
पारिवारिक जीवन अत्यन्त आनन्दमय रहेगा। हाथ में आये अवसरों को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार में लाभ के बावजूद मन सन्तुष्ट नहीं रहेगा।

**वृषभ**
ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। मित्रों के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं।

**मिथुन**
आपको किसी कारणवश सहकर्मियों के ताने सुनने पड़ सकते हैं। कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करना चाहिये।

**कर्क**
नौकरी में परिस्थितियाँ अत्यन्त अनुकूल रहेंगी। अचानक प्राप्त हुये अवसरों से मन में प्रसन्नता होगी। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**सिंह**
इस समय को शान्ति और प्रेम पूर्वक बितायें। जोड़ों और घुटनों में दर्द की समस्या होगी। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे किसी कारण नाराज होंगे।

**कन्या**
दाम्पत्य सम्बन्धों में नयी ताजगी उत्पन्न होगी। नयी नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। बुरा समय खत्म होने से चैन की साँस लेंगे। अनावश्यक विवादों से बचें।

**तुला**
आज आपको केवल अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। परीक्षा परिणाम में आपको सफलता मिलेगी। सैद्धान्तिक विचारों के साथ व्यवहारिक भी होना पड़ेगा।

**वृश्चिक**
आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। सन्तान को लेकर गौरव की अनुभूति होगी। इच्छित प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**धनु**
किसी पर भी सहज ही विश्वास न करें। अपने लक्ष्यों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें। पारिवारिक अशान्ति दूर होगी। व्यापार में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। आपको जोखिम लेने से बचना चाहिये।

**मकर**
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। परिवार के लोग आपको सहयोग देंगे। जटिल मामलों को आसानी से सुलझा लेंगे। प्रतिस्पर्धियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे।

**कुंभ**
दिनचर्या अनियमित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में थोड़ी कठिनाई का अनुभव करेंगे। अपने विचारों को संकीर्णता के दायरे में सीमित न करें।

**मीन**
अपनी कार्यशैली से सन्तुष्ट रहेंगे। जटिल समस्याओं का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आय के नये स्रोत विकसित कर सकते हैं।

# सीएम ने करोड़ो की योजनाओं का किया शिलान्यास

## पथ निर्माण विभाग अंतर्गत 165.54 करोड़ की राशि की योजनाओं का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पथ निर्माण विभाग एवं उद्योग विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन वीडियो कन्फ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण जिला पदाधिकारी प्रकोष्ठ में किया गया। जिला में पथ निर्माण विभाग अंतर्गत 165.54 करोड़ रुपये की राशि की योजना का शिलान्यास किया गया। जिसमें 6.7 किमी लंबाई का तेघड़ा मुबारकपुर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य किया जाना है। एवं 7.5 किमी बखरी- बहादुरपुर बायपास पथ का निर्माण किया जाना है। साथ ही उद्योग विभाग के आईजीसी बेगूसराय के कैंपस में प्लग एंड प्ले शेड, जिसकी लागत राशि 16 करोड़ रुपये तथा वर्किंग वोमेन हास्टल, जिसकी लागत राशि 21.67 करोड़ रुपये है का उद्घाटन किया गया।

## जिले में तीन सीटें कांग्रेस को मिलें : के डी हिमांशु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मटिहानी।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मटिहानी में रविवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य के डी हिमांशु ने प्रेस वार्ता आयोजित किया। प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी विचारधारा की पार्टी है। मटिहानी कांग्रेस पार्टी की परम्परागत सीट रही है। उन्होंने कहा कि मटिहानी विधानसभा, बछवारा विधानसभा, बेगूसराय विधानसभा कांग्रेस पार्टी को सीट मिलना चाहिए। यहाँ कांग्रेस पार्टी की संगठन बेहतर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हम लोगो का महागठबंधन पार्टी मजबूत होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि मटिहानी विधानसभा में कांग्रेस की सीट नहीं मिलेगी तो कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के हाथ छाप को भूल जायेगे। उन्होंने कहा कि मटिहानी विधानसभा में सीपीएम से सीपीआई का बेहतर संगठन है तो सीपीएम किस आधार पर सीट की मांग कर रहे है। कहा कि महागठबंधन जो तय करेंगी हम उसके साथ है। कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजदेव सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी को जिला में मटिहानी, बेगूसराय और बछवाड़ा कांग्रेस पार्टी को सीट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2020 में सीपीएम को सीट मिल गया था। जबकि मटिहानी में सीपीएम का कोई जनाधार नहीं था। महागठबंधन की पार्टी ने इन्हें वोट देने का काम किया। लेकिन इस वार कांग्रेस पार्टी को सीट मिलनी चाहिए। अल्पसंख्यक सेल के जिलाध्यक्ष मोहम्मद मतीम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मटिहानी में अगर कांग्रेस को सीट मिलती है तो जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि हम ऊपरी शीर्ष नेतृत्व से मांग करते है कि कांग्रेस को ही सीट मिले। सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामचंद्रर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मटिहानी ऊपरी शीर्ष ने भी अस्वासन दिया है कि मटिहानी सीट कांग्रेस को ही मिलेगी और महागठबंधन का सरकार बनना तय है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुंवर, नौदेव राय, सकलदेव राय, करण कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।

## तीन दिवसीय गैर आवासीय समावेशी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक रिसोर्स सेंटर शिवाजीनगर में तीन दिवसीय गैर आवासीय समावेशी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीईओ श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समावेशी शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग के बच्चे को समान अवसर प्रदान करना है। किसी भी बच्चे को उसकी शारीरिक, मानसिक या सामाजिक स्थिति के कारण शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करें ताकि विशेष जरूरत वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ी जा सके। प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 40 शिक्षकों ने भाग लिया। इन शिक्षकों को समावेशी शिक्षा से संबंधित नीति, दृष्टिकोण, व्यवहारिक क्रियान्वयन एवं शैक्षणिक संसाधनों के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को समावेशी नोडल शिक्षक के रूप में तैयार किया जा रहा है, ताकि वे अपने-अपने विद्यालयों में दिव्यांग और विशेष जरूरत वाले बच्चों को सहयोग एवं मार्गदर्शन दे सकें। मौके पर प्रशिक्षक महेंद्र कुमार मौर्य, अमित रौशन, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, दिनेश प्रसाद सिंह, गणेश यादव, मृत्युंजय कुमार सिंह, राजकुमार मुखिया लेखपाल दिनेश कुमार ठाकुर, डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक कुमार झा उपस्थित थे।

## चौपाल में महिलाओं ने दिखाई ताकत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के महकमपुर पंचायत भवन में समाजसेवी सोनाली सिंह के नेतृत्व में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इस दौरान पहुंचते ही महिलाओं ने सोनाली सिंह जिंदाबाद और तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारों से स्वागत किया। पूरा माहौल जोश और उत्साह से गूंज उठा। सोनाली सिंह ने उपस्थित महिलाओं से बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुना। महिलाओं ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी कई शिकायतें और सुझाव रखे। सोनाली ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं लेकिन वर्तमान सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है। महिलाओं को 10,000 देने की योजना एक जुमला बाजी से ज्यादा कुछ नहीं है। चुनाव के बाद यही पैसा वापस वसूला जाएगा। उन्होंने नीतीश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह योजना महागठबंधन की माई-बहिन योजना के दबाव में लाई गई है ताकि महिलाओं को भ्रमित किया जा सके। उन्होनें आह्वान किया कि वे अपने मत का सही उपयोग करें और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएं ताकि बिहार में महिलाओं की समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। कार्यक्रम के समापन पर सोनाली सिंह ने नारी शक्ति जिंदाबाद का नारा लगवाया और कहा कि हम महिलाएं किसी से कम नहीं हैं हमें अपने हक और सम्मान के लिए एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। अंत में महिलाओं ने राजद नेत्री का फूल-मालाओं और जयकारों के साथ भव्य सम्मान किया। पूरे क्षेत्र में इस कार्यक्रम की चर्चा जोरों पर रही।

## दो कारों से पांच लाख की शराब बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** आगामी विधानसभा चुनाव में शराब परोसने के तस्करों के मनसूबे पर पानी फिर गया। 310 लीटर विदेशी शराब संग तस्कर पकड़ाये। सोमवार को मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को बड़ी उपलब्धि मिली है। दो लग्जरी कारों से विदेशी शराब बरामद किया गया और दो तस्कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर पटना शहर के कुर्जी निवासी राजेश कुमार और रोहतास जिला के चिल्हरिया निवासी मृत्युंजय सिंह है। सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब से पटना ले जायी जा रही है। निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गई। टीम को बक्सर पटना फोरलेन पर कायमनगर ओवर ब्रिज के पास एक हुंडई क्रेटा कार को रोका गया। कार की तलाशी करने पर विदेशी शराब बरामद किया गया। दूसरा कार मिलरोड आरा डीएवी के पास पकड़ी गयी। एक कार से 750 एमएल की 324 बोतलें जबकि दूसरे से विदेशी शराब 180 एमएल के 240 पीस टेट्रापैक व बियर 500 एमएल के 48 केन शामिल है। जिसकी कीमत पांच लाख आंकी जा रही है। पकड़ी गयी शराब हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से पटना ले जायी जा रही थी। छापेमारी टीम में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

### शिक्षा स्वयंसेवकों की बैठक

**नावकोठी।** महादलित, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग आंचल योजना के तहत तैनात शिक्षा स्वयंसेवक की बैठक विमर्श कक्ष में सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता केआरपी दयामणी कुमारी ने की। उन्होंने इस कार्यक्रम के तहत संचालित साक्षरता केन्द्र तथा कमजोर बच्चों के संचालित कक्षा के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। साक्षरता केन्द्रों पर अध्ययनरत असाक्षर महिलाओं के 7 दिसंबर को आयोजित होने वाले बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा की तैयारी पर चर्चा की गई तथा इन महिलाओं का पंजीकरण किया गया। इस महापरीक्षा में प्रत्येक साक्षरता केन्द्र से 60 महिलाओं का पंजीयन हुआ। साक्षरता केन्द्र का नियमित संचालन सहित कई अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर सुजीत कुमार रजक, गणेश सदा, मंगल सदा, अशोक सदा, जमील अहमद, मुसर्रत खातुन, रेणु कुमारी, नाथूराम चौधरी, राम उदय चौधरी, राजकुमार रजक, मो आफताब, अबुल कलाम, मजीद हुसैन, सुभान आदि ने हिस्सा लिया।

## 1100 कुमारियों को खिलायी गयी खीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत में सोमवार वैरागण की संध्या नवदुर्गा संघ के प्रांगण में कन्याकुमारी का खीर खिलाया गया। समिति के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से किया जाता है 1985 से 2025 तक लगभग 40 वर्षों से यह परंपरा हो रही है। जो दुर्गा पूजा माता का विसर्जन होने के बाद पूर्णिमा की के दिन जिस रात्रि में अमृत बारिश होती है। उसी दिन पूर्णिमा के संध्या में कमेटी के सदस्य के द्वारा 1100 कन्याकुमारी जमाया गया। जिसमें कन्याकुमारी 2 साल से लेकर 10 वर्ष की कन्याकुमारी का भोजन कराया गया। माता का चुनरी और उचित दक्षिणा दिया गया। पिपरा देवस समिति के सदस्य नवदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य कुमार उर्फ बाबू साहब, कन्हैया कुमार, मुकेश कुमार, शिक्षक नेता रवि कुमार, सनी कुमार, राहुल कुमार, प्रवीण कुमार, संतोष कुमार दशरथ तांती दिनेश शर्मा संजय शर्मा सोनू शर्मा, सोनू कुमार कन्हैया कुमार्र तेंद्र कुमार, हरि जी, गौरव कुमार मुन्ना कुमार, अमित कुमार, मंगल सिंह अशोक कुमार, घनश्याम सिंह, आदि उपस्थित थे।

## जहरीला बिस्किट खाने से एक ही परिवार के तीन बच्चे बीमार, एक की मौत, दो गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के बल्लीपुर पंचायत के नौआ पोखर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक घटना घटित हुई, जहाँ एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की हालत जहरीला बिस्किट खाने से बिगड़ गई। इनमें से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से बीमार हैं घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, तीनों बच्चे घर के पास खेल रहे थे, तभी खेत में नीचे गिरा बिस्किट उठाकर खा लिया। बिस्किट खाने के कुछ ही देर बाद तीनों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। बच्चों को तुरंत स्थानीय निजी डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चों की स्थिति अभी भी नाजुक बताई जा रही है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत शिवाजीनगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुँचा और जांच शुरू कर दी। इस बीच, आक्रोशित ग्रामीणों ने दो व्यक्तियों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## डा. मीरा को आप ने बनाया उम्मीदवार

### पहली सूची जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 11 नाम शामिल हैं, जिनमें सबसे चर्चित नाम 146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र से डक्टर मीरा सिंह का है। आप के बिहार प्रभारी अजेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव ने सोमवार को एक स्थानीय होटल में आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस के दौरान उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इसी के साथ पार्टी ने बिहार में अपने चुनावी अभियान का औपचारिक आगाज कर दिया है। बेगूसराय सीट से उम्मीदवार बनाई गई डा. मीरा सिंह जिले की जानी-मानी समाजसेवी और चिकित्सक हैं। वे लंबे समय से स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। मीरा सिंह ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरी उतरने और बेगूसराय को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतर रही हैं। प्रेस कान्फ्रेंस में आप नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी इस बार सभी 243 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। नेताओं ने कहा कि पार्टी बिहार में दिल्ली मडल और पंजाब मडल को लेकर जनता के बीच जाएगी। अरविंद केजरीवाल द्वारा तैयार इस मडल में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन प्रमुख मुद्दे होंगे। सूत्रों के मुताबिक, महागठबंधन में अगले दो से तीन दिनों में सीट शेयरिंग फाइनल होने की संभावना जताई जा रही है।

## अररिया में बांध टूटा, 1000 घरों में भरा पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** पटना नेपाल में भारी बारिश से कोसी सहित उसकी सहायक नदियां उफान पर हैं। सुपौल के छह प्रखंड बाढ़ से प्रभावित हैं। करीब 100 सौ के 5 हजार घरों में पानी भर गया है। मधुबनी में एक लाख की आबादी प्रभावित हो गई है। नेपाल के सरिसवा नदी में आई बाढ़ ने रक्सौल और उसके आसपास के इलाके में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बाढ़ का पानी निचले इलाके रामगढ़वा, सुगौली, सेमरा, मोतिहारी तक फैल रहा है। अररिया के पिपरा में प्रमाण नदी का बांध टूट जाने से 4 वार्ड में पानी घुस चुका है। लगभग 1000 घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। इधर वैशाली के गनियारी निचली दियारा इलाके में कटाव से लोगों में दहशत है। इधर किशनगंज में टेढ़ागाछ से बहादुरगंज को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर चन्द्र गांव पुल के ऊपर से नदी का पानी बह रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो 7 अक्टूबर तक प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं, कुछ जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि, 'बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास के इलाकों में लो-प्रेशर (निम्न दबाव) का क्षेत्र बना है। इसके साथ ही दक्षिण-पूर्वी हवा और मध्य भारत की तरफ से आ रही हवा नमी लेकर आ रही है। इसके प्रभाव के कारण बिहार के ऊपर मानसूनी ट्रफ लाइन सक्रिय हो गई है। नेपाल के तराई क्षेत्र और गंगा के मैदानी इलाकों में भी लगातार नमी जमा हो रही है, जिससे बारिश की स्थिति बन गई है।

## फौजी ने आपसी विवाद में चार रिश्तेदारों को गोली मारकर किया घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** सिंधिया थाना क्षेत्र के लगमा गांव में आज आपसी विवाद में एक फौजी ने अपने लाइसेंसी हथियार से गोली मारकर दो भाईयों समेत चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के लगमा गांव मे फौजी नवीन सिंह का पानी बहाव को लेकर अपने ही भाईयों के साथ विवाद हुआ। इसके बाद नवीन सिंह ने अपने लाइसेंसी हथियार से महेश सिंह, सुरेश सिंह एवं उनकी पत्नी और पुत्र गुलशन सिंह को गोली मार दी जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को दरभंगा स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों द्वारा ईलाज किया जा रहा है। इधर घटना की सूचना मिलते ही रोसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की।

## एक नजर

### उर्जा क्षेत्र में 175.69 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा जिले अंतर्गत 175.69 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यारम्भ किया गया है। इसके तहत नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड की 83.72 करोड़ रुपये तथा बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड की 91.97 करोड़ रुपये की परियोजनाएं है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल में होगी लेप्रोस्कोपी सर्जरी प्रारंभ

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के अध्यक्षता में सोमवार को एमओयू एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। उक्त उपकरण के प्राप्ति से सदर अस्पताल में लेप्रोस्कोपी सर्जरी की सेवा प्रारंभ की जाएगी। जिसमें लेप्रोस्कोपी के माध्यम से सर्जरी किया जाएगा। जिसमें गलब्लैडर स्टोन, किडनी स्टोन इत्यादि का अपरेशन,मशीन से मात्र छोटे छेद से ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ईएनटी का अपरेशन जो की सदर अस्पताल में नहीं हो रही है। वह भी अब सदर अस्पताल में ओएनजीसी से दिए गए मशीन से प्रारंभ की जाएगी। आई का अपरेशन की गुणवत्तापूर्ण सर्जरी के लिए ए-स्कैन उपकरण क्रय किया जा रहा है। आईसीयू में डेवलपमेंट के लिए नियोनेटल वेंटीलेटर एबीजी मशीन इत्यादि सक्रिय किया जा रहा है। इसके अलावे फिजियोथैरेपी अस्पताल का महत्वपूर्ण विभाग है जिसके लिए ओएनजीसी से कई उपकरण भी दिया जा रहा है एवं लेबर रूम के मरीजो के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा के लिए भी एलडीआर बेड तथा फ्लो बेड ओएनजीसी से उपलब्ध कराया जा रहा है।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भीठ गांव में गुप्त सूचना पर नौला पिकेट प्रभारी अकरम खां के नेतृत्व में पुलिस बल ने छापेमारी कर 15 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही सैंकड़ों लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को विनष्ट कर दिया। देसी शराब बनाने वाले उपकरण को जब्त कर लिया। पिकेट प्रभारी अकरम खां ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी की पहचान भीठ गांव के वार्ड संख्या 12 निवासी रामाधार मुखिया के पुत्र सुखदेव मुखिया के रूप में की गई।उन्होंने बताया कि थाने में मद्य उत्पाद निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारी में दहशत है।

### युवक का शव बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नौला गांव के गोइठा चौर से 12 वर्षीय बालक का शव पुलिस ने बरामद किया है।मृत बालक की पहचान वार्ड संख्या 19 निवासी चितरंजन यादव के 12 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। पिकेट प्रभारी अकरम खान ने शव को पोस्टमार्टम हेतु बेगुसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। बालक 3 अक्टूबर की शाम से गायब था। परिजन ने 4 अक्टूबर की शाम लगभग 8 बजे नौला पिकेट को गुमसुदी का आवेदन दिया था। नौला पिकेट प्रभारी ने 5 तारीख की संध्या गोयठ चौड़ के पानी से लाश बरामद किया।

### तीन दिवसीय गैर आवासीय ट्रेनिंग

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित बाईट सभागार में समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दूसरे बैच का तीन दिवसीय गैर आवासीय ट्रेनिंग की शुरूआत की गई। ट्रेनर कमल कुमार मौर्य व विश्वनाथ प्रसाद ने चिह्नित शिक्षकों को प्रत्येक स्कूल में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की पहचान करने के तौर तरीके को बताया। पहचान किये गए दिव्यांग बच्चों का स्क्रीनिंग करने, यू डायस पोर्टल पर इनरोलमेंट करने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने में सहयोग करने, इस प्रमाण पत्र से मिलने वाली सहायता, सहायक उपकरण उपलब्ध कराने, सामान्य बच्चों के साथ समाविष्ट कर बेहतर शिक्षण हेतु शिक्षण उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर नोडल शिक्षक विकास, निकिता, रश्मि, शिवानी, मनीष, रूबी, सोनी, रजनी, प्रियंका, सुबोध सहित अन्य मौजूद थे।

### पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के नौला पंचायत में तीन दिनों से लापता बच्चे का रविवार के दोपहर नौला बहियार में शव तैरते हुए स्थिति में बरामद हुआ। जिसकी सूचना पाकर भगवानपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगुसराय भेज दिया। मृतक बच्चे की पहचान नौला पंचायत वार्ड संख्या 19 निवासी चितरंजन यादव के पुत्र पवन कुमार के रूप में किया गया। वहीं परिजनों की आशंका है कि मेरे बच्चे को हत्या कर शव को पानी में फेक दिया गया। हालांकि पुलिस हर बिंदु पर जांच करने की बात कही। घटना की जानकारी मिलते ही बेगूसराय के पूर्व विधायक अमिता भूषण ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर गहरा दुख व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि हम पीड़ित परिवार के साथ हैं जहां तक हमसे संभव होगा सरकारी सहायता से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।इस दौरान श्रीमती भूषण के साथ प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज सहनी, विजय सिंह,रामप्रीत यादव, बाल्मीकि यादव, शंभू साह,संजीव सिंह, हीरा झा, नरेश सिंह, देवेंद्र सिंह,अमित कुमार के साथ कई ग्रामीण मौजूद थे।

### कुष्ठ रोगी खोज अभियान प्रारंभ

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी क्षेत्राधीन सभी पंचायतों में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की शुरूआत सोमवार से हुई। पीएम डब्लू रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान 15 अक्टूबर तक संचालित होना है। इसके लिए 93 हाउस टू हाउस टीम की तैनाती की गई है। ये स्वास्थ्य कर्मी अपने पोषक क्षेत्र में माइक्रो प्लान के अनुरूप घरों का भ्रमण कर शरीर पर ताम्र रंग के दाग धब्बे वाले व्यक्ति जिसमें सूनापन आ गया है को खोज कर पीएचसी जांच हेतु रेफर करेंगे। यहाँ जांच के उपरांत निदान हेतु एमडीटी की गोली उपलब्ध करायी जाएगी। प्रथम दिन 93 दल कर्मियों ने 1975 घरों का भ्रमण कर 07 संदिग्ध व्यक्तियों की खोज की। बी सीएम उषा कुमारी आदि ने इनके कार्यों का अनुश्रवण किया।

### शराब सहित अन्य मामलों में 18 गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 18 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 13 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। इस क्रम में शराब के शीर्ष कांडों में 9 एवं अन्य शीर्ष कांड में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1076 वाहनों की जांच की गई जिसमें 36000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 87.70 लीटर देसी, 138.68 लीटर विदेशी शराब एवं 3 बाइक बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक की माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोकथाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जल निकासी में सुधार के लिए नए ड्रेनेज सिस्टम का नगर निगम करेगा विकासः गरिमा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारी बरसात से जगह जगह जल जमाव की समस्या को दूर करने के लिए महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने रविवार को विभिन्न समस्याग्रस्त वार्डों का भ्रमण किया। इस क्रम में बानू छापर के वार्ड 27, मंशा टोला वार्ड वार्ड 32, वार्ड 33 के साथ वार्ड 34 के विभिन्न स्थानों पर जल जमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक कार्यों का निर्देश महापौर श्रीमति सिकारिया द्वारा दिया गया। इसी क्रम में बानू छापर के वार्ड नंबर 27 में जल जमाव की समस्या बढ़ जाने को लेकर महापौर ने बानू छापर के तीनों वार्डों जल जमाव जमाव की समस्या और बढ़ जाने को लेकर स्थानीय पार्षद गण से विचार विमर्श के बाद महापौर ने नया ड्रेनेज सिस्टम की कार्य योजना बनाने के लिए एक अध्ययन दल गठित करने का आश्वासन जल जमाव से पीड़ित लोगों को दिया। महापौर ने बताया कि ब्रिटिश काल से जारी जल निकासी व्यवस्था मे पूर्व से खाली भूखंडों पर बिना नक्शा पास कराए ही दर्जनों मकानों का निर्माण करा लेने से भी पारंपरिक जल निकासी व्यवस्था में व्यवधान आया है।

### सेवानिवृत प्रोफेसर के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, के सेवानिवृत प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन की सूचना पर मुंशी सिंह महाविद्यालय में शोक सभा का आयोजन दिनाँक - 06/10/2025 को किया गया। प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष भी थे। उन्होंने 33 वर्षों तक महाविद्यालय में अध्यापन का कार्य किया` मौके पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.एन. हक, डॉ. एके रंजन, डॉ. मयंक कपिला, डॉ. शफीकुर रहमान, अमरजीत कुमार चौबे, डॉ. मो. मशहूर आलम, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार, डॉ. गौरव भारती, प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार राव, राजेश कुमार, हर्षवर्धन कुमार, सूबेदार प्रदीप द्विवेदी, ओम प्रकाश राय और संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# विधायक श्रीकांत यादव ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** एकमा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार निरंतर बढ़ रही है। विधायक श्रीकांत यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के एकमा व मांझी प्रखंडों में दो दिनों के दौरान कई जनहितकारी योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया गया। इन कार्यक्रमों ने क्षेत्र में जनविकास की नई दिशा स्थापित की है। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि हमारा हर कदम जनता के विकास व सुविधा को समर्पित है। विधायक द्वारा शिलान्यास व उद्घाटन कार्यों की सूची में पंचायत परसा दक्षिण, ग्राम देवढ़िया-सेन्दुआर मुख्य पथ से



ग्राम देवढ़िया तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, पंचायत परसा उत्तरी, ग्राम परसगढ़ (वार्ड संख्या 08), काली स्थान के पास चबूतरा निर्माण कार्य, पंचायत परसा दक्षिणी, ग्राम भुंधरी (धानुक टोला), ब्रह्म स्थान के पास चबूतरा निर्माण कार्य, ग्राम नवादा वार्ड -02 चारमुहानी से ग्राम बवनागंज सीमा तक पीसीसी सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य, ग्राम जामनी अमनौर



(भंडारीनाथ पोखरा के पास) सरकारी भूमि पर पुस्तकालय निर्माण कार्य, ग्राम धानाडीह में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम धनौती में चबूतरा निर्माण कार्य, ग्राम बनपुरा में छठ घाट निर्माण कार्य, मांझी प्रखण्ड के पंचायत महम्मदपुर के ग्राम सिंगही स्थित मध्य विद्यालय में कला मंच निर्माण कार्य आदि शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, शिक्षा व संस्कृति को नई दिशा मिलेगी तथा सामाजिक गतिविधियों में नया जोश व सहभागिता देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान इस अवसर पर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव, अवधेश यादव, जितेंद्र यादव, कन्हैया यादव, वकील यादव, श्री भगवान राय आदि के अलावा भारी संख्या में राजद कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने विधायक श्रीकांत यादव के जनसंपर्क, सक्रिय नेतृत्व व विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

## पूरे बिहार में चल रही एनडीए के पक्ष में हवा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव की तिथि घोषणा के बाद प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल ने कहा है कि पुरे बिहार में राजग के पक्ष में हवा चल रही है। राजग के पांचो दल मिलकर पुरे बिहार में हर हाल में इस बार निर्धारित लक्ष्य 225 को पुरा करेंगे। वे देर शाम अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। डा. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता का विश्वास हासिल है। बिहार में विकास का काफी काम हुआ है। इन कामों का चर्चा पुरे देश में है। बिहार में महिलाओं को रोजगार के लिए दस हजार रुपये दिये गये है। 2020 के चुनाव में जो हमार लक्ष्य निर्धारित किया गया था और जनता से जो वायदा किया गया था उसको पुरी तरह से अनुपालन किया गया है। इस बार सरकार ने एक करोड़ लोगो को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसे हमलोग निश्चित तौर पर पुरा करेंगे। बिहार के मतदाताओं में काफी उत्साह है। उन्होंने चुनाव आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहली बार शत प्रतिशत बुथों पर बेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। किसी भी बुथ पर कोई भी गड़बड़ी होगी तो बीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से सामने नजर आ जायेगा। वोटर को सुविण्धा दी गयी है कि अपने इलेक्शन एजेंट से सीधे बात कर सके। चुनाव आयोग ने पूरी पारदर्शिता बरतने का भी वादा किया है।

## शौच करने गई 12 वर्षीय बालिका की पोखर में डूबने से हुई मौत



**चिरैया(पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के बाराजयराम गांव स्थित खेल मैदान के समीप पोखर के किनारे शौच करने गई एक 12 वर्षीय बालिका की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी रामप्रवेश मुखिया की 12 वर्षीय पुत्री कुशमी कुमारी के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चिरैया पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय वह पोखर किनारे शौच करने गई थी। इसी क्रम में पैर फिसलने से वह पोखर में गिर गई। जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतका के दो भाई व एक बहन थी। वह सबसे छोटी थी। मृतका बाराजयराम गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के तीसरी कक्षा की छात्रा थी। बताया गया कि वह सोमवार की दोपहर घर से शौच के लिए निकली थी। डूबने के बाद कुछ देर के बाद लोगों ने उसे पानी में उपलता हुआ देख कर परिजनों को बुलाया। तब तक वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृतका के परिजनों द्वारा अभी तक आवेदन पत्र नहीं दिया गया है। भाजपा के चिरैया पश्चिमी मंडल महामंत्री चंदन कुमार पटेल ने अंचलाधिकारी से मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग किया है।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तृतीय चरण में 21 सौ करोड़ की राशि का डी बी टी के माध्यम से हुआ अंतरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आर्थिक सहायता के रूप में परिवार की एक महिला को अपनी पसंद के रोजगार हेतु 10,000 रुपए प्रथम किस्त की राशि का अंतरण कार्यक्रम किया गया ' इस कार्यक्रम के तृतीय चरण में बिहार के कुल 21 लाख महिलाओं को डी०बी०टी० के माध्यम से कुल 2.100 करोड़ की राशि का अंतरण किया गया है। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बिहार के सभी जिलों में किया गया है, इसी क्रम में पूर्वी चंपारण जिला के राजेंद्र भवन, मोतिहारी में भी इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें जिलाधिकारी, नगर आयुक्त,उप विकास आयुक्त,सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के



पदाधिकारियो के साथ-साथ लगभग 500 की संख्या में जीविका दीदियाँ उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम के अतिरिक्त पूर्वी चंपारण जिले के प्रत्येक प्रखंड में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें सभी 27 प्रखंड मुख्यालयों में (प्रत्येक प्रखंड में लगभग 500) कुल 13,500 महिलाओं, जीविका के कुल 80 संकुल स्तरीय संघ में (प्रति संकुल संघ करीब 200) कुल 16,000 महिलाओं, जीविका के कुल 3,700 ग्राम संगठनों में (प्रति ग्राम संगठन लगभग 120) कुल 4,44,000 महिलाओं ने इस लाइव प्रसारण में भाग लिया है।साथ ही अन्य स्थानों पर भी टी०वी०, यूट्यूब एवं अन्य माध्यमों से इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया है। इस तरह पूरे जिले में कुल 5,000 से अधिक जगहों पर लगभग 05 लाख से अधिक महिलाओं ने इस लाइव प्रसारण को देखा है। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिहार के सभी पात्र परिवारों के एक महिला को रुपए 10,000 की राशि प्रथम किस्त के रूप में अंतरित की जा रही है, साथ ही उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आगे चलकर ₹2,00,000 तक की अतिरिक्त सहायता दिए जाने का भी प्रावधान है।इस योजना के तहत प्रथम एवं द्वितीय चरण में पूर्वी चम्पारण जिला में कुल 4,20,000 महिलाओं को कुल 420 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया जा चूका है तथा आज के कार्यक्रम में कुल 55,000 महिलाओं को कुल 55 करोड़ रुपए की राशि भेजी गई है। इस राशि को प्राप्त कर जिले में जीविका से जुड़ी हुई महिलाओं के परिवारों एवं अन्य महिलाओं में खुशी का माहौल है।

## उद्घाटन के अगले ही दिन बंद पड़ा कोटवा अस्पताल, लौट रहे हैं मरीज

### केवल सुरक्षा गार्ड के भरोसे अस्पताल मरीजों की बढ़ी परेशानी

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन कुछ दिन पूर्व बड़े ही धूमधाम से किया गया था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में अस्पताल को जनता के लिए समर्पित किया गया। लेकिन उद्घाटन के अगले ही दिन से अस्पताल के दरवाजे बंद हैं, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। पूरे अस्पताल की जिम्मेदारी फिलहाल सुरक्षा गार्ड रामेश्वर सिंह के कंधों पर है। उनके अलावा न डॉक्टर मौजूद हैं, न ही नर्स या अन्य स्वास्थ्यकर्मी । मरीज अस्पताल पहुंच तो रहे हैं, लेकिन बिना इलाज के लौटने को मजबूर हैं। कोटवा सहित आसपास के गांवों से दर्जनों मरीज रोजाना




अस्पताल पहुंच रहे हैं। कोई बुखार तो कोई प्रसव पीड़ा से परेशान होकर आता है, मगर डॉक्टर और स्टाफ के अभाव में उन्हें निराश लौटना पड़ता है। स्थानीय लोग आशनारायण सहनी, दुलार यादव,मुखिया मुखलाल राम, सरपंच शर्मा राम आदि ने आरोप लगाया कि अस्पताल का उद्घाटन केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए किया गया। अब जब जरूरत है, तो स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन मौन है। ग्रामीणों ने जल्द व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। पिएचसी प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि कूलिंग सिस्टम सहित कुछ उपकरण को स्थापित नहीं किया गया है, उसके स्थापित होने के बाद, वहां मरीजों को देखा जाएगा।

## सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया में अत्यधिक भीड़ होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया श्यामपुर बाजार के ब्रांच में अत्यधिक भीड़ होने के कारण आदापुर के उच्च कोटी के व्यवसायिकों में काफी मायूसी के साथ आक्रोश का माहौल बनी हुई है क्योंकि इनके निकासी एवं जमा करने में अत्यधिक भीड़ का सामना करना पड़ रहा है श्यामपुर बाजार के व्यवसायी कुणाल कुमार का कहना है वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीरा देवी का आरोप है कि विगत एक सप्ताह से बैंक में घुस ही नही पा रही हू क्योंकि भीड़ इतनी हैं दशहरा दिवाली छठ को लेकर पैसे की जरूरत सबको है फिलहाल प्रबंधक को व्यवस्था करनी चाहिए, प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि भीड़ जुटने का कारण यह है कि ब्रांच उपभोक्ताओं के साथ साथ पेंशन धारी, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, जीविका दीदी, के वाई सी, आधार लिंक, मोबाइल नंबर, जिविका का नया खाता ,में सब मूल कारण है।

## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी सम्मान समारोह सह विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मभूमि चम्पारण के ऐतिहासिक निलहो के शोषण का केंद्र बिंदु भेलवा कोठी में गांधीग्राम सेवा समिति के तत्वधान में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समान समारोह का आयोजन संयोजक मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह (काका) द्वारा किया गया.इस दौरान वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी के प्रतिमा पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया.स्मारक प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन के साथ- साथ स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों को फूलमाला तथा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ चंद्रभूषण कुमार ने किया जबकि संचालन युवा गांधीवादी हरेंद्र पंडित ने किया.बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि भेलवा कोठी को गांधी सर्किट से जोड़ने के लिए सकारात्मक पहल किए जायेंगे. अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षाविद् अरुण कुमार सिंह,सरपंच प्रतिनिधि रामवृक्ष राम, समाजसेवी ओमप्रकाश पासवान, सरोज सिंह, रामअनुप महतो, मुकेश प्रसाद, रामसकल राय, संतोष सिंह, अशोक प्रसाद,विशाल कुमार, हीरालाल पासवान,लक्ष्मण राम,कमलेश सिंह समेत दर्जनों गांधीवादी विचारक मौजूद रहें।

## प चम्पारण में 11 नवंबर को डाले जाएंगे वोट, आदर्श आचार संहिता लागू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा कर दी है। जारी प्रेस नोट के अनुसार प.चंपारण जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 11 नवंबर के चुनाव कराये जायेंगे। प्रभारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तिथि घोषित कर दी गयी है। इस तिथि की घोषणा के बाद अब जिले में आदर्श आचांर सहिता लागू कर दिया गया है। अब जिले में कोई भी शिलान्यास एवं उदघाटन पर रोक लगा दी गयी है। इसके साथ हीं जिले में धरना प्रर्दशन पर भी रोक लगा दिया गया है। डीडीसी ने बताया कि जारी प्रेस नोट के अनुसार प.चंपारण जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में 11 नवंबर को मतदान कराये जायेगे। इसके लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी। अधिसूचना जारी होते हीं नामांकन की प्रक्रिया आरंभ कर दी जायेगी। कार्यक्रम के अनुसार 13 से लेकर 20 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को करायी जायेगी। वहीं 23 अक्टूबर नामांकन पत्र वापसी के बाद अभ्यर्थियों को प्रतीक चिंह का आवंटन किया जायेगा। और मतदान 11 नवंबर को कराये जायेंगे।डीडीसी ने बताया कि वाल्मीकिनगर के लिये जिला पंचायती राज पदाधिकारी शौरभ आलोक, रामनगर के लिये डीसीएलआर बगहा अँजेलिका कृति, नरकटियागंज



के लिये एसडीएम सूर्यप्रकाश गुप्ता, बगहा के लिये एसडीएम गौरव कुमार, लौरिया के लिये अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, नौतन के लिये डीसीएलआर बेतिया शिवम गुप्ता, चनपटिया के लिये डीडीसी सुमित कुमार ,बेतिया के लिये सदर एसडीएम विकास कुमार एवं सिकटा के लिये डीसीएलआर नरकटियागंज चंद्रशेखर कुमारन को बनाया गया है। प्रेस सम्मेलन में मौजूद वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने बताया कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि चुनाव को भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिये जिले को 18 कंपनी अर्धसैनिक बलों का आगमन हो चुका है। जिसमे 14 कंपनी को बेतिया पुलिस जिला एवं 4 कंपनी बगहा जिला में तैनात किया गया है।

## आरएनबीएस इंटर कॉलेज की संरक्षक बनी विधायक शालिनी मिश्रा

**चकिया (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत माधोपुर गोविन्द गांव स्थित रूप नारायण भवन सिंह इंटर कॉलेज के संरक्षक विधायक शालिनी मिश्रा को बनाया गया है। उक्त कॉलेज का संचालन विगत दो वर्षो से वत्स भारती सोसाइटी द्वारा हो रहा है जहाँ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस कॉलेज की स्थापना शिक्षाविद उमेश सिंह द्वारा उनके पूज्य दादा स्व. भवन सिंह एवं पिता जी स्व. रूप नारायण सिंह के पुण्य स्मृति में विशेष कर ग्रामीण परिवेश के आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने के उदेश्य से किया गया है। इंटर कॉलेज को बिहार विद्यालय परीक्षा समिती पटना द्वारा वर्ष 2023 में मान्यता प्रदान की गई। कॉलेज प्रबंधन समिति ने एक बैठक आयोजित कर संरक्षक नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित किया, जिसके बाद केसरिया की विधायक शालिनी मिश्रा को आरएनबीएस इंटर कॉलेज का संरक्षक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक सत्यम कार्तिकेय वत्स ने नियुक्ति पत्र श्रीमती मिश्रा को प्रदान किया। विधायक शालिनी मिश्रा ने कॉलेज प्रबंधन समिति को उचित मार्गदर्शन, शिक्षण प्रणाली में आधुनिकीकरण, कौशल प्रशिक्षण, छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## नरकटियागंज पहुंची अर्धसैनिक बलों की दो कंपनी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अर्द्धसैनिक बलों की टीम नरकटियागंज में उतरने लगी है। फिलहाल नरकटियागंज में अर्धसैनिक बलों की दो कंपनि पहुंची है। उक्त जानकारी देते हुए एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर अर्द्धसैनिक बलों की कंपनी आनी शुरू हो गयी है। जवानों को लाने के लिए शनिवार को बस, ट्रक, मैजिक पिकअप, स्कार्पियो समेत 15 वाहनों को मुजफ्फरपुर भेजा गया था। हालांकि इसमें 10 वाहन जिला से प्रखंड को उपलब्ध कराया गया था। है। एआरओ ने बताया कि अर्धसैनिक बलों का आवासन नगर के रेलवे प्रवेशिका प्लस टू विद्यालय और साठी के राजा राम हाई स्कूल में बनाया गया है। दोनों कंपनियों में अधिकारी समेत कुल 240 जवान शामिल हैं।

## तीन बड़ी परियोजनाओं का सांसद ने किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** पर्यटन विभाग और खेल विभाग से बड़ी परियोजनाओं का सोमवार को राजेन्द्र नगर भवन में सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने शिलान्यास किया। अपने संबोधन में सांसद श्री सिंह ने चल रहे विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि आज हम बढ़ते और बनते मोतिहारी की तस्वीर देख रहे हैं। यह तभी संभव हो पाया जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी। श्री सिंह ने कहा कि आज मोतिहारी का जो स्वरूप नजर आ रहा है इसमें मोतिहारी के विधायक प्रमोद कुमार का योगदान महत्वपूर्ण है। श्री सिंह ने कहा कि रोविंग क्लब में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा चौदह करोड़ निन्यानवे लाख अठ्ठासी हजार चार सौ रुपए की योजना स्वीकृत हुई है। योजना के अन्तर्गत बहुउद्देशीय हॉल एवं रेस्टूरेंट, घाट एवं व्यू-प्वाईंट, शौचालय ब्लॉक, तथा प्रवेश द्वार का निर्माण, लैंडस्केपिंग और एम०ई०पी० सर्विसेज इत्यादि से संबंधित कार्य किया जाना प्रस्तावित है। योजना को आगामी 12 माह में पूर्ण किये जाने की संभावना है। आज जिन योजनाओं का 25.55 करोड़ की लागत से मोतिहारी के मुंशी सिंह कॉलेज में आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, 2.82 करोड़ की लागत से एलएनडी कॉलेज में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण एवं 14.99 करोड़ की लागत से मोतीझील लेकफ्रंट विकास कार्य का शिलान्यास शामिल हैं। वहीं श्री सिंह ने बताया कि पिपराकोठी में पिपराकोठी झील के विकास कार्य का शिलान्यास किया। जिसमें 14 करोड़ 97 लाख 37 हजार 320 रुपए की लागत से बनने वाले चहारदीवारी, पाथवे, पार्किंग,थीमेटिक गेट, कैफेटेरिया, शौचालय ब्लॉक, लैंडस्कैपिंग, हाई मास्ट लाइट, बेंच एवं डस्टबिन का अधिष्ठापन होगा। मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, भाजपा मोतिहारी उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, भाजपा मोतिहारी दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा सहित निगम पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नगर विकास एवं आवास मंत्री ने किया कई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री जीवेश मिश्रा ने समाहरणालय स्थित राजेन्द्र सभागार में सोमवार को कई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। योजनाओं में 11 करोड़ 87 लाख की मोतीझील पर मिस्कॉट से बेलबनवा होते हुए गायत्री नगर, 6 करोड़ 26 लाख की मोतिहारी नगर की 19 योजनाएँ, 11 करोड़ 64 लाख की मुख्यमंत्री समग्र शहरी योजना के तहत 14 सड़कों एवं नाला का शिलान्यास हुआ। वहीं 29 करोड़ 77 लाख की पॉलिटेक्निक कॉलेज से मजूराहां फायरिंग रेंज के पीछे धनौती के लेफ्ट बैंक पर मजूराहां उच्चस्तरीय पुल के पहुंच पथ तक सड़क निर्माण का शिलान्यास, 26 करोड़ 27 लाख की रोविंग क्लब से मिस्कॉट तक अटल पथ का उद्घाटन, 36 करोड़ 60 लाख की मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (अवशेष) के तहत 18 सड़कों का शिलान्यास, 24 करोड़ की ग्रामीण कार्य विभाग के तहत 17 प्रमुख सड़को का कार्यारम्भ हुआ। नागर विकास एवं आवास विभाग की 1 करोड़ 63 लाख के सम्राट अशोक भवन, 2 करोड़ 53 लाख की 18 वार्डों में स्ट्रीट



लाइट का कार्यारम्भ, 3 करोड़ 36 लाख के लागत का एनएच मठिया से धर्मसमाज चौक तक नाला, 11 करोड़ 12 लाख के 50 टी डी पी का एमआरएफ प्लांट का निर्माण कार्य, 2 करोड़ 4 लाख के गांधी चौक से जानपुल चौक से जानपुल चौक तक पेभर ब्लॉक फुटपाथ का शिलान्यास हुआ। कुल 166 करोड़ 68 लाख की कुल 78 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन हुआ। मौके पर गाना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान,मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, महापौर प्रीति कुमारी, डा० लाल बाबू प्रसाद, उपमहापौर, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्वेता भारती, जिलाध्यक्ष भाजपा पवन राज सहित निगम पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स की 26वीं कार्यकारिणी की नवीं बैठक अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के 26 वीं कार्यकारिणी की नौवीं बैठक छोटा बरियारपुर स्थित होटल के सभागार में चेंबर अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई ' महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी ' कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक की शुरूआत नए बनाए गए सदस्यों का फाइनल रिपोर्ट संयोजक के द्वारा दिया गया। तत्पश्चात चैंबर भवन पे अध्यक्ष अंगद जी ने अभी तक के प्रोग्रेस के बारे में बताया । बजट पूर्व चर्चा



नवंबर के मध्य में होगी इस बैठक में सभी व्यापारी के राय को संकलन कर के एक साथ बिहार सरकार को भेजा जाएगा। चैंबर का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम नव वर्ष की उमंग गांव के बच्चों के संग आगामी 21 दिसम्बर को किया जाएगा इसके लिए एक कमिटी का गठन हुआ जिसके लिए चंदू मिश्रा को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया। चैंबर का वन भोज कार्यक्रम 14 दिसंबर को किया जाएगा इसके लिए एक कमिटी का गठन हुआ कार्यक्रम संयोजक रवि शेखर को बनाया गया। आने वाले पर्व त्यौहार पे अध्यक्ष अंगद सिंह ने सभी व्यापारीयों को शुभकामना दी तथा सभी को लोकल खरीदारी करने के लिए प्रेरित किया। सभा में पूर्व अध्यक्ष रवि कृष्ण लोहिया सुधीर अग्रवाल, राजीव विजडम उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुनील कुमार श्रीवास्तव ,संयोजक मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया उपसचिव अनिल बोहरा, कार्यकारिणी सदस्य सत्यव्रत जायसवाल, श्याम कुमार और राहुल शर्मा उपस्थित रहे, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में सुदामा सिंह और डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिती रही ' तालियों के साथ इनका स्वागत किया गया तथा परिचय कराया गया ' सभा का धन्यवाद ज्ञापन अरविंद श्रॉफ के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक स्थगन की घोषणा की गई. उक्त जानकारी महासचिव - सह- मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया ।

# 1 लाख 43 हजार महिलाओं को 143 करोड़ की राशि का अन्तरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत 21 लाख महिला लाभुकों को रुपये 10,000/- प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ की राशि का अन्तरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स सभागार भवन, जहानाबाद में आयोजित किया गया। इस योजना के तहत राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को रोजगार शुरु करने के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर रोजगार की तरफ उन्मुख करना है। राज्य सरकार की अभूतपूर्व पहल से हर समुदाय तथा हर वर्ग के परिवारों की महिलायें इस योजना का लाभ ले सकती हैं। अपनी पसंद का रोजगार शुरु करने के लिये प्रारंभिक राशि रुपये 10 हजार दी जा रही है। बाद में आकलन कर रूपये दो लाख






रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता का प्रावधान है।अपनी पसंद के रोजगार हेतु प्रशिक्षण की भी व्यवस्था है। लाभुकों को राज्य में सफ़लता पूर्वक कार्यरत 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1 करोड़ 40 लाख से अधिक जीविका दीदियों की संगठनात्मक व्यवस्था का सहयोग मिलेगा। इस योजना के तहत समूह से वंचित परिवारों को स्वयं सहायता समूह में जोड़ने का कार्य भी साथ में किया जा रहा है। योजना का लक्ष्य महिलाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केन्द्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। जहानाबाद जिला अन्तर्गत अभी तक कुल 1 लाख 43 हजार से अधिक परिवारों को प्रति लाभुक 10,000/- रुपए की दर से 143 करोड़ रुपए राशि का अंतरण किया गया। अगली कड़ी में शेष परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के द्वारा योजना से लाभान्वित सभी महिलाओ को बधाई दी गई है तथा स्वालंबन एवं आर्थिक विकास के राह पर उन्मुख होने की दिशा में बढ़ते रहने का आह्वान किया गया है। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, डॉ प्रीति एवं जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण समेत एक सौ से अधिक जीविका दीदियाँ उपस्थित थे। जिला मुख्यालय समेत सभी 7 प्रखंड मुख्यालयों, 19 संकुल संघों तथा 960 से अधिक ग्राम संगठनों में इस कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण किया गया। वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारित इस कार्यक्रम को जिले की 1 लाख 50 हजार से अधिक जीविका दीदियों ने देखा व सुना।

## जहानाबाद में 8.43 करोड़ की परियोजनाओं की मिली सौगात

**मुख्यमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऊर्जा प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इस अवसर पर जहानाबाद जिले में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं विद्युत विभाग से जुड़े पदाधिकारी व कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत जहानाबाद जिले में कुल 8.43 करोड़ रुपये की ऊर्जा परियोजनाओं की शुरुआत की गई। जिले में दो नई 33 केवी पावर लाइनों के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई, जिसकी लागत 3.14 करोड़ रुपये है—

टेहटा ग्रीड उपकेंद्र से सागरपुर तक,

इरकी ग्रीड उपकेंद्र से चैनपुर शक्ति उपकेंद्र तक, इसके अलावा 33 केवी लाइन की तीन रिकन्डक्टरिंग परियोजनाओं की भी 0.92 करोड़ रुपये की लागत से शुरुआत की गई—

इरकी ग्रीड उपकेंद्र से राजाबाजार तक

इरकी ग्रीड उपकेंद्र से जहानाबाद शक्ति उपकेंद्र तक

इरकी ग्रीड उपकेंद्र से सट्टि मोड़ तक

साथ ही, टेहटा ग्रीड उपकेंद्र में 50 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर की स्थापना द्वारा क्षमता वृद्धि कार्य का भी शुभारंभ किया गया। जिले में तीन नई 33 केवी पावर लाइनों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिसकी कुल लागत 5.29 करोड़ रुपये है-

कादीरगंज शक्ति उपकेंद्र से चरूई शक्ति उपकेंद्र तक, इरकी ग्रीड उपकेंद्र से बभना तक, एकंगरसराय ग्रीड उपकेंद्र से तेलहाड़ा शक्ति उपकेंद्र तक। इन परियोजनाओं के पूरा होने से जहानाबाद जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, ट्रांसमिशन नेटवर्क का विस्तार होगा और उपभोक्ताओं को अधिक स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## 'गैंगस्टर इन बिहार' फिल्म में दिखेंगे औरंगाबाद के कलाकार अजय श्रीवास्तव व मंटू सिंह

**कल 8 अक्टूबर को फिल्म का ट्रेलर होगा रिलीज**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। फिल्म पौगस्टर इन बिहार फिल्म पूरी तरह से बनकर तैयार हो गई है। फिल्म का ट्रेलर कल बुधवार को रिलीज होगी। फिल्म में औरंगाबाद के कलाकार अजय श्रीवास्तव मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। बता दें कि फिल्म चर्चित वर्चस्व की लड़ाई पर आधारित है। बता दें कि यह पूरी फिल्म दो वर्ष पहले ही तैयार हो चुकी थी परंतु जब सेंसर बोर्ड ने अपनी सहमति जारी की तब







यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। फिल्म के निर्माता राम शर्मा और निर्देशक दिलआवेज खान है। वहीं फिल्म के कार्यकारी निर्माता गया राज व मिथुन मधुकर है। फिल्म पूरी तरह से मारवाई से भरपूर है। बता दें कि फिल्म में मुख्य किरदार भोजपुरी, अभिनेता प्रवेश लाल यादव, प्रमोद प्रेमी, राम शर्मा, संजय पांडेय, अभिनेत्री रानी चटर्जी, श्रेया मिश्रा, आर्य बाबू, मंटू सिंह, अजय श्रीवास्तव, डा. अमरनाथ पाठक, अमृत अग्रवाल, शजी खान के अलावा दर्जनों कलाकार ने निभाया है। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर आएनएन म्युजिक भोजपुरी यूटयूब चैनल और हमार टीवी ओटीटी पर रिलीज होगी।

## एक नजर

### करंट लगने से युवक की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में प्रशिद प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार खेत में पशु के लिए चारा काटने गया था। इसी बीच अचानक बिजली के करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मखदुमपुर थाने की पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि फतेहपुर गांव से सूचना मिली थी कि एक युवक का बिजली के करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि युवक खेत में चारा काटने गया था इसी बीच बिजली के तार के संपर्क में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

### चुनाव से पूर्व गोह पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**औरंगाबाद**। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गोह पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इसका उद्देश्य चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना है। इस दौरान पुलिस के जवानों ने गोह बाजार सहित विभिन्न जगहों पर पैदल मार्च किया। मतदाताओं से अपील की गई कि क्षेत्र में मतदान को लेकर किसी प्रकार की बहस न करें। वहीं, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि चुनावी माहौल को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त की जा रही है। इसी के मद्देनजर आगामी चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखाने के लिए थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मार्च निकला गया और शांति का संदेश दिया गया। वहीं मतदाताओं को सुरक्षा का अहसास करवाया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो ऑटो सवार घायल

**औरंगाबाद**। शहर के रमेश चौक पर स्कॉर्पियो की चपेट में आने से ऑटो सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के रामसागर गांव निवासी जनेश्वर राम के पुत्र धीरेंद्र कुमार एवं नवीनगर स्थित मंगल बाजार निवासी छोटू कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि छोटू कुमार अपने घर से किसी काम के सिलसिले औरंगाबाद कचहरी में जा रहा था। वहीं धीरेंद्र इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जा रहा था। इस दौरान दोनों ऑटो पर किनारे वाली सीट पर बैठे हुए थे। जैसे ही ऑटो शहर के रमेश चौक पहुंची, तभी एक स्कार्पियो में बैठा एक व्यक्ति ने गेट खोल दिया, जिससे धीरेंद्र और छोटू उसकी चपेट में आकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### बृजनंदन कु. की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**औरंगाबाद**। रफीगंज के गाजी कर्मा स्थित छठ घाट के पास सामुदायिक भवन में सोमवार को दिव्यांग कल्याण समिति रफीगंज के संस्थापक सदस्य सह दिव्यांग समावेशी विकास के अग्रदूत बृजनंदन कुमार के तृतीय पुण्यतिथि एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। आयोजन में बिहार विकलांग अधिकार मंच के अध्यक्ष सुखराम सिह विभिन्न प्रखंडों के कोऑर्डिनेटर सागर कुमार, रंजीत कुमार, विजय साव उनके माता-पिता और परिवार के सदस्यों के साथ-साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। बृजनंदन कुमार के तैल्य चित्र पर उपस्थित सभी सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिव्यांग उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। दिवंगत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### आपसी विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के आरबीआर ठाकुर रोड स्थित पानी टंकी के पास आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस घटना में कुल छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। प्रथम पक्ष की ओर से कुंदन कुमार ने बाबूगंज निवासी नितीश कुमार, चरकावां निचलीडीह निवासी सुजीत कुमार उर्फ बाबू, और बाबूगंज के डॉ. मिथिलेश कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए बताया कि पानी प्लांट के पास सभी आरोपी पहले से घात लगाए बैठे थे। रास्ते से गुजरने पर उन्होंने उसे रोक लिया, गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं, द्वितीय पक्ष की ओर से डॉ. मिथिलेश कुमार ने कुंदन कुमार, चंदन कुमार और रिशु गुप्ता को नामजद करते हुए आरोप लगाया कि पानी टंकी के पास अकेला देखकर तीनों ने उनके साथ मारपीट की। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

## प्रभारी मंत्री से बनिया पंचायत में सिचाई की योजनाओं को क्रियान्वित कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन को 6.7.2024 को बनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी ने आवेदन सौंपा था। आवेदन के माध्यम से पंचायत समिति सदस्य ने मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत अंतर्गत निम्नलिखित सिचाई की योजनाओं को क्रियान्वित कराए जाने की मांग की थी। वहीं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन औरंगाबाद के संजीव कुमार सिह ने बताया कि झरही नदी के शिवा बिगहा चहका से सैलवां पईन का जिर्णोद्धार कार्य, बनिया पछियारी तालाब का जिर्णोद्धार कार्य, मंगरावा तालाब का जिर्णोद्धार



कार्य समेत सभी योजनाएं किसानों के खेतों की सिचाई के उपयोगी है किंतु सरकार के द्वारा इन योजनाओं पर कभी ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण इन जलस्त्रोतों का पहचान मिटने के कगार पर है। मदनपुर प्रखंड पूर्ण रूप से प्राकृतिक वर्षा पर आधारित सिचाई पर ही किसान निर्भर है। लगातार सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण सिचाई श्रोतों पर संकट मंडरा रहा है। कहा कि बनिया पंचायत के उपरोक्त सिचाई की योजनाओं से ही किसानों को पटवन का कार्य होता है। कहा कि 8.7.2025 को जिला पदाधिकारी औरंगाबाद एवं कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन विभाग औरंगाबाद को पत्र लिखकर उपरोक्त योजनाओं को क्रियान्वित करवाने की मांग किया हूं कितु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बनिया पंचायत के किसान इन योजनाओं के क्रियान्वित नहीं होने के कारण प्रतिवर्ष अकाल के मार झेलते हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि अविलंब उपरोक्त योजनाओं को क्रियान्वित करवाया जाए।

## देव मोड़ से भोला बिगहा पथ बदहाल, सड़क पर गिरकर चोटिल होते हैं लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। भले ही विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हों लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा एवं जनप्रतिनिधियों में विकास की इच्छाशक्ति नहीं होने के चलते देव मोड़ से भोला बिगहा जाने वाली करीब आठ किमी की सड़क अपनी बदहाली पर इन दिनों आसू बहा रहा है। बता दें कि सड़क का निर्माण दो वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत कराई गई थी परंतु सड़क पर दिन रात हाइवां व ट्रैक्टर चलने से सड़क बनने के साथ ही टूटकर बिखर गई। बता दें इस सड़क से होकर एरकीकला, भोला बिगहा, बीबीपुर, भदवां, आशा बिगहा सहित कई गावों को जोड़ने वाली इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। फिर भी किसी को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। सड़क में जगह-जगह बने गढ्डे व उबड़-खाबड़ सड़क इसकी जर्जरता को खुद बया करती है। सड़क जर्जर होने के कारण दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते इस मार्ग में अक्सर दुर्घटना भी होता रहता हैं। अभी बारिश के दिनों में सड़क की हालत और भी नारकीय हो गई है। जगह-जगह टूटी सड़क कई जगह तो पूरी तरह कीचड़मय हो जाती है। जिससे होकर निकलना राहगीरों को मुश्किल हो जाता है। अब तो हालत यह है कि भाड़े के वाहन भी इस मार्ग से जाने को कतराते हैं। अभिभावक अपने बच्चे को इस सड़क से होकर विद्यालय भेजने में भी डरते हैं। पता नहीं कब हादसा हो जाए। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग जोर शोर से नहीं उठाया लेकिन उनकी आवाज सुननेवाला शायद कोई नहीं है। तभी तो इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह सड़क कोढ़ में खाज बना हुआ है। शिवगंज निवासी रविशंकर कुमार, प्रदीप सिह, एरकीकला निवासी अरविंद सिंह बताते हैं कि सड़क की निर्माण कराने की कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मांग की गई परंतु सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। बताया कि अब तो रिश्तेदार भी गांव आना छोड़ दिए हैं। वे कहते हैं कि जब सड़क बनेगी तभी आपके यहां आएंगे। इतना होने के बावजूद भी अधिकारी चैन की नींद सोए हैं।

## महागठबंधन का कार्यकर्ता सम्मान सह जन संवाद समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। महागठबंधन की ओर से विधानसभा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान सह जन संवाद समारोह का आयोजन किया गया। महागठबंधन की सभी हिस्सा के कार्यकर्ता सम्मान सह जन संवाद समारोह में शामिल थे। उद्घाटन मुख्य अतिथि व कार्यक्रम में शामिल सभी आगुंतकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में शामिल सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता हसपुरा राजद प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार ने की। जबकि संचालन विधायक प्रतिनिधि सचिन कुमार ने किया। सम्मान सह जन संवाद समारोह को संबोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका भारती कुशवाहा ने जन संवाद समारोह में उपस्थित कार्यक्रताओं के कहा महागठबंधन ऐसा सरकार बनाना चाहती है कि जहां जातियता की बात नहीं हो। बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर



ने जो समरस समाज निर्माण की बात कही थी इसे महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ही पूरा करेंगे। बिहार की अस्मिता बचाने के लिए महागठबंधन के सरकार बनाना होगा। उन्होंने सता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा अस्पताल में गोलियां चल रही है। आरक्षण में धांधली किया जा रहा है। इस पर तभी रोक लगेगी जब तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी। बिहार का भला सिर्फ तेजस्वी यादव ही कर सकते है। उन्होंने तेजस्वी लाओ बिहार बचाओ, भाजपा भगाओ का नारा दिया। विधायक भीम कुमार सिंह, अजीत कुशवाहा, राजद महासचिव श्रीनिवास सिंह, प्रदेश सचिव अनील टाइगर, इमरान खां, सीपीआई के चन्द्रशेखर सिंह, माले के दिनेश राम, कृष्णा भारती, कांग्रेस के मिथलेश सिंह, सीपीएम के कामाख्या नारायण सिंह, राजद के ललन चौरसिया, रणजीत सिंह, नंदलाल यादव, राजू यादव, शंभू भारती, रामाश्रय प्रसाद सिंह, आशुतोष राय, रेखा सिन्हा सहित महागठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता तेजस्वी यादव के समर्थन में हुंकार भरा।

## सड़क दुर्घटना में पत्रकार घायल बेहतर इलाज के लिए गया रेफर

**रफीगंज**। रफीगंज-शिवगंज पथ पर उचौली गांव के पास सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में पत्रकार सत्येन्द्र पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना उस समय हुई जब सत्येन्द्र पाठक अपनी बाइक से औरंगाबाद से रफीगंज लौट रहे थे। इसी दौरान उचौली गांव के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से उनकी बाइक टकरा गई। उन्होंने बताया कि सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी के कारण ट्रैक्टर दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। टक्कर लगते ही वे सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉ. एके. केशरी ने उनका प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर ने बताया कि पत्रकार को अंदरूनी चोटें आई हैं, साथ ही पसलियों, घुटनों और पैर में भी चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गया रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष शंभू कुमार, कौशल कुमार चंद्रवंशी, संजय अंबेडकर, तजम्मुल खान, डॉ. तुलसी यादव, लड्डू खान, किशु गुप्ता और सोनू कुमार सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे और घायल पत्रकार से मुलाकात की। घटना के बाद स्थानीय पत्रकार समुदाय ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## जन सुराज पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी और प्रत्याशी चयन को लेकर की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जन सुराज पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। प्रत्याशी चयन को लेकर राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों की बैठक आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जहानाबाद के मखदुमपुर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी के नाम पर विचार के लिए मखदुमपुर के होटल इंपिरियल में जन सुराज के सभी संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों, संभावित प्रत्याशियों, संगठन से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक राज्य मुख्यालय स्तर से नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगरानी में संपन्न हुई। यह बैठक जिला अध्यक्ष विमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। वहीं, पर्यवेक्षक अनुराधा यादव, अवधेश पासवान, प्रदेश कोर कमिटी के सदस्य रामबली सिंह चंद्रवंशी, मुख्य प्रवक्ता रुपेश पंकज की निगरानी में बैठक संपन्न हुआ। इस दौरान बैठक को विधानसभा के संभावित प्रत्याशियों ने भी संबोधित किया। जिसमें अभिराम पासवान, रामबाबू पासवान, एवं प्रेम किशोर पासवान शामिल थे। इन नेताओं ने अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में अपनी बातें कहीं। इस दौरान जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला संगठन महामंत्री और जिला चुनाव अभियान समिति के संयोजक के साथ ही सभी संबंधित प्रखंड अध्यक्ष भी शामिल रहे। उम्मीदवारों की बातें सुनने के बाद संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों ने अपनी राय बंद लिफाफे में मौजूद पर्यवेक्षक को सौंप दिया। बताया गया कि राज्य मुख्यालय स्तर से नियुक्त पर्यवेक्षक संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों की राय के आधार पर अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे। यह कार्यक्रम 3 से 8 अक्टूबर तक बिहार के सभी विधानसभाओं में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले सभी विधानसभा में प्रत्याशी चयन को लेकर दो स्तरों पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों की राय ली गई है। अब पार्टी विधानसभा स्तर पर अपने सभी संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों से राय लेकर प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने जा रही है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला अध्यक्ष विमल शर्मा, प्रदेश कोर कमिटी के सदस्य रामबली सिंह चंद्रवंशी, मुख्य प्रवक्ता रुपेश पंकज, मखदुमपुर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी रंजीत शर्मा, संभावित प्रत्याशी अभिराम पासवान, रामबाबू पासवान, प्रेमकिशोर पासवान समेत जन सुराज के वरीय पदाधिकारियों समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के साथ राजनीतिक कार्यकर्ता हुए सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के चुनाव तिथियां के घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू हो गई है। चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद जिले में जहानाबाद, घोसी और मखदुमपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव द्वितीय चरण में निर्धारित किया गया है। इसके लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। नाम दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है, तथा नाम वापसी की अंतिम तारीख 23 अक्टूबर निश्चित है। चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदान तिथियों के अनुसार जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। वहीं 14 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है। चुनाव आयोग के अनुसार चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी की जानी है। चुनाव की तिथियों की घोषणा के बाद से राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ गई है। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थकों के साथ पार्टी के अधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं के पास अपना दावा प्रस्तुत कर रहे हैं। हालांकि अभी तक किसी भी बड़े राजनीतिक दल की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में अभी तक सभी संभावित प्रत्याशियों के मार्ग चुनाव के लिए खुले हुए हैं। अगर संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की बात करें तो जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में 158716 पुरुष एवं 141856 महिला सहित कुल 300575 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। घोसी विधानसभा क्षेत्र में 258378 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है वहां पर 246702 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में कुल 13 थर्ड जेंडर के मतदाता बताए जाते हैं। वहीं जिले का मतदाता सूची का लिंगानुपात औसतन 888 बताया गया है। पिछले दो चुनाव की बात की जाए तो वर्ष 2020 के विधानसभा निर्वाचन में सबसे अधिक 57.15% मतदान घोसी विधानसभा क्षेत्र में हुआ था, वहीं सबसे कम 52.98% मतदान जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में हुआ था। वर्ष 2024 के लोकसभा निर्वाचन में तीनों विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर 56.03% मतदान दर्ज किया गया था। जिसमें सबसे अधिक 58.33 प्रतिशत मतदान मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम 54.85% मतदान घोसी विधानसभा क्षेत्र में दर्ज किया गया था। वहीं मौजूदा विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों की बात की जाए तो जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत कुल 375 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहीं घोसी विधानसभा क्षेत्र में 329 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, तथा मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में 305 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिले में इस प्रकार कुल 1009 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## सड़क पर आवारा मवेशियों के बैठे रहने से हो रही दुर्घटना

**अधिकारी नहीं कर रहे समस्या का समाधान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर में मवेशियों का जमावड़ा यातायात के लिए एक बड़ी समस्या बन गई। दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी विभिन्न शहरी क्षेत्र में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिसके कारण यातायात काफी खतरनाक हो गया है। शहर के रमेश चौक, सब्जी बाजार, कारगिल चौक, जामा मस्जिद, धर्मशाला चौक सहित मुख्य सड़कों आम रास्तों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं। मुख्य सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है परंतु नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और मवेशियों का जमावड़ा हटने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें कि लोग अपने अपने घरों में पशु धन के रूप में मवेशियों का पालन करते आ रहे हैं। घरेलू में मवेशियों को पशुधन के रूप में पूजा




की जाती है और प्रतिवर्ष दिवाली के मौके पर पशुधन की पूजा अर्चना के लिए गोवर्धन पूजा उत्सव का आयोजन होते आ रहा है। हर मौजा में चारागाह हुआ करता था। कालांतर में लोग अपने घरों में मवेशियों के पालने को झमेला समझने लगे और धीरे-धीरे गांव में मवेशियों की संख्या घटने लगी। किसान जहां पहले बैल एवं भैंसा से हल जोतते थे और कृषि कार्य में भी इनका उपयोग किया जाता था। परंतु अब इस ट्रैक्टर के युग में बड़े-बड़े किसान भी बैल या भैंसा रखना छोड़ ट्रैक्टर से खेती करने लगे हैं। बावजूद इसके अभी भी हर गांव में बड़ी संख्या में गाय, बैल, भैंस एवं भेड़ बकरी पाले जाते हैं। मवेशियों की संख्या घटते ही लोग गांव के चारागाह का अतिक्रमण कर मकान आदि बनाए जा रहे हैं जिसके कारण गांव के चारागाह लुप्त के कगार पर है और गांव के मवेशी बेसहारा होकर आश्रय के लिए भटकने लग जाते हैं। वह विचरण के लिए गांव की चारागाह की खूब की तलाश करते हैं परंतु जगह नहीं मिलने पर वे मजबूरन मुख्य सड़क पर ही विचरण करने लग जाते हैं। शहर में यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क पर विचरण कर रहे इन मवेशियों के कारण आए दिन छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है पर इस ओर न तो प्रशासन का और ना ही कोई संगठन का इस ओर ध्यान जा रहा है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं हुआ तो मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी रहेगा जिसने ना केवल पशुधन की क्षति होगी बल्कि राहगीरों का भी जान-माल नुकसान होगा। बीच सड़क पर बैठे आवारा पशुओं के साथ होने वाली दुर्घटना के संबंध में लोगों से चर्चा हुई तो शाहपुर के प्रदीप कुमार, नावाडीह के सुधांशु सिह ने कहा कि सबसे ज्यादा रात के समय वाहन चालकों को समस्या होती है। कुछ आवारा पशु ऐसे हैं जिनका रंग काला होता है और बीच सड़क पर झुम्मड़ लगाकर बैठे रहते हैं। तेज गति से आवागमन वाले वाहन चालकों को ये जानवर दिखाई नहीं देते जिसके कारण दुर्घटना घट जाती है। आवारा पशुओं का झुम्मड़ क्षेत्रों में दिखाई देता हैं, वहीं बीच सड़क पर इक्ठ्ठे बैठ जाते हैं जिसके कारण वाहनो के आवागमन में परेशानियां होती हैं। इन जानवरों को इसी तरह आवारा छोड़कर रखा गया तो एक दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है। लोगों का कहना है कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी मुख्य मार्गों में आवारा पशु बीच सड़क पर बैठ कर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने बुलाई बैठक

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा विधि-व्यवस्था एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष बैठक की गई जिसमें सभी एसडीएम, सीओ एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आगामी चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट (एमसीसी) के पालन में पूरी गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों का त्वरित निपटारा करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि इलेक्शन का शिड्यूल बना लें और उसी के अनुरूप समयबद्ध तरीके से निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराएं। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सहुलियत हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं यथा-पेयजल, शौचालय, बिजली, रैम्प, प्रकाश आदि की व्यवस्था कर ली जाय। बूथों पर मूलभूत सुविधाएं है अथवा नहीं इसका सत्यापन कर लें और नहीं रहने की स्थिति में इसे सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों का मैप, नजरी नक्शा, गुगल मैप, सीएडी मैप आदि तैयार कर लें। इसमें अक्षांस एवं देशांतर को अद्यतन कर लें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विशेष श्रेणी मतदान केन्द्र की पहचान कर वहां सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को विकसित करें ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि जिलास्तर, आरओ स्तर, एआरओ स्तर एवं पोलिंग स्टेशन स्तर पर कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर लें। नाम एवं मोबाइल नंबर का सत्यापन जरूर कर लेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि अर्द्धसैनिक बलों के आवासन स्थल पर प्रकाश, विद्युत, शौचालय, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए। कहा कि चुनाव के लिए आए सभी कर्मियों को रुकने वाले स्थान पर सीओ एवं थाना प्रभारी विजिट कर-के कमियों को दूर करेंगे। पदाधिकारी इस कार्य में विशेष अभिरूचि रखेंगे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न कोषांगों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई और आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफल निर्वाचन संपन्न कराने का आह्वान किया।

# जमुहार में दो दिनों बाद ओपीडी सेवा उपलब्ध



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** शुक्रवार की रात हुई भारी वर्षा के कारण रोहतास जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसमें गोपाल नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार की ओपीडी सेवा बाधित हो गई। शनिवार एवं सोमवार को केवल आपातकालीन सेवा उपलब्ध थी। फि लहाल मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ओपीडी सेवा बहाल कर दी गई है। अस्पताल के प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ से उत्पन्न स्थिति से निपटने के बाद अस्पताल प्रशासन पुनः मंगलवार से ओपीडी सेवा प्रारंभ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के फलस्वरूप कई प्रकार की परेशानियां उत्पन्न हुई, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित करने लायक स्थिति बहाल कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मरीजों की परेशानी को देखते हुए मंगलवार से पूर्व की तरह ओपीडी सेवा प्रारंभ कर दी गई है ताकि यहां आने वाले मरीजों को कोई दिक्कत उत्पन्न न हो।

# प्रदेश में हुए चहुंमुखी विकास को बताएंगे कार्यकर्ता

### कैमूर की सभी सीटों पर एनडीए का परचम लहराना ही लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला इकाई की बैठक हुई जिसमें एनडीए सरकार द्वारा प्रदेश के लिए की गई चहुंमुखी विकास के बारे में लोगों को जानकारी देने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रिषभ प्रताप सिंह व संचालन महामंत्री आलोक श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय थे। वक्ताओं ने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार में विकास की गति देश के अन्य राज्यों से अधिक रही है। इस वर्ष विधानसभा के चुनाव में कैमूर की सभी सीटें पर जीत हासिल पर परचम लहराना ही कार्यकर्ताओं का मुख्य लक्ष्य है। एनडीए विकास को लेकर जनता में जाएगी। सबका साथ सबका विकास ही एनडीए सरकार की मुख्य उद्देश्य है। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 70 हजार लाभार्थियों के खाते में 70 करोड़ का अंतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सोमवार को रोहतास जिले के सासाराम स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें तीसरे बैच के रोहतास जिला के लगभग 70 हजार महिला लाभार्थियों के खाते में 70 करोड़ राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। इस मौके पर प्रत्येक परिवार के एक महिला सदस्य को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस-दस हजार का लाभ स्वरोजगार करने हेतु हस्तांतरित किया गया। जिला परियोजना प्रबंधन जीविका सुधीर बहादुर ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के माध्यम से तीनों अंश अंतरण को मिला कर रोहतास जिले के लगभग 3 लाख 38 हजार से अधिक लाभुक दीदियों के खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित किया गया। इस राशि के माध्यम से जिले के कई दीदियों ने स्वरोजगार की शुरूआत भी कर चुकी है- जैसेः पशुधन में गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं गैर कृषि क्षेत्र में भी परचून की दुकान के साथ-साथ खिलौने एवं मैन्युफैक्चरिंग यूनिट जैसे व्यवसाय सफलता पूर्वक शुरूआत किया जा चुका है। इस व्यवसाय के माध्यम से दीदियां आत्मनिर्भर एवं सशक्त हो कर सम्मान के साथ समाज में अपनी पहचान बना रही एवं नारी सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रही, वहीं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में यह योजना लाभकारी सिद्ध होगा। साथ ही व्यवसाय के सर्वेक्षण उपरांत दो लाख रुपए तक आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे, जीविका के डीपीएम सुधीर बहादुर एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में रोहतास जिले के सभी 19 प्रखंड मुख्यालय के सभी 43 संकुल स्तरीय संघों, 1752 ग्राम संगठनों एवं पंचायत भवनों में यह कार्यक्रम लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से आयोजित किया गया। जहां जीविका दीदियां एवं अन्य महिलाएं प्रोजेक्टर, टेलीविजन, टैब, मोबाइल फोन इत्यादि माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ी एवं इस कल्याणकारी योजना की साक्षी बनी।

# छात्र नवयुवक एकता संघ ने किया दानवीर कर्ण सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू प्रखंड के रणजीतगंज गांव में छात्र नवयुवक एकता संघ के तत्वावधान में रविवार को दानवीर कर्ण सम्मान समारोह एवं शिक्षा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाजसेवा और सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर लाने का सुंदर प्रयास किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष धर्मवीर कुमार उर्फ भोला ने की जबकि संचालन का दायित्व बैकुंठ सर एवं रूद्र प्रकाश सिंह बादल ने संयुक्त रूप से निभाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार गुप्ता (विधायक, सासाराम विधानसभा), ओम प्रकाश गुप्ता (शिक्षाविद), योगेन्द्र कुशवाहा (समाजसेवी) तथा ममता देवी (मुखिया, ग्राम पंचायत चितौली) उपस्थित रहीं। इनके साथ-साथ डोमा साह, सत्यानंद जी, आनंद द्विवेदी, अजीत जी, रमेश डॉक्टर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि, मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही गांव के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त गांव के मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग करने वाले बाहरी दानवीरों को 'दानवीर कर्ण सम्मान' से सम्मानित किया गया जिससे समाज में सेवा और दान की भावना को प्रोत्साहन मिला। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संघ के सचिव विजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रूद्र प्रकाश सिंह बादल, हिमांशु शेखर, नीतीश कुमार, राजू रंजन कुमार, राकेश कुमार, अजीत कुमार सहित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने छात्र नवयुवक एकता संघ की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में शिक्षा, संस्कृति और सहयोग की भावना को बल मिलता है।

# शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** विगत कई महीने से वेतन भुगतान हेतु अनुदान प्राप्त नहीं होने के कारण जगजीवन महाविद्यालय डिहरी के प्रांगण में सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में महाविद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कई माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है जबकि कई त्योहारों का आगमन होने वाला है, लेकिन वेतन नहीं मिलने के कारण सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के घर में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। जगजीवन महाविद्यालय के प्रांगण में आज प्रोफेसर आलोक कुमार, प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, प्रोफेसर जयप्रकाश सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर विनय कुमार, प्रोफेसर राकेश कुमार, प्रोफेसर बेबी पार्वती आदि ने काला पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया एवं वेतन भुगतान हेतु अनुदान की मांग की।

# प्राकृतिक आपदा को ले डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/ डिहरी।** जदयू के जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिला पदाधिकारी उदिता सिंह से मुलाकात कर पिछले दिनों हुई भारी बारिश से नुकसान तथा पीड़ित लोगों की पीड़ा से अवगत कराया। इस संदर्भ में जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले के विभिन्न भागों तथा जिला मुख्यालय सासाराम के कई मुहल्ले में जल-जमाव से बहुत से लोग जो मिट्टी के घरों में रहते थे या अपने मवेशी को रखते थे, उन्हें अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन सबको देखते हुए शिष्टमंडल ने जिला पदाधिकारी से यह मांग की कि सभी पीड़ितों के लिए यथाशीघ्र भोजन आवास और दवा की व्यवस्था करायी जाय तथा उनकी हुई क्षति का आकलन कराकर उन्हें समुचित संसाधन उपलब्ध कराया जाय। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा के समय हम सभी का दायित्व बनता है कि आपसी द्वेष और प्रतिद्वंद्विता भूलकर एक-दूसरे की सहायता करें जिससे मानवता की रक्षा की जा सके। शिष्टमंडल में शामिल जदयू के जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने कहा कि बिहार सरकार तथा जदयू पीड़ितों की मदद के लिए हर संभव प्रयासरत है। शिष्टमंडल में रामप्रवेश राम, निखिल, जय सिंह, संजय बैठा, प्रमोद सिंह, अजय महतो, भाजपा के सत्येंद्र सिंह उर्फ भोला जी तथा कमलेश पासवान साहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में पटना स्थित ताज होटल में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिहार राज्य के विभिन्न बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोहतास जिले से चयनित पांच बीएलओ ने भाग लिया जिनमें निम्नलिखित अधिकारी शामिल हैं- पुरुषोत्तम कुमार अकेला, मिथिलेश कुमार, पुष्पा रानी, सुनील कुमार, उर्मिला देवी इन सभी बीएलओ को मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से 212 - डिहरी विधानसभा क्षेत्र के तीन बीएलओ पुरुषोत्तम कुमार अकेला, मिथिलेश कुमार एवं पुष्पा रानी को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में बीएलओ द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की एवं आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 में भी इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करने हेतु सभी बीएलओ को प्रेरित एवं उत्साहित किया।

## मिथिलेश व पुष्पा सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डिहरी विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद डिहरी डालमियानगर के बीएलओ मिथिलेश कुमार तथा पुष्पा रानी को अपर निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन आयुक्त नई दिल्ली के द्वारा सम्मानित किया गया। इनके सम्मानित होने पर नप क्षेत्र के विकास मित्रों में खुशी की लहर है। दोनों को बधाई देते हुए विकास मित्र कामता कुमार ने बताया कि बहुत खुशी है कि नप क्षेत्र के विकास मित्र सम्मानित हुए। बधाई देने वाले में अर्जुन चौधरी, उषा देवी, मीरा देवी, प्रकाश दास, हेवतीं देवी, नीलम काश्मीरा रंजू देवी, जय प्रकाश भारती सहित कई अन्य शामिल हैं।

# चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** चुनाव आयोग द्वारा सोमवार शाम विधानसभा चुनाव को ले आदर्श अचार संहिता लागू होने के बाद अनुमंडल प्रशासन सक्रिय हो गया है। एसडीम निलेश कुमार के अनुसार विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही डिहरी अनुमंडल क्षेत्र के तहत डिहरी, सासाराम व चेनारी विधानसभा सभा में आने वाले पांचों प्रखंडों के चौक-चौराहे, गांव की दीवारों, बिजली के खम्भे और निजी आवास पर लगे राजनीतिक बैनर पोस्टर हटाए जा रहे हैं। प्रशासन की टीम में सार्वजनिक स्थलों पर पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि यदि कोई राजनीतिक दल दोबारा बैनर पोस्टर लगता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मृतक के आश्रित को चार लाख रुपए का भुगतान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भारी वर्षा के कारण रोहतास जिला अंतर्गत डिहरी अंचल के पहलेजा पंचायत के देवरिया ग्राम में कच्चा मकान का दीवार गिरने से अनु राज उर्फ चंदा, पिता - उदय बैठा, उम्र -11 वर्ष की दब कर मृत्यु हो गए थी। जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार अंचल अधिकारी डिहरी अविनाश कुमार द्वारा मृतक के निकटतम आश्रित उनके पिता उदय बैठा को चार लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है।

# बिहार में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन न होने से भंगी समाज मर्माहत : मोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि काफी इंतजार के बाद बिहार में 'राज्य राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' का गठन न होने से लाखों भंगी समाज (मेहतर, डोम, वाल्मीकि एवं बासफोर) हुए मर्माहत। श्री राम ने बड़े ही अफशोस जाहिर करते हुए कहा है कि लगभग दो माह पूर्व जब बिहार में 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' का गठन हेतु कैबिनेट में मंजूरी मिला तो बिहार के भंगी समाज खुशी से झूम उठा, लोगों के चेहरे खिल उठे की अब बिहार का बदहाल भंगी समाज का अब अवश्य होगा कायाकल्प। नगर निगम, नगर पालिकाओं में ठीका प्रथा से कार्यरत कर्मचारियों के भाग्य उदय होगा। ठीकेदारी प्रथा समाप्त होगा और स्थायी नियुक्ति किया जायेगा, लेकिन राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन न होने से लाखों भंगी समाज के आशा/उम्मीद पर पानी फिर गया। न जाने कतिपय कारणवश कैबिनेट के मंजूरी के बाद भी राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन नहीं हो पाया, जो विचारणीय बात है। श्रीराम ने कहा है कि बिहार के लाखों भंगी समाज यह जानना चाहते हैं कि जब बिहार में दर्जनों आयोग का गठन हो सकता है तो जिस भंगी समाज ने समाज के गंदगियों को साफ करने का काम करता है, वैसे समाज के साथ बेइंसाफी क्यों किया गया।

# विधानसभा चुनाव एवं पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** आगामी विधानसभा चुनाव एवं पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर सोमवार को बेलाव थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा के नेतृत्व में पुलिस और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने थाना क्षेत्र के संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। जो खरेंदा, पूनाव, ताराव, सोनाव, हुंडरी, हुडरा सहित दर्जनों गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष चंद्रप्रभा ने बताया कि चुनाव एवं पर्व को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाने के लिए फ्लैग मार्च किया गया आगे भी किया जाएगा। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस हमेशा मुस्तैद रहेगी। लोगों को निडर होकर मतदान करने का संदेश दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि चुनाव को प्रभावित करने, अफवाह फैलाने या उपद्रव करने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन का लक्ष्य है कि पूरा मतदान शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न हो। मौके पर दर्जनों पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्रीय अर्ध्य सैनिक के सुरक्षाकर्मी शामिल रहे।

# मारपीट मामले में चार वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना पुलिस ने रविवार की रात चार वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि थाना कांड संख्या 65/2004 के एक मारपीट की मामले में न्यायालय ने वारंट निर्गत किया था जिसके तहत दरिहट गांव के अखिलेश महतो, राजेंद्र महतो, भरत महतो व रवि शंकर महतो को गिरफ्तार किया गया। सभी वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

**शपथ पत्र**

मैं अकलेश कुमार उर्फ अखिलेश कुमार पिता-बुधन पासी निवासी ग्राम- उल्ली पो. -दारानगर, थाना-नौहट्टा, जिला-रोहतास (बिहार) का निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से एल० आई० सी० का एक पॉलिसी नं.-513926176 है जिसमें मेरा नाम अखिलेश कुमार दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड मैं मेरा नाम अकलेश कुमार दर्ज है।

अकलेश कुमार एवं अखिलेश कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरा ही नाम है।

शपथपूर्वक बयान करता हूं कि सभी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

इस संबंध में नोटरी, डिहरी के समक्ष शपथ पत्र सं. 986 दिनांक -31.05.2025 को दाखिल किया जा चुका है।

शपथकर्ता
अखिलेश कुमार

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया महिला सशक्तिकरण का ऐतिहासिक शुभारंभ

## पूर्णिया समेत राज्यभर की 21 लाख महिलाओं को 2,100 करोड़ की राशि का अंतरण, आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में बढ़ा सशक्त कदम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पूर्णिया।** महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में राज्य सरकार द्वारा एक ऐतिहासिक पहल के रूप में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यभर की 21 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से कुल 2,100 करोड़ की राशि का अंतरण किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूर्णिया समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार भवन में आयोजित किया गया, जहाँ जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ,जीविका जिला परियोजना प्रबंधक ओमप्रकाश मंडल समेत 200 से अधिक जीविका दीदियाँ उपस्थित थीं।

राज्य सरकार की यह अभूतपूर्व पहल हर समुदाय, हर वर्ग और हर परिवार की महिला को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर करने की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत परिवार की एक महिला को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार की प्रारंभिक राशि दी जा रही है, जबकि आगे चलकर पात्रता के आकलन के बाद 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता का भी प्रावधान रखा गया है। महिलाओं को उनके मनपसंद रोजगार हेतु आवश्यक प्रशिक्षण की भी विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही, राज्य में सक्रिय 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1 करोड़ 40 लाख जीविका दीदियों की संगठनात्मक संरचना का सहयोग भी लाभुकों को मिलेगा। पूर्णिया जिले में अब तक 03 लाख 85 हजार से अधिक परिवारों को प्रति लाभुक 10 हजार की दर से कुल 03 अरब 85 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया जा चुका है। आगामी चरण में शेष पात्र परिवारों को भी योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण जिले के सभी 14 प्रखंड मुख्यालयों, 45 संकुल संघों और 2500 से अधिक ग्राम संगठनों में किया गया। वेबकास्ट के माध्यम से इस आयोजन को 3 लाख से अधिक जीविका दीदियों ने देखा व सुना। पूर्णिया जिले में इस योजना के अंतर्गत 26 सितम्बर को प्रथम चरण में 2 लाख 13 हजार 156, दूसरे चरण में 1 लाख 2 हजार 420 तथा तीसरे चरण में 75 हजार से अधिक परिवारों को लाभ दिया जा चुका है। महानंदा सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित महिलाओं— लाजिमी खातून, आरती कुमारी, अंजू सिन्हा, रीना देवी और तरन्नुम परवीन— ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता से शुरू किए गए अपने-अपने रोजगार की सफलता की कहानियाँ साझा कीं।योजना का मूल उद्देश्य महिलाओं को रोजगार और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित यह योजना राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में नई ऊर्जा का संचार कर रही है।

### 10 हजार रुपये की महिला सहायता

# दुर्गा पूजा में खर्च और अगली किश्त की चुनौती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ पहली राशि पूरी तरह अनुदान में मिली, लेकिन त्योहारी खर्च के कारण स्वरोजगार का उद्देश्य अधूरा, अगली किश्त ब्याज के साथ मिलने से महिलाओं की भागीदारी चुनौतीपूर्ण

**पूर्णिया।** सरकार ने महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उनके खातों में 10 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी। यह राशि स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से दी गई है। लेकिन वास्तविकता यह रही कि राशि वितरण दुर्गा पूजा के दौरान हुआ, और अधिकांश महिलाओं ने इसे त्योहारी खर्च—कपड़े, मिठाइयाँ और मेले की खरीदारी में लगा दिया।

इस कारण, जिस राशि से महिलाओं को स्वरोजगार की नींव रखनी थी, वह योजना के मूल उद्देश्य के बजाय उपभोग में समाप्त हो गई। योजना विशेषज्ञों का कहना है कि यदि राशि वितरण से पहले सर्वेक्षण और तैयारी की जाती, यह पता लगाया जाता कि कौन-सी महिलाएं स्वरोजगार में रुचि रखती हैं, और उन्हें मार्गदर्शन दिया जाता, तो परिणाम भिन्न होता।अब चर्चा यह है कि अगली किस्त लगभग 2 लाख रुपये की होगी और उसमें ब्याज जोड़ने की शर्त होगी। ऐसे में कई महिलाएं जो पहली राशि को त्योहारी खर्च में लगा चुकी हैं, यह सोच रही हैं कि अगली किस्त मिला भी तो वापस ब्याज सहित करनी होगी, इसलिए योजना में भागीदारी कम होने की संभावना है। वहीं, पहली राशि की 10 हजार रुपये पूरी तरह अनुदान के रूप में मिलने से उन्हें कम से कम एक अस्थायी लाभ जरूर हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि सशक्तिकरण केवल राशि देने से नहीं, बल्कि सही दिशा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के साथ किया जाना चाहिए। यदि अगली किस्त के लिए महिलाओं को पूर्व तैयारी, समूह आधारित मॉडल और रोजगार परामर्श दिया जाए, तो यह राशि वास्तविक स्वरोजगार और आर्थिक स्वतंत्रता का आधार बन सकती है।

# सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर जिलेभर में ज्वेलरी शॉपों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत के निर्देश पर पूर्णिया पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित ज्वेलरी शॉपों का व्यापक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस टीमों ने दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, गार्ड की मौजूदगी और मूल्यवान आभूषणों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान दुकानदारों को सजगता बरतने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के साथ-साथ व्यापारी वर्ग में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूती मिल सके।

# विकास का नया अध्याय : पूर्णिया में 73 सड़कों का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## विधायक विजय खेमका बोले- गांव से शहर तक बदलेगी तस्वीर



**पूर्णिया।** सदर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास की नई पटकथा लिखी जा रही है। गांवों से लेकर शहर तक सड़क निर्माण की दिशा में एक साथ 73 नई सड़कों का शिलान्यास किया गया। विधायक विजय खेमका ने हरदा स्थित शिव मंदिर चौक पर ग्रामीण कार्य विभाग की 16 सड़कों और नगर निगम क्षेत्र के बक्साघाट पर मुख्यमंत्री शहरी समग्र योजना के तहत 59 सड़कों का उद्घाटन कार्यकताओं व स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत तरीके से हुआ। स्थानीय महिलाओं ने श्रीफल तोड़कर कार्य की शुरूआत की और उत्साहपूर्वक इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनीं। विधायक ने बताया कि ईस्ट ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली पंचायतों में मरम्मतीकरण हेतु प्रस्तावित 16 सड़कों की कुल लंबाई लगभग 30 किलोमीटर होगी, जिन पर 14 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जाएगी। वहीं, शहर के विभिन्न वार्डों में बुडको द्वारा निमार्णाधीन 59 सड़कों की लंबाई करीब 14 किलोमीटर है, जिसकी अनुमानित लागत 27 करोड़ रुपये तय की गई है। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा के हर कोने में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। एनडीए सरकार की प्राथमिकता है कि गांव की गलियों से लेकर शहर की सड़कों तक आमजन को सुविधाएं मिलें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में योजनाओं का लाभ अब घर-घर तक पहुंच रहा है। इसी अवसर पर विधायक ने बस स्टैंड के सामने कपूर्री ठाकुर स्मारक, आरएन साह चौक के पास वीर कुंवर सिंह स्मारक, तथा पक्की तालाब स्थित मत्स्य विभाग परिसर में मछुआ समुदाय के लिए बने पक्के भवन का उद्घाटन भी श्रीफल तोड़कर किया। विकास की इसी कड़ी में, माघी कॉलोनी क्षेत्र में लाल कोठी से छठ पोखर मार्ग तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास भी स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। विधायक ने कहा कि 'पूर्णिया का स्वरूप अब बदल रहा है। सड़कें ही विकास की धमनियां हैं, और जब ये मजबूत होंगी, तो हर क्षेत्र में प्रगति का प्रवाह स्वतः दिखाई देगा।'

स्थानीय निवासियों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र की दशा और दिशा दोनों बदलेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ भाजपा एवं एनडीए गठबंधन के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रमुख रूप से वीरेंद्र सिंह, भानु देवी, बमबम झा, विमल मंडल, विजय दास, गणेशी शाह, सदानंद पासवान, प्रदीप शाह, गोपाल सिंह, सोनू सिंह, रितेश सिंह, दिनकर स्नेही, मनोज सिंह, पंकज कुमारी, करुणा झा, देवी सिंह, सरिता राय, रिंकू और नवल राय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण योजना

# खाता अपडेट न होने से विकास बाधित, वार्ड सदस्य संघ ने जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**केनगर/पूर्णिया।** मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली एवं सड़क पक्कीकरण निश्चय योजना के सुचारू क्रियान्वयन को लेकर वार्ड सदस्य संघ ने प्रशासन पर दबाव बढ़ा दिया है। प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार कुशवाहा ने केनगर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि वार्ड क्रियान्वयन और प्रबंधन समिति का खाता अभी तक अपडेट नहीं हुआ है, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। सौराहा गाँव निवासी सह वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार कुशवाहा ने बताया कि बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश (जिला पंचायती राज पदाधिकारी के पत्रांक-1730, दिनांक 22 सितम्बर 2025) के अनुसार यह योजना वार्ड स्तर पर प्रबंधन समिति के माध्यम से लागू की जानी थी। परंतु खाता अपडेट न होने के कारण योजनाओं का सही क्रियान्वयन फिलहाल ठप पड़ा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले खाता अपडेट कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि ग्रामवासियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँच सके और विकास कार्य बाधारहित ढंग से हो। मंटू कुमार ने कहा कि खाता अपडेट होने पर न केवल योजना का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा, बल्कि वार्ड विकास की गति भी तेज होगी।

# लागू हुई आदर्श आचार संहिता, जिलाधिकारी ने चुनावी तैयारियों का पूरा खाका किया पेश

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्णिया जिला सहित पूरा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता सोमवार की संध्या से पूरी तरह प्रभावी हो गई है, यह जानकारी जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने आगामी 11 नवंबर के दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का विस्तृत विवरण साझा करते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह से चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाने के लिए तत्पर है। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्णिया की सात विधानसभा सीटों पर कुल 20,85,087 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# जर्जर सड़क व जलजमाव से परेशान लोगों ने किया सड़क जाम, विधायक के खिलाफ नारेबाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## सड़क मरम्मत नहीं होने पर विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार की दी चेतावनी



**चम्पानगर/ पूर्णिया।** रविवार की सुबह नगर पंचायत चम्पानगर से सटे बनमनखी प्रखंड के बहोरा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-18 के मसुरिया पूर्व गाँव में लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गाँव के टीवीएस और होंडा बाइक शोरूम के सामने कचहरी बलुआ से केनगर जाने वाली मुख्य सड़क की बदहाली और लगातार जलजमाव से त्रस्त ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विधायक कृष्ण कुमार ऋषि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से गड्ढा नुमा हो चुकी है। जगह-जगह जलजमाव होने से आए दिन छोटे-बड़े हादसे घटित हो रहे हैं। इसके बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी अब तक मूकदर्शक बने हुए हैं। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र इस जर्जर मार्ग की मरम्मत एवं जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने को विवश होंगे। विरोध प्रदर्शन में शामिल कन्हैया लाल यादव, ललन यादव, राजीव कुमार, रंजीत कुमार यादव सहित दर्जनभर ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़क के कारण ई-रिक्शा, टेंपो और बाइक सवार आए दिन गड्ढों में फंसकर घायल हो रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द सड़क के जीर्णोद्धार और स्थायी जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

# शरद पूर्णिमा की अमृतमयी रात में नहाया शहर श्रद्धा और उत्साह से भक्ति में लीन रहे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बीते 6 अक्टूबर की रात शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूर्णिया शहर का माहौल भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। हर ओर धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक उमंग का वातावरण बना रहा। लोगों ने पूरे मनोयोग से इस रात का व्रत रखा, चंद्रदेव की आराधना की और खुले आकाश तले अमृतमयी चांदनी में साधना व ध्यान किया।

शहर से लेकर गांव तक के अधिकांश मंदिरों और घरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना की तैयारियां चल रही थीं। जैसे ही रात में पूर्णिमा का चांद अपनी सोलह कलाओं से युक्त होकर आसमान में उदित हुआ, श्रद्धालु आंगन, छतों और मंदिर प्रांगणों में इकट्ठा होकर चंद्रदेव की आरती करने लगे। घर-घर में खीर बनाकर खुले आकाश तले रखने की परंपरा निभाई गई। बच्चों और बड़ों, सभी में इस पारंपरिक रिवाज को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। अमृतमयी किरणों के स्पर्श से खीर को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है, जिसे श्रद्धालुओं ने अगले दिन प्रसादस्वरूप ग्रहण किया।कई श्रद्धालु इस रात ध्यान, जप और साधना में लीन रहे। शहर के कई स्थानों पर सामूहिक भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों की ध्वनि वातावरण में गूंजती रही।

# भाजपा ने आगामी विस चुनाव को लेकर तेज की रणनीतिक तैयारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय का पूर्णिया में हुआ भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ गुंजा बेगानी ने अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मान, दोनों नेताओं में चुनावी रणनीति पर हुई विस्तृत चर्चा



**पूर्णिया।**आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी तैयारियों को नई दिशा और धार देने की शुरूआत कर दी है। पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ता अब मिशन 2025 को लेकर पूरी तरह सक्रिय मोड में हैं। इसी क्रम में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय का पूर्णिया आगमन पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा और उत्साह का संदेश लेकर आया।

पूर्णिया के गुलाबबाग स्थित माय फेयर होटल में उनके आगमन पर भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष गुंजा बेगानी ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। यह सम्मान समारोह न केवल संगठन की एकजुटता और अनुशासन का प्रतीक बना, बल्कि महिला नेतृत्व की सशक्त उपस्थिति को भी रेखांकित करने वाला अवसर साबित हुआ। सम्मान के उपरांत दोनों नेताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक मजबूती, कार्यकताओं की सक्रियता, महिला सशक्तिकरण और मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति पर सार्थक और गहन विचार-विमर्श हुआ। इस चर्चा में यह बात प्रमुखता से सामने आई कि भाजपा की असली शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं और संगठन की सामूहिक शक्ति ही चुनावी सफलता की नींव रखती है।

# पूर्णिया एयरपोर्ट का विकास : समय रहते समीक्षा आवश्यक : सामाजिक कार्यकर्ता

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार श्रीवास्तव ने पूर्णिया एयरपोर्ट के विकास और सुचारू संचालन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है और जिला पदाधिकारी से उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाने की मांग की है। श्रीवास्तव ने अपने पत्र में एयरपोर्ट की वर्तमान स्थिति, बुनियादी ढांचे की कमियों और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने योग्य कदमों पर ध्यान देने का आग्रह किया है।पत्र में बताया गया है कि बिहार सरकार और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के बीच 5 जून 2023 को सिविल एंक्लेव निर्माण के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षरित होने के बावजूद एन.एच. 31 से फोरलेन सड़क की कनेक्टिविटी अभी तक पूरी नहीं हुई है।

# अमौर में बाढ़ और कटाव की भयावह स्थिति, 40 से अधिक परिवार विस्थापित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/पूर्णिया।** पिछले कई दिनों नेपाल और अमौर प्रखंड में लगातार हो रही अतिवृष्टि ने कनकई, परमान, दास और महानंदा नदियों के जलस्तर को डेंजर लेवल से ऊपर धकेल दिया है। निचले इलाकों में पानी तेजी से फैल रहा है और इस आपदा ने स्थानीय निवासियों की जिन्दगी अस्तव्यस्त कर दी है।

विशेष रूप से सीमलबाड़ी नगरा टोल के लगभग 40 से 50 परिवार बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। नदी कटाव ने गांव के अस्तित्व को सीधे खतरे में डाल दिया है। कटाव प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में पहले ही दस से अधिक परिवारों के घर कनकई नदी में बह चुके हैं और अब 40 अन्य परिवारों के घर कटाव की जद में हैं।

ग्रामीण भय और असुरक्षा के बीच अपने आशियानों को छोड़कर सुरक्षित ठिकानों की तलाश में हैं। कटाव पीड़ितों का आरोप है कि न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनकी कोई सुध ली है और न ही प्रशासनिक स्तर पर राहत एवं बचाव के प्रयास किए गए हैं।

बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण विभाग की उदासीनता ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। विस्थापित परिवारों ने मदरसा, प्रधानमंत्री सड़क और स्कूलों में अस्थायी आश्रय लिया है, लेकिन सरकारी राहत का इंतजार अभी जारी है। कटाव से प्रभावित मुख्य परिवारों में शमशुल, नौशाद, शमशाद, मन्नान, नोमान, रकीब, आलमगीर, तबरेज हसीब, ताहिर और परवेज कामिल शामिल हैं।

ग्रामीणों ने अमौर अंचल प्रशासन से आपदा अनुग्रह अनुदान, भूमिहीन परिवारों के लिए जमीन और आवास योजना की तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। यह आपदा न केवल बाढ़ के पानी से बल्कि प्रशासनिक उदासीनता से भी खतरे को और बढ़ा रही है, और हजारों लोगों की जिंदगी पर सीधा असर डाल रही है।

# पूर्णिमा की पावन रात में घर-घर जली आस्था की लौ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## बंगाली समुदाय ने पूरे विधि-विधान और परंपरा से मनाई लक्खी पूजा

**पूर्णिया।** श्रद्धा, भक्ति और उजियारे की पावन लहरों में डूबे जिलेभर में सोमवार की पूर्णिमा की रात लक्खी पूजा पूरे उल्लास, उत्साह और आस्था के साथ मनाई गई। बंगाली समुदाय के घर-घर में मां लक्ष्मी की आराधना पूरे विधि-विधान से की गई। हर गली-मोहल्ला दीपों की रौशनी से जगमगा उठा। वातावरण में शंखनाद, आरती और भक्ति गीतों की गूंज से ऐसी पवित्रता घुली कि मानो साक्षात देवी लक्ष्मी हर घर की चौखट पर विराजमान हों।

इस दिन का विशेष महत्व बंगाली समाज के लिए इसलिए भी है क्योंकि उनकी गहरी आस्था है कि पूर्णिमा की इस पवित्र रात में मां लक्ष्मी स्वयं धरती पर अवतरित होती हैं और जिन घरों में स्वच्छता, शुद्धता और सच्ची श्रद्धा का वास होता है, वहां स्थायी रूप से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।



घर-घर सजी भक्ति की थाली दीपों से नहाया आंगन

सुबह से ही पूजा की तैयारी में जुटे लोगों के चेहरे पर भक्ति का तेज साफ झलक रहा था। दिनभर सफाई-सज्जा के बाद शाम होते ही घरों के आंगन, छत और पूजा स्थल दीपों की रौशनी से जगमगाने लगे। घरों में चावल, केले, नारियल, दूध, और विविध पकवानों से भोग सजाए गए। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में विधि-विधान से मां लक्खी का पूजन किया।पूजन के बाद आरती और कथा-पाठ के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि मां लक्खी केवल उन घरों में स्थायी रूप से निवास करती हैं जहाँ मेहनत, पवित्रता और सच्ची नीयत का वास होता है। यही कारण है कि बंगाली समुदाय इस रात घरों को दीपों से आलोकित करते हुए मां को आमंत्रित करते हैं — 'मां लक्खी, आयो गो, आमार बारी ते थाको गो।'

### पूर्णिमा की रात में उमड़ा विश्वास झलकी परंपरा

पूर्णिमा की यह रात्रि बंगाली संस्कृति के लिए सिर्फ धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। मान्यता है कि इस रात लक्ष्मी का पूजन करने से न केवल आर्थिक समृद्धि आती है, बल्कि घर-परिवार में शांति, सौहार्द और मंगल की ऊर्जा बनी रहती है।

पूरे जिले में इस अवसर पर भक्ति और उल्लास का वातावरण रहा। हर घर दीपों की रौशनी से नहाया, हर मन में आशा की लौ जली। बड़े-बुजुर्गों ने परंपरा का पालन करते हुए भावी पीढ़ी को आस्था की शक्ति का संदेश दिया।

### परंपरा से जुड़ी पहचान

लक्खी पूजा बंगाली समाज की जीवंत परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह त्यौहार सिखाता है कि समृद्धि का मार्ग केवल पूजा-अर्चना से नहीं, बल्कि स्वच्छता, निष्ठा और श्रम के सम्मान से होकर गुजरता है। इसी विश्वास के साथ जिलेभर में पूर्णिमा की पवित्र रात श्रद्धा, दीप और भक्ति की उजास से नहा उठी।

# औरंगाबाद में सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के बीच होगा चुनाव : डीएम

## किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने को लेकर प्रशासन सख्त, पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तथा भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए औरंगाबाद जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जाएंगे। चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आज से आदर्श आचार सहित लागू हो गयी है। सोमवार की शाम जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए है। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने कहा कि आधुनिक टेक्नोलॉजी, सख्त निगरानी और व्यापक तैयारियों के साथ इस बार का चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रहा है। चुनाव आयोग लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



औरंगाबाद में 13 अक्टूबर से नामांकन, मतदान 11 नवंबर को

### हजारों की संख्या में केंद्रीय व राज्य पुलिस बलों की होगी तैनाती

इसके लिए हजारों की संख्या में केंद्रीय व राज्य पुलिस बलों की तैनाती की जायेगी। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों की चौकसी चप्पे-चप्पे पर रहेगी। विशेष रूप से संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा बलों के आवास व ठहराव के लिए विभिन्न स्थलों पर व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में आने-जाने वाले हर व्यक्ति और वाहन की सघन जांच की जा रही है। शराब तस्करी, हथियारों की सप्लाई और नकदी के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो चुकी हैं।

### फेक न्यूज पर भी रखी जाएगी कड़ी नजर

चुनाव में हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही फेक न्यूज पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर अगर कोई ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी। हर हाल में विधि व्यवस्था कायम रखने और कहीं किसी असामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी करने की सूचना मिलने पर सख्ती बरतते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के संवेदनशील बूथों पर खास व्यवस्था की जायेगी। 100 प्रतिशत बूथों पर वेबकास्टिंग की जाएंगी ताकि सभी बूथों पर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो।

### 2279 बूथों पर होगा मतदान

जिले में कुल 2279 बूथ केंद्र बनाए गए है। महिलाओं के लिए पिंक बूथ बनाए जाएंगे, जहां केवल महिला कर्मचारी तैनात होंगी, वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, व्हीलचेयर और वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान के दौरान मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था प्रत्येक पोलिंग स्टेशन के बाहर होगी ताकि किसी तरह की बाधा या गड़बड़ी न हो। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिला में निर्वाचन की घोषणा के साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 163 लागू हो गयी है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में 24 घंटे के अंदर सरकारी कार्यालय, 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थानों एवं 72 घंटे के अंदर प्राइवेट स्थानों से पोस्टर, बैनर, दिवार लेखन इत्यादि हटाया जायेगा। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले के सभी छह विधानसभा सीटों पर द्वितीय चरण में मतदान होगा।

### 13 अक्टूबर को जारी होगी अधिसूचना

अधिसूचना जारी किए जाने की तिथि 13 अक्टूबर, नाम निर्देशन पत्र दाखिल किय जाने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 21 अक्टूबर अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर एवं मतदान की तिथि 11 नवंबर है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जन सुराज पार्टी ने किया आमसभा का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवम मैरिज हॉल में जन सुराज पार्टी के ओबरा विधानसभा क्षेत्र के संस्थापक सदस्य व कार्यकर्ताओं की आमसभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शशि भूषण गौतम एवं संचालन ओबरा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी कुमार राजेश ने किया। मुख्य वक्ता जन सुराज पार्टी के चुनाव अभियान समिति के प्रदेश संयोजक सुधीर शर्मा, जिला प्रभारी उपेंद्रनाथ वर्मा, अभिमन्यु शर्मा, अरमान खान, भगवान सिंह, अजीत कुमार यादव, डॉक्टर फजलुर रहमान, सत्येंद्र यादव, उषा शरण, विकास कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह आदि ने जन सुराज पार्टी के संस्थापक व सूत्रधार प्रशांत किशोर के बेहतर बिहार व विकसित बिहार निर्माण के संबंध में उनके नीतियों, विचारधारा, संकल्पो, कार्यकलापों व गतिविधियों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि बदहाल बिहार को खुशहाल करने का बिहार विधानसभा चुनाव एक स्वर्णिम अवसर है। ओबरा विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी नंदकिशोर यादव व अभिमन्यु शर्मा ने आमजनों से बिहार बदलाव के लिए जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी को स्कूल के बस्ता छाप चुनाव चिन्ह पर मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में व्यास राम, नरेंद्र कुमार राम, युगल किशोर पांडेय, विजेंद्र कुमार कवि, मनीष कुमार, खुर्शीद आलम सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ओवरब्रिज के समीप जाम से बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर में सड़क जाम की समस्या नासूर बनती जा रही है। जाम की समस्या के निदान के लिए शहर में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की है, बावजूद जाम की समस्या का निपटारा नहीं हो रहा है। जाम की समस्या इतनी गंभीर है कि नागरिक इस पथ से जाने से कतराने लगे हैं। यहां पूरे दिन शहरवासी जाम की समस्या से जूझते रहते हैं। शहर के ओवरब्रिज के समीप जाम की समस्या अत्यंत गंभीर रहती है। सड़क पर दुकान लगने एवं किनारे दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के खड़े होने से समस्या गंभीर होती जा रही है। फुटपाथी दुकानदारों के कारण हर दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है। अधिकारियों की चेतावनी के बावजूद दुकानदार सड़क किनारे दुकान लगा रहे हैं। प्रशासनिक उदासीन रवैये के कारण सड़क किनारे अतिक्रमणकारियों का



बोलबाला है। उन्हें प्रशासन का जरा सा भय नहीं है। यहां बड़ी वाहनों के प्रवेश पर रोक है। बावजूद वाहनें आती-जाती है। सड़क पर नागरिक वाहन खड़ा कर दुकान में घंटों खरीदारी करते रहते हैं। रामाबांध निवासी प्रदीप कुमार, अमित कुमार ने कहा कि यहां प्रतिदिन इसी तरह से जाम लगती है। बताया कि व्यवहार न्यायालय में उन्हें तारीख पर जाना है परंतु जाम इतनी है कि देर हो रही है। जाम के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर टेंपो चालक खड़ी कर सवारियों का इंतजार करते हैं जिससे अधिक जाम लगती है। यही हाल मुख्य बाजार का है। वहीं जामा मस्जिद से लेकर सब्जी बाजार तक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके प्रति न तो नगर परिषद और न हीं जिला प्रशासन गंभीर है। स्थिति यह है कि सुबह होते ही सड़क पर दुकानें सज जाती है। सड़क पर दुकान लगने से जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। जाम से जूझना नागरिकों की नियति बन गई है।

# ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ डिहरा व तेजपुरा सहित विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकलते हुए दाउदनगर-बारून पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया। थानाध्यक्ष ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता अब लग गया है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकालकर मतदाताओं में बेहतर संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपील करते हुए मतदाताओं से कहा कि क्षेत्र में अब लगातार पुलिस भ्रमण करेगी तथा शरारती तत्व के लोगों पर पैनी नजर रखेगी। धांधली करने वाले व्यक्ति बख्से नहीं जाएंगे। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि वाहन चलाने के दौरान संबंधित दस्तावेज रखना तथा हेलमेट लगाना अनिवार्य है।

# भागवत कथा सुनने को मिलना सौभाग्य की बात : कृष्णप्रपन्नाचार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के श्रीकृष्ण नगर में आयोजित यज्ञ के तीसरे दिन स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य जी ने प्रवचन करते हुए भागवत कथा के दशम स्कंद की व्याख्या की। इस क्रम में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। व्यास पीठ से प्रवचन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर धरती पर धर्म की स्थापना की। उन्होंने कई प्रसंगों से जोड़कर इसकी रोचक व्याख्या की। भागवत के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी



के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। व्यास पीठ से स्वामी जी ने रामकथा का संक्षेप में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार लिया। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर समूचा पंडाल खुशी से झूम उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे के साथ माहौल भक्तिमय कर दिया। कथा सुनने के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। यज्ञ कमिटी के सदस्य श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ख्याल रख रहे हैं। अध्यक्ष रामानुज शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

# जयप्रकाश उच्च विद्यालय की संबद्धता बहाल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय जांच प्रतिवेदन के समीक्षा उपरांत रफीगंज प्रखंड के लुक्का गढ़ स्थित जयप्रकाश उच्च विद्यालय, विद्यालय कोड 83059 संबद्धता उप विधि 2011 यथा संशोधित 2013 में उल्लेखित मापदंडों को पूरा कर दिया है। ऐसे में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना ने विद्यालय का निलंबन वापस लेते हुए संबद्धता पुनर्बहाल का पत्र प्रेषित कर दिया है। इस पत्र प्राप्ति के बाद विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में खुशी लहर दौड़ गई है। इसके लिए उन्होंने बिहार सरकार को आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय को सत्र 2017-2018, 2018-2019 का अनुदान राशि भी प्राप्त हो चुका है। पत्र मे दिए गए निर्देश के अनुसार इन सत्रों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को अनुदान राशि का भुगतान चेक द्वारा कर दिया गया।

# 'पहले मतदान फिर जलपान' का नारा किया बुलंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता गेट स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया। यह आयोजन आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं लोकतंत्र में मतदान की गरिमा एवं महत्व को स्पष्ट करना था। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उत्साह और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना लक्ष्य रहा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और इस अवसर पर वोट देने के अधिकार एवं उसके महत्व को समझा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी




द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व और लोकतंत्र में उनकी भूमिका के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेरा वोट, मेरा अधिकार, मतदान जरूर करेंगे हम के प्रेरक नारों के साथ एक विशेष सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया, जहां उपस्थित छात्र-युवतियों ने उत्सव का आनंद लेते हुए सेल्फी लेकर मतदान की जागरूकता संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर छात्र-युवाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर 'खेलेगा औरंगाबाद, वोट करेगा औरंगाबाद, खेल का अलख जलाएंगे, लोकतंत्र को वोट से सजाएंगे, वोट दो ईमानदारी से, चुनो नेता जिम्मेदारी से' जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश प्रकट किया। जिला खेल स्वीप आइकॉन खुशी कुमारी ने कहा कि छात्र-युवक लोकतंत्र के सारथी हैं। उन्होंने उपस्थित छात्र-युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांव एवं मोहल्लों में जाकर आम जनमानस को मतदान प्रक्रिया एवं उसके महत्व के विषय में जानकारी दें और देश के आदर्श विद्यार्थी होने का कर्तव्य निभाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान प्रतिशत का कम होना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है, इसलिए अपने अभिभावकों को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएं जिससे इस बार बंपर मतदान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ल्लपहले मतदान फिर जलपान, चाहे जो भी हो मजबूरी वोट देना बहुत ज़रूरीङ्क जैसे नारों के माध्यम से युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# औरंगाबाद के जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी प्रशांत कुमार(52) का अचानक हृदयगति रूकने से निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। मुंबई स्थित कैंसर संस्थान में उनका इलाज चल रहा था। सोमवार की सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रशांत मूल रूप से पटना के कंकड़बाग इलाके के रहने वाले थे। वे पिछले 8 वर्षों से औरंगाबाद में सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। काफी संख्या में समाहरणालय में कार्यरत कर्मी अस्पताल पहुंचे। परिजनों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया। सदर अस्पताल में मृतक के बड़े पुत्र पुष्कर नारायण ने बताया कि करीब 2 वर्ष पहले माउथ कैंसर का पता चला था। इसके बाद लंग्स भी प्रभावित हो गया। पिछले साल सितंबर माह में उनका ऑपरेशन कराया गया था। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अपने दायित्वों के साथ-साथ निर्वाचन कार्य को दें प्राथमिकता : श्रीकांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन- 2025 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा हेतु एक उच्चस्तरीय बैठक समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्यों की समुचित तैयारी एवं आदर्श आचार संहिता लागू होने की स्थिति में किए जाने वाले आवश्यक कार्यों के संबंध में सभी पदाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, नगर निकाय पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले के अंतर्गत सभी सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स तथा अन्य प्रचार सामग्रियों को तत्काल हटवा दिया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी सार्वजनिक स्थल, भवन या बिजली के खंभों पर सरकारी या राजनीतिक विज्ञापन प्रदर्शित न रहे। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि आचार संहिता लागू होने के उपरांत प्रचार सामग्रियों को हटाने के कार्य की निगरानी हेतु विशेष निगरानी टीमों का गठन किया जाए, जो प्रतिदिन स्थल निरीक्षण कर अनुपालन की स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती एवं अवसान




स्थल की तैयारी, आवास व्यवस्था, परिवहन, संचार सुविधा एवं सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व पूर्ण कर ली जाएं ताकि किसी प्रकार की प्रशासनिक कठिनाई न उत्पन्न हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित सभी कोषांगों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई जिनमें नामावली कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, परिवहन कोषांग, सामग्री प्रबंधन कोषांग, आईटी कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, संचार कोषांग, स्वीप कोषांग कार्मिक कोषांग एवं अन्य शामिल थे। उन्होंने सभी नोडल पदाधिकारियों को अपने-अपने कोषांग की कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्यों की प्रगति पूर्णतः समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन कार्य जिला प्रशासन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन जैसे दायित्वपूर्ण कार्य का निर्वहन टीम भावना, निष्ठा, तत्परता और पारस्परिक समन्वय से ही संभव है। अतः सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ करें ताकि औरंगाबाद जिला में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093